खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 15°C

नई दिल्ली, गुरुवार 2 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 359 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 13 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फॉर्मर रजिस्ट्री से जुड़ेगा हर किसान पेज 2



श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना खेल टाइम्स



हिन्दू पहचान बनाम क्षेत्रीय विकास मुकाबला, किसकी होगी जीत सम्पादकीय



ईरान जंग में शामिल हो सकता है यूएई पेज 12

# स्कूल बस की टक्कर से पिता व दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**तितावी (मुजफ्फरनगर)।** बुधवार दोपहर को एक भीषण सड़क हादसे में पिता और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ है। हादसे में एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। हादसे के वक्त बस में स्कूली छात्राएं मौजूद थी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर बस को लेकर खेत में घुस गया, जहां लोगों ने उसे पकड़ लिया। हादसा तितावी थाना क्षेत्र में हैदरनगर जलालपुर गांव पुल के पास हुआ।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव हैदरनगर-जलालपुर निवासी महिपाल उर्फ पापन (40) पुत्र प्रकाश कश्यप बुधवार दोपहर डेढ़ बजे के लगभग अपनी पत्नी पूनम और 5 साल के बेटे अभि और 8 साल की बेटी राधिका के साथ बघरा स्थित दुर्गा माता मंदिर पर लगने वाले चौदस के मेले के दौरान पूजा करने जा रहे थे। जब उक्त बाइक सवार गांव से आधा किलोमीटर चले ही थे कि इसी बीच तेजी -शेष पृष्ठ दो पर





**पत्नी गंभीर रूप से घायल, बाइक पर सवार होकर पूजा करने जा रहा था परिवार, बस चालक गिरफ्तार**

# अमेरिकी सैनिक दो-तीन हफ्ते में ईरान छोड़ देंगे

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव अब भी चरम पर है।

इसी उग्र हालात के बीच अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ईरान में चल रहा अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन बहुत जल्द खत्म कर दिया जाएगा। अपने बयान में ट्रम्प ने आगे कहा कि अगले दो से तीन हफ्तों के अंदर अमेरिकी सेना वहां से निकल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से तेल और गैस लेने वालों अन्य देशों जैसे फ्रांस या चीन को अब खुद संभालना होगा। अमेरिका वहां किसी और चीज में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कट्टर और खतरनाक लोगों को नष्ट कर दिया और क्षेत्र अब अपेक्षाकृत सुरक्षित है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार ईरान के साथ बातचीत भी कर रही है, लेकिन -शेष पृष्ठ दो पर



**ईरान में चल रहा अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन बहुत जल्द खत्म कर दिया जाएगा, एक माह से जारी जंग के बीच आया ट्रम्प का बयान**

## ब्रिटेन ने भी छोड़ा ट्रम्प का साथ, होर्मुज स्ट्रेट पर बुलाई 35 देशों की बैठक

**लंदन।** पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में सुलग रहा है। इजरायल और अमेरिका ने मिलकर सबसे पहले ईरान पर हमला किया। बदले में ईरान ने आसपास के सभी दुश्मन देशों को निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों से मदद की अपील की, लेकिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ईरान युद्ध में शामिल न होने के अपने रुख पर अडिग हैं। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी संग्रह मार्च में 8.8% बढ़कर दो लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च 2026 में सालाना 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2,00,064 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह में एक साल पहले के मुकाबले 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 22,27,096 करोड़ रुपये हो गया। मार्च के जीएसटी संग्रह में घरेलू राजस्व का योगदान 1,46,202 करोड़ रुपये रहा। इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आयात पर जीएसटी से प्राप्त राजस्व 17.8 फीसदी बढ़कर 53,861 करोड़ रुपये पर रहा। जीएसटी के तहत मार्च में 22,074 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया जिससे शुद्ध राजस्व संग्रह 1,77,990 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### यूपी में तेज बारिश, ओले भी गिरे

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे। उधर मप्र में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी। राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।

### गांदरबल मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने कल रात से जारी मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकी को मार गिराया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना के अनुसार यह आतंकवादी गांदरबल के अराहामा इलाके में मंगलवार शाम को शुरू किए गए एक अभियान के दौरान मारा गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर बताया, 31 मार्च की रात को, रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच घेराबंदी को रणनीतिक रूप से फिर से व्यवस्थित किया गया। हमारे जवानों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकी मारा गया। अभियान अभी भी जारी है। मारे गए आतंकवादी की पहचान और वह किस संगठन से जुड़ा था, इसकी जानकारी तुरंत नहीं मिल पाई है।

# बंगाल में एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## शीर्ष अदालत ने कहाः ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए

**60 में से 47 लाख आपत्तियों का हुआ निपटारा, हाईकोर्ट ने दी जानकारी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए, ताकि वे मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने से जुड़े मामलों का निपटारा कर सकें। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार 100 प्रतिशत नाम शामिल करने या हटाने की मांग कर सकते हैं।

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि मंगलवार तक 60 लाख में से 47 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अदालत को बताया गया कि हर दिन करीब 1.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है और 7 अप्रैल तक सभी आपत्तियों का निपटारा कर लिया -शेष पृष्ठ दो पर

### भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवादः सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई सर्वे से संबंधित याचिकाओं पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम पक्ष अपनी सभी शिकायतों और साक्ष्यों की मांग को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का रुख करे। मामले को लेकर वकील विष्णु शंकर जैन ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भोजशाला मामले के संबंध में, आज मौला कमालुद्दीन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) दायर की गई थी। इस याचिका में मुख्य मांग यह थी कि एएसआई सर्वे के संबंध में 11 मार्च, 2024 के कोर्ट के आदेश के पालन में की गई वीडियोग्राफी की एक कॉपी उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए।



### CISF अफसर की बर्खास्तगी मामले में केंद्र को फटकार 25 हजार का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक सीआईएसएफ अफसर की बर्खास्तगी से जुड़े मामले में केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि इस मामले में केंद्र की अपील गैरजरूरी थी और उस पर 25 हजार का जुर्माना लगाया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अधिकारी को दी गई सजा अनुपातहीन थी। कोर्ट ने उसे राहत देते हुए बैक वेज देने का भी आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि सरकार सबसे बड़ी मुकदमेबाज है और जब हाईकोर्ट ने राहत दे दी थी, तो सुप्रीम कोर्ट आने की जरूरत नहीं थी। मामले में सीआईएसएफ अधिकारी पर 11 दिन ड्यूटी से अबसेंट रहने और अपने भाई के साथ एक महिला के भागने में मदद करने के आरोप थे। हालांकि हाईकोर्ट ने पाया कि अधिकारी मेडिकल लीव पर था और महिला ने भी कहा कि उसे कोई शिकायत नहीं है।

# LIC को 3750 करोड़ का नुकसान पहुंचाने में अनिल अंबानी की कंपनी पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, इसके प्रमोटर अनिल अंबानी और कुछ अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। यह मामला भारतीय जीवन बीमा निगम को कथित तौर पर 3,750 करोड़ रुपये का गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है।

यह जांच ऐसे समय में शुरू हुई है जब अनिल अंबानी पहले से ही कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ भारी धोखाधड़ी के मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों के बयान के अनुसार, यह नया मामला एलआईसी की ओर से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। इसमें साजिश, धोखाधड़ी, पैसों की हेराफेरी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरकॉम और उसके प्रबंधन ने कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिसंपत्ति कवर के बारे में झूठे दावे किए। इन भ्रामक जानकारियों के आधार पर एलआईसी को 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर खरीदने के लिए धोखे से प्रेरित किया गया। एलआईसी की यह शिकायत बीडीओ इंडिया एलएलपी की ओर से 15 अक्टूबर, 2020 को की गई एक फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित है। इस रिपोर्ट में कंपनी के वित्तीय संचालन में कई गंभीर गड़बड़ियों को उजागर किया गया है। बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुटाए गए धन का दुरुपयोग किया गया और सहायक कंपनियों के माध्यम से इसकी हेराफेरी की गई। शेल संस्थाओं और इंटर-कंपनी डिपॉजिट्स के जरिये धन को सुनियोजित तरीके से बाहर निकाला गया। फर्जी बिलों की छूट, फर्जी देनदारों का निर्माण और फिर उन्हें बट्टे खाते में डालने जैसे कदम उठाए गए। सुरक्षा परिसंपत्तियों को बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया, जिससे कंपनी की संपत्ति और उन पर लगाए गए प्रभार के बीच भारी अंतर पैदा हो गया। इस पूरे मामले का प्रभाव केवल एलआईसी तक सीमित नहीं है, बल्कि देश का व्यापक बैंकिंग सेक्टर भी इसके दायरे में है। सीबीआई ने इससे पहले आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ बैंकों से धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई 11 बैंकों के उस कंसोर्टियम का प्रमुख बैंक है, जिसने अनिल अंबानी समूह को कर्ज दिया था। 2013-17 के दौरान समूह की संस्थाओं के बीच जटिल लेन-देन के जरिये लोन फंड्स का डायवर्जन किया गया। 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कुल 19,694.33 करोड़ रुपये के एक्सपोजर में से अकेले एसबीआई को 2,929.05 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ था।



**अनिल अंबानी कई बैंकों के साथ धोखाधड़ी मामले में कर रहे कानूनी कार्रवाई का सामना**

# प्रीमियम डीजल 1.50 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर ₹195 तक महंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेज उछाल को देखते हुए देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने बुधवार को अपने प्रीमियम डीजल की कीमत में 1.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी।

दिल्ली में इंडियन ऑयल का प्रीमियम डीजल 'एक्सजी' बुधवार से 92.99 रुपये प्रति लीटर का मिल रहा है। इससे पहले इसकी कीमत 91.49 रुपये प्रति लीटर थी। इस प्रकार इसमें डेढ़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उसके बाद, दिल्ली में एक्सपी 95 101.89 रुपये प्रति लीटर का बिक रहा है। वहीं तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी-भरकम बढ़ोतरी की घोषणा की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा। इसकी कीमत गत 7 मार्च को बढ़ाकर 1,883 रुपये की गई थी।

**कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल बना महंगाई का कारण**

### विमान ईंधन में आंशिक वृद्धि

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने विमान ईंधन की कीमतों में 115 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी के कुछ ही देर बाद घरेलू विमान सेवा कंपनियों को राहत देते हुए उनके लिए सिर्फ आंशिक वृद्धि करने का फैसला किया। सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप के बाद घरेलू एयरलाइंस को यह राहत दी गई है। दिल्ली में 01 अप्रैल से विमान ईंधन की कीमत 96,638 रुपये प्रति किलो लीटर से बढ़ाकर 2,07,341 रुपये प्रति किलो लीटर कर दी गई थी। दूसरे शहरों में भी लगभग इसी अनुपात में दाम बढ़ाए गए थे।

### दो जहाज 94000 टन एलपीजी लेकर पहुंचे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से रसोई गैस लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर बीडब्ल्यूटीवाईआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। दूसरा टैंकर बीडब्ल्यूईएलएम एक अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। इन दोनों जहाजों में करीब 94,000 टन एलपीजी और 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे। अब तक 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं।




# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाले 'आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2026' को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक पर करीब दो घंटे चर्चा चली जिसमें 13 से ज्यादा सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव इसमें रखे हैं और लगभग सभी सदस्यों ने इस विधेयक का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने को लेकर आंध्र प्रदेश विधानसभा ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था उस प्रस्ताव में अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने के लिए नामित कर अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने 2015 में इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए कहा था कि अमरावती राज्य की राजधानी होगी। इस संबंध में गत 28 मार्च को एक प्रस्ताव केंद्र सरकार ने पारित किया जिसमें अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में वैधानिक दर्जा देने के लिए यह पुनर्गठन संशोधन विधेयक लाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक में प्रावधान है कि आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती होगी। आंध्र प्रदेश विधानसभा के संकल्प को प्रभावी बनाने और प्रदेश की राजधानी अमरावती को वैधानिक रूप देने के लिए कुछ संशोधनों के साथ यह विधेयक लाया गया है। इस विधेयक के पारित होने से अमरावती आंध्र प्रदेश की वैधानिक राजधानी होगी।



**13 से ज्यादा सदस्यों ने रखे अपने महत्वपूर्ण सुझाव, सभी ने किया समर्थन**



## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक सीएनजी वाहनों को योगी ने दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में नगर निगम के 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल प्रदेश सरकार के स्वच्छता अभियान और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य 'जीरो वेस्ट से जीरो कार्बन एमिशन' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में उप्र स्मार्ट और पर्यावरण के प्रति सजग शहरी विकास का मॉडल बन रहा है।

### हजरतगंज थाना पहुंचीं नेहा राठौर

**लखनऊ।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया में टिप्पणी करने वाली लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने बुधवार को अपने पति हिमांशु सिंह के साथ हजरतगंज थाने पहुंच कर बेल बॉन्ड की औपचारिकता पूरी की। नेहा सिंह उच्चतम न्यायालय से अग्रिम जमानत मिलने के बाद हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं थी। नेहा सिंह के पति हिमांशु ने बताया कि थाने में एसएचओ के मौजूद न होने के कारण प्रक्रिया तत्काल पूरी नहीं हो सकी, जिससे उन्हें कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा। बाद में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं। गौरतलब है कि नेहा सिंह राठौर को 10 मार्च को उच्चतम न्यायालय से अग्रिम जमानत मिली थी। शीर्ष अदालत की पीठ, जिसमें जस्टिस जे-के- महेश्वरी और जस्टिस ए-एस- चंदुरकर शामिल थे, ने उन्हें राहत देते हुए कहा था कि वह पहले ही जांच एजेंसियों के सामने पेश होकर अपना बयान दर्ज करा चुकी हैं।

# यूपी में दो दिन बाद फिर मौसम का यू-टर्न

## तीन, चार व पांच अप्रैल को फिर बारिश व हवाओं के साथ आंधी का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में पश्चिमी संभाग में कहीं-कहीं बादल गरजे और हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम सूखा रहा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के दोनों संभागों में कहीं-कहीं झोंकेदार हवा भी दर्ज की गई। प्रदेश में झोंकों के साथ हवा की अधिकतम गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा गौतम बुद्ध नगर और संभल में दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 29 मार्च को सक्रिय हुआ पश्चिमी विक्षोभ का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, जिसके कारण आने वाले 48 घंटे तक मौसम ड्राई बना रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जाएगी। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि एक नया पश्चिम विक्षोभ 3 अप्रैल को सक्रिय हो रहा है। जिसके कारण 3 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश और 4-5 अप्रैल को पश्चिमी तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मंगलवार देर रात से ही बादलों की आवाजाही शुरू हुई और देर रात करीब 12 बजे के बाद हल्की बारिश होने लगी।

बारिश के साथ-साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से हवा भी चली। तेज रफ्तार हवा और बारिश से रात में मौसम ठंडा हो गया। बारिश रुक-रुककर जारी रही और बुधवार सुबह के समय भी बारिश होती रही। तेज रफ्तार हवाओं के चलने से कुछ देर के लिए विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही। मंगलवार को उत्तर प्रदेश का बांदा सबसे अधिक गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान बिजनौर जिले में 15.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो कि सामान्य है। बीते शाम को हुई रिमझिम के बाद मेरठ के मौसम में बदलाव है। हालांकि सुबह से धूप खिली है, बीते कई दिनों से मौसम में कई बदलाव देखने को मिला है।

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्व. विद्यालय मेरठ परिसर में स्थित मौसम विभाग की तरफ से आज के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक पीके शाही ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ फिर एक बार सक्रिय हो रहा है, जिस वजह सेमौसम में यह परिवर्तन के चलते तेज हवाओं के साथ साथ धूल भरी आंधी भी आ सकती है।

# यूजीसी को लेकर सवर्ण मोर्चा ने डिप्टी सीएम के आवास पर शंख बजाकर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के विरोध में बुधवार को लखनऊ में सवर्ण मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शंख बजाकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए यूजीसी के नियमों को ष्काला कानूनष करार दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार से सवाल किया कि आखिर ऐसे नियम लाने की आवश्यकता क्यों पड़ी, जिनसे सामान्य वर्ग के छात्रों के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूजीसी के नए नियम छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय हैं और इन्हें किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया और उनकी बातों को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे स्वयं सामान्य वर्ग से आते हैं और किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उनके इस बयान के बाद प्रदर्शनकारियों का आक्रोश कम हुआ और उन्होंने शांतिपूर्वक प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस प्रदर्शन में संगठन के संयोजक संदीप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित अभिनव नाथ त्रिपाठी और बसंत सिंह बघेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भाजपा सरकार में कुशल अधिकारियों की अहमियत नहीं



**लखनऊ।** यूपी काडर के वर्ष 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिकू सिंह राही के सेवा से इस्तीफा दिए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। यादव ने कहा है कि कुशल अधिकारियों की भाजपा सरकार में कोई अहमियत नहीं है। भाजपा में तो उनकी पूछ है जिनकी चोरी के पैसों की ही चोरी हो जाती है या जो निवेश तक में 5 फीसद का प्रवेश शुल्क वसूल लेते हैं। बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश ने कहा कि हर अच्छे अधिकारी से हमारी मांग है कि भावावेश में कोई फैसला न करें, बुरे दिन जाने वाले हैं। पीडीए सरकार आएगी और सबको उचित मान-सम्मान-स्थान देगी क्योंकि पीडीए की सरकार जनता की सरकार होगी, जो समस्याओं के समाधान व असमानताओं को दूर करने के लिए सच में विकास के काम करेगी।

# नोएडा के किसानों का भूमि अधिग्रहण मुआवजा बढ़ाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 44 साल पुराने मामले में सुनाया फैसला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1976 में नोएडा जमीन अधिग्रहण मामले में एक बड़ा और किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने किसानों को जमीन का मुआवजा 6 रुपए प्रति वर्ग गज से बढ़ाकर 28.12 रुपए प्रति वर्ग गज करने का आदेश दिया है। 44 साल पुराने इस मामले में नोएडा के मोरना, परगना और तहसील दादरी की जमीनें शामिल हैं। यह क्षेत्र पहले गाजियाबाद जनपद का हिस्सा था, जो अब नोएडा में आ चुका है।

सिंगल बेंच में जस्टिस संदीप जैन ने इस पूरे मामले में सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है। 2022 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अजय पाल सिंह व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य के मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। फैसले के बाद किसानों में खुशी की लहर है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले में कलेक्टर और रेफरेंस कोर्ट का अवार्ड 30 अप्रैल 1982 से पहले दिया गया था, इसलिए अधिग्रहण अधि. नियम में संशोधन के अनुसार अपीलकर्ता 30 प्रतिशत की दर से बढ़ा हुआ मुआवजा पाने के हकदार नहीं हैं।

किसान अपनी अधिग्रहित भूमि के लिए केवल 15 प्रतिशत की दर से बढ़ा हुआ मुआवजा पाने के हकदार हैं। यह जमीन भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 के तहत 1 जून 1976 को जारी अधिसूचना के माध्यम से अधिग्रा. हत की गई थी।

## एक पहचान से मिलेगा सभी सरकारी योजनाओं का लाभ: योगी

# उप्र में फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ेगा हर किसान

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे प्रशासन को निभानी होगी सक्रिय भूमिका: सीएम

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और एकीकृत तरीके से उपलब्ध कराने के लिए फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश के सभी पात्र किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की योजनाओं को इस रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं में यदि किसी लाभार्थी के नाम या अभिलेखों में त्रुटि या असंगति है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। हर पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना भी अनिवार्य किया जाए। सरकार ने कृषि विभाग को निर्देश दिया है कि वह फार्मर रजिस्ट्री से सभी योजनाओं को जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था तय समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 1 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाएं। इसके माध्यम से चयन व वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर 31 मई 2026 तक अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग की व्यवस्था लागू करें।

### बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों के बीच पहुंची सरकार, योगी ने पूछा हाल

**लखनऊ।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि मौसम की मार झेल रहे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें शीघ्र राहत प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराया जाए और प्रभावित किसानों को समयबद्ध ढंग से मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। योगी ने राजस्व एवं कृषि विभाग के साथ बीमा कंपनियों को संयुक्त सर्वे करने के निर्देश देते हुए कहा कि फसल क्षति का आंकलन तेजी से पूरा कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाए, ताकि मुआवजा वितरण में देरी न हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 73134.32
निफ्टी 22679.40



सोना 150000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकट सुलझने की उम्मीद में सेंसेक्स 1,187 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



पश्चिम एशिया में एक महीने से चल रहे ईरान युद्ध के सुलझने की उम्मीद में बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,186.77 अंक (1.65 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 73,134.32 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारतीय समय के अनुसार गुरुवार सुबह राष्ट्र को संबोधित करेंगे। उनके संबोधन में ईरान युद्ध की जल्द समाप्ति का रोडमैप दिखने की उम्मीद में आज दुनिया भर में निवेशक लिवाल रहे और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.08 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.33 प्रतिशत उछल गया। फार्मा और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सार्वजनिक बैंकों, धातु, आईटी, रसायन, रियलटी, ऑटो, निजी बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर पौने सात प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इंडिगो में भी छह फीसदी से अधिक की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स में करीब साढ़े पांच प्रतिशत और बीईएल में साढ़े तीन प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक और इटरनल के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच चढ़े। एलएंडटी, एक्सिस बैंक, टाइटन, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टीसीएस और इंफोसिस के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक ऊपर रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, आईटीसी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर एक से दो प्रतिशत मजबूत हुए।

### सोना 1.50 लाख पर पहुंचा चांदी 2.39 लाख/किलो

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोना-चांदी के दाम में तेजी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,836 रुपए बढ़कर 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। एक किलो चांदी भी 9,348 रुपए बढ़कर 2.39 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.30 लाख रुपए प्रति किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 16,374 रुपए और चांदी 9,063 रुपए महंगी हुई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1. 76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का अक्लटाइम हाई भी बनाया था। 28 फरवरी को अमेरिका और इजारयल की ईरान से जंग शुरू होने के बाद लगातार गिरावट देखी जा रही है। तब से सोना 9,528 रुपए और चांदी 27,217 रुपए गिर चुकी है। एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं। दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40 प्रतिशत) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है।

# गेहूं, चावल और चीनी के भाव गिरे, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक लजस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी नरमी देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव तीन रुपये घटकर 3,865 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,790 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 24 रुपये टूट गई। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंग दाल औसतन 28 रुपये और उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं मसूर दाल का भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। तुअर दाल की कीमत सात रुपये और चना दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 20 रुपये और सूरजमुखी तेल की 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 128 रुपये और सोया तेल 93 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 60 रुपये और वनस्पति में 20 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल चना 7718.16 रुपये, मसूर काली 8104.67 रुपये, मूंग दाल 10162.05 रुपये, उड़द दाल 10814.17 रुपये, तुअर दाल 11255.80 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2790.50 रुपये और चावल 3865.50 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3276.30 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4306.05 रुपये और गुड़ 4995.63 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**स्कूल बस...** से सामने से आ रही कल्याणकारी कन्या इंटर कॉलेज जागाहेड़ी की बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही चारों लोग सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में सवार छात्राओं में चीख-पुकारमच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से पूनम को अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बस चालक सुरेन्द्र निवासी काजीखेड़ा से पूछताछ की जा रही है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

**अमेरिकी सैनिक...** साथ ही सैन्य कार्रवाई भी जारी है। ईंधन की बढ़ती कीमतों पर पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रम्प ने कहा कि जैसे ही अमेरिका ईरान से बाहर निकलेगा, हालात सुधर जाएंगे और तेल की कीमतें भी गिर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपना काम लगभग पूरा कर चुका है और अगले करीब दो हफ्तों में ऑपरेशन खत्म कर सेना वापस बुला ली जाएगी। अमेरिकी सेना के बाद ट्रम्प ने अमेरिकी कंपनियों को ईरान से होने वाले खतरे को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में काम कर रही अमेरिकी कंपनियों को ईरान से कोई बड़ा खतरा नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या ईरान ने सच में हमला करने या कंपनियों को उड़ाने की धमकी दी है? ट्रम्प ने कहा कि ईरान ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा और वह अमेरिकी कंपनियों पर हमला नहीं करेगा।

**बंगाल में...**जाएगा। वहीं, ममता बनर्जी की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि मतदाता सूच ी से नाम हटाए जाने की दर काफी अधिक है और यह करीब 45 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि इस मामले में अगली सुनवाई 7 अप्रैल को हो सकती है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। साथ ही पश्चिम बंगाल पुलिस के डीजीपी को एक पूरक हलफनामा दाखिल कर ये बताने को कहा गया था कि एसआईआर अधिकारियों को मिली धमकियों पर उन्होंने क्या कार्रवाई की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ एसआईआर की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, श्याम दीवान और गोपाल शंकरनारायनन और कल्याण बनर्जी अदालत में पेश हुए। वहीं चुनाव आयोग की तरफ से वरिष्ठ वकील दामा शेषाद्रि नायडू पेश हुए।

# मुंबई एयरपोर्ट पर देश की पहली इन टर्मिनल क्विक कॉमर्स सेवा शुरू

मुंबई, वार्ता

■ टर्मिनल के भीतर कहीं भी अपना ऑर्डर मंगाना आसान हो गया

मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स डिलीवरी सेवा शुरू की गई है। इससे यात्रियों के लिए बोर्डिंग गेट, लाउंज, फूड कोर्ट और पार्टनर आउटलेट्स सहित टर्मिनल के भीतर कहीं भी अपना ऑर्डर मंगाना आसान हो गया है।

मुंबई हवाई अड्डे की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि डिलीवरी का काम प्रशिक्षित ऑन-ग्राउंड कर्मचारियों द्वारा कुछ ही मिनटों में पूरा किया जाता है, जिससे यात्रियों को एक सुरक्षित और सहज अनुभव मिलता है। इस सेवा के लिए अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिकिट के साथ करार किया है। दोनों ने मिलकर छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के डोमेस्टिक डिपार्चर क्षेत्र में सेवा शुरू की है। यात्री अब ब्लिकिट ऐप के जरिए जरूरी सामान ऑर्डर कर सकते हैं और उसे टर्मिनल के अंदर अपनी जगह पर मंगा सकते हैं। अडानी एयरपोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि अडानी एयरपोर्ट्स डिजिटल सेवाओं के जरिए एयरपोर्ट के अनुभव को बेहतर बनाने की नई कल्पना कर रहा है। टर्मिनल के अंदर ऐप-आधारित सुविधा लाकर हम यात्रियों को उनके समय का बेहतर उपयोग करने का मौका दे रहे हैं। इस सेवा में ट्रैवल एक्सेसरीज, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्नैक्स, किताबें, बेबी केयर और निजी जरूरत का सामान शामिल है। पैकेज्ड पानी, कोल्ड ड्रिंक्स और जूस आदि प्रोटोकॉल के अनुसार टर्मिनल के भीतर स्वीकृत इन्वेंट्री से ही लिए जाते हैं।

### यूपी में एक साल में 4,746 नई फैक्ट्रियां पंजीकृत

**लखनऊ।** उप्र में औद्योगिक. ीकरण की रफ्तार लगातार तेज बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में 4,746 नई फैक्ट्रियों का पंजीकरण हुआ है, जिससे राज्य की औद्योगिक प्रगति को नया आयाम मिला है। अधिकारियों की मानें तो औद्योगिक विकास के मामले में पश्चिमी उप्र अन्य क्षेत्रों से आगे बना हुआ है। वर्ष 2017 के बाद स्थापित कुल 17,841 फैक्ट्रियों में से 10,895 इकाइयां पश्चिमी यूपी में स्थापित हुई हैं। इसके अलावा 3,526 फैक्ट्रियां मध्य यूपी, 3,205 पूर्वांचल और 215 बुंदेलखंड क्षेत्र में लगी हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में औद्योगिक विकास विभाग को 28,864-98 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। इसमें से अब तक 19,218 करोड़ की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

# लखनऊ कलेक्ट्रेट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

■ सुरक्षा एजेंसियां पता लगाने में जुटीं

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को कलेक्ट्रेट आफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। हालांकि जांच के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को मौके से कुछ भी नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस की साइबर टीम ईमेल भेजने वाले क्ो ोत का पता लगाने में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि लखनऊ के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के ऑफिस को ईमेल के जरिए बम से उघने की धमकी दी गई थी। ईमेल प्राप्त होने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में हघ्कंप मच गया। आनन फानन में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद एसीपी पश्चिमी और वजीरगंज इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुच कर सघन तलाशी अभियान चलाया। डॉग स्क्वॉड की मदद से चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम ने मौके पर पहुंच कर पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अभियान के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु के न मिलने की पुष्टि हुई। ऐसे में पुलिस प्रशासन दोनों धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुट गई है। साइबर सेल की टीम ईमेल आईडी, आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है, ताकि धमकी देने वालों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। बीते सप्ताह लखनऊ के रीजनल पासपोर्ट ऑफिस और सुल्तानपुर के डाकघर को भी बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। इन दोनों स्थानों पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

# सरकार व आईएआरआई मिलकर सुधारेंगे मिट्टी की सेहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईएआरआई) में आयोजित 122वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया।

उन्होंने इस अवसर पर देश के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी विशेषज्ञों को नमन करते हुए संस्थान को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने देश के अन्नदाताओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस संस्थान ने खेतों को प्रयोगशालाओं से जोड़ते हुए हरित क्रांति से लेकर आधुनिक तकनीकों तक भारत की खेती को नई दिशा दी है और खाद्य सुरक्षा व आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'खाद्यान्न, पोषण और आजी. विका सुरक्षा के लिए उन्नत फसल किस्में' और 'प्रिसिशन फ्लोरिकल्चर व लैंडस्केप डिजाइन' पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र इन्द्राज सिंह और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव एवं महानिद. ेशक डॉ. मांगी लाल जाट समेत कई गणमान्य जन उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान में लगी प्रदर्शनी का भी दौरा किया।

उन्होंने नई कृषि तकनीकों, शोध आधारित नवाचार और आधुनिक खेती के मॉडलों को ध्यान से देखा, वैज्ञानिकों से बात. चीत की और उनके काम की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' विजन का आधार 'विकसित कृषि और समृद्ध किसान' है। उनके नेतृत्व में खेती को प्रिसिशन फार्मिंग, क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर और एआई आधारित तकनीकों के जरिए ज्यादा आधुनिक, असरदार और टिकाऊ बनाया जा रहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए अधिक वृक्षारोपण, वर्टिकल गार्डनिंग, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन करने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों, संस्थानों और समुदायों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। साथ ही, पीपल, नीम, बरगद और आम जैसे देशी वृक्षों को प्राथमिकता देने की बात कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार ने पहली बार रिज क्षेत्र के लगभग 4200 हेक्टेयर को अधिसूचित कर हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाया है और आईएआरआई से मिट्टी की उर्वरता, शहरी हरियाली व वैज्ञानिक पौधरोपण के लिए सहयोग मांगा है। इस अवसर पर दिल्ली के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री रवीन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि दिल्ली के पारंपरिक जल स्रोत जैसे पहले जिन जोहड़ और तालाबों के रूप में जाने जाते थे और आज 'वॉटर बॉडीज' कहलाते हैं उनका संरक्षण और पुनर्जीवन बेहद जरूरी है।

उन्होंने यह भी कहा कि ऑर्गेनिक उत्पादों को सही कीमत मिलनी चाहिए ताकि किसानों को प्रोत्साहन और आर्थिक मजबूती मिल सके। उन्होंने बताया कि शहरीकरण बढ़ने के बावजूद दिल्ली में करीब 50 हजार हेक्टेयर जमीन पर अब भी खेती हो रही है और किसानों का योगदान बेहद अहम है।

## हज व्यवस्था के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज 2026 के लिए दिल्ली एम्बार्केशन प्वाइंट से उड़ानों का सिलसिला आगामी 18 अप्रैल से शुरू हो रहा है, जो 20 मई-2026 तक जारी रहेगा। इस अवधि में हज यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहाँ की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी, दिल्ली पुलिस, सीआईएसएफ, इमिग्रेशन, कस्टम आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों के अलावा दिल्ली स्टेट हज कमेटी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अशफाक अहमद आरफी, डिप्टी एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मोहसिन अली, तथा हज कमेटी ऑफ इंडिया के लायजन ऑफिसर सुल्तान अहमद भी उपस्थित थे। बैठक में हाजियों की रवानगी और वापसी के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा इस बात को सुनिश्चित किया गया कि हज यात्रियों और उन्हें विदा करने के लिए आने वाले परिजनों व संबंधित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# बादली रेलवे स्टेशन पर बनेगा आरओबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली की एक गंभीर ढांचागत समस्या का संज्ञान लेते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को आधिकारिक पत्र लिखकर सूचित किया है कि संबंधित रेल अधिकारियों को बादली रेलवे स्टेशन पर साइट निरीक्षण के निर्देश दे दिए गए हैं।

यह त्वरित कार्रवाई विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता द्वारा रेल मंत्री को लिखे गए उस पत्र के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने बादली क्षेत्र में लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम का मुद्दा उठाया था और वहां रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था। प्रस्तावित आरओबी बादली रेलवे स्टेशन और रोहिणी सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन (टी-पॉइंट) के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग स्थापित करेगा, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम होगा और दैनिक यात्रियों का सफर सुगम होगा।

विजेंद्र गुप्ता ने रेल मंत्री को भेजे अपने प्रतिवेदन में बादली के विधायक अहिर दीपक चौधरी के पत्र का भी हवाला दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में वर्तमान में मौजूद अंडरपास दशकों पुराना है, जो उस समय की कम आबादी के हिसाब से बनाया गया था। आज की बढ़ती आबादी और वाहनों की भारी संख्या के कारण यह अंडरपास यातायात के बोझ को संभालने में पूरी तरह असमर्थ है। गुप्ता ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि रोहिणी के निवासी जो समयपुर, सिरसपुर और लिबासपुर जैसे औद्योगिक व आवासीय क्षेत्रों में काम करते हैं, उन्हें प्रतिदिन 2 से 3 घंटे के लंबे ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से पीक आवर्स के दौरान स्थिति बेहद विकट हो जाती है। इस जाम का असर न केवल निजी वाहनों पर, बल्कि स्कूल बसों, डीटीसी बसों, एम्बुलेंस और दमकल सेवाओं पर भी पड़ता है, जिससे अक्सर आपातकालीन स्थितियों में जान-माल का खतरा बना रहता है।विधानसभा अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि इस आरओबी के निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को लाभ होगा, बल्कि यह न्न्त-प्प (अर्बन एक्सटेंशन रोड) और राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। उन्होंने जनहित में इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का अनुरोध किया था, जिसे रेल मंत्रालय ने सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सरकार का ग्रीन एक्शन प्लान 2026-27 विभागों के लिए 70 लाख से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ग्रीन एक्शन प्लान 2026-27 के तहत पौधारोपण के लक्ष्य को संशोधित किया है। इसके तहत 22 विभागों को 70 लाख से अधिक पेड़, झाड़ियां और बांस लगाने का निर्देश दिया गया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, "हमारी सरकार सिर्फ प्रदूषण को नियंत्रित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली की हरियाली को तेजी से बढ़ाने के लिए काम कर रही है। पिछले साल हमने बड़े स्तर पर पौधारोपण किया, जिसमें छात्र, महिला समूह, आम नागरिक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि, माननीय न्यायाधीश, गणमान्य लोग और 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित है।" उन्होंने आगे कहा कि, "कई वर्षों तक दिल्ली की हवा खराब रही क्योंकि पिछली सरकारों ने सिर्फ वादे किए। अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी प्राथमिकता साफ है, बेहतर हवा और मजबूत ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर।"

संशोधित लक्ष्य के अनुसार, फॉरेस्ट विभाग को 27 लाख से अधिक पेड़ और पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा डीडीए को 10 लाख, एमसीडी को 5 लाख, एनडीएमसी को 5.05 लाख, पीडब्ल्यूडी को 3 लाख, स्कूल शिक्षा विभाग को 3.5 लाख, उच्च शिक्षा को 25,000 से अधिक, तकनीकी शिक्षा को 41,000, एनटीपीसी को 70,000, कैप्फ्क्ब को 20,965 से अधिक, दिल्ली जल बोर्ड को 20,600, (राजधानी) को 47,411, ब्व्क्व को 30,000, नॉर्दर्न रेलवे को 23,000, क्प्ठ को 6,000, दिल्ली कैंट को 15,000 से अधिक, छक्ब्स को 9,000, छभ्प् को 60,000, दिल्ली मेट्रो को 2,500, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को 35,000, पर्यावरण विभाग को 1,000 और को 2,000 पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा, 12 लाख से अधिक पौधे फॉरेस्ट विभाग, और के माध्यम से मुफ्त बांटे जाएंगे, जिससे कुल संख्या लगभग 70,05,386 पौधों तक पहुंच जाएगी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित 122वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए।

## एक नजर

### 'भीलवाड़ा सुर संगम' के 13वें संस्करण की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप ने अपने प्रमुख भारतीय शास्त्रीय संगीत उत्सव 'भीलवाड़ा सुर संगम' के 13वें संस्करण की घोषणा की है। यह दो दिवसीय प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजन 4 और 5 अप्रैल 2026 को कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। राजधानी के सांस्कृतिक कैलेंडर का एक अहम हिस्सा बन चुके इस उत्सव का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा का उत्सव मानते हुए उसे आगे बढ़ाना है। यह मंच हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीतख्रदोनों परंपराओं के कलाकारों को एक साथ प्रस्तुत करता है। इस वर्ष का आयोजन राग-आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को एक गहन और भावनात्मक अनुभव देने का वादा करता है, साथ ही देश के प्रमुख गायकों और वादकों को एक मंच पर लाने की अपनी परंपरा को भी आगे बढ़ाता है।उत्सव की शुरुआत 4 अप्रैल की शाम 6:00 बजे होगी, जिसमें सबसे पहले भाग्येश मराठे की भावपूर्ण गायकी प्रस्तुत की जाएगी।

### अक्षय कुमार संग की रणनीतिक साझेदारी

**नोएडा।** जेके मैक्स पेंट्स ने अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह रणनीतिक साझेदारी ब्रांड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। अक्षय कुमार का स्वागत करते हुए व्हाइट सीमेंट एवं पेंट्स के बिजनेस हेड, नितिश चोपड़ा ने कहा, "यह साझेदारी जेके मैक्स पेंट्स को एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड के रूप में स्थापित करने की हमारी यात्रा का अहम् पड़ाव है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा, "कुछ साझेदारियां दिल से सही लगती हैं, और यह उनमें से एक है। जेके मैक्स पेंट्स एक ऐसी विरासत लेकर आता है, जिस पर लोग पहले से भरोसा करते हैं।

### ई.वी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, इंस्टा, फेसबुक पर पोस्ट करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मांग की है कि वह देश की राजधानी दिल्ली सहित, दिल्ली एनसीआर क्षेत्रों और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड सरकार को आदेशित करें कि वह अपने राज्यों में तत्काल ई.वी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या प्राथमिकता के आधार पर युद्ध स्तर पर बढ़ाने का कार्य करें और इस पर इन प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के कार्य की निगरानी तंत्र विकसित करने के लिए आदेशित करने का आग्रह किया है।

### मरघट वाले बाबा की निकाली गई झांकियां

**नई दिल्ली।** प्राचीन मंदिर मरघट वाले बाबाष् जमुना बाजार मे हनुमान जयंती को लेकर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया, और उसके बाद हनुमान जी की भव्य झाकियां निकाली गयी स कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजामो की जानकारी दी गई स इस प्रेसवार्ता मे मंदिर के महंत वरुण शर्मा जी ने बताया हनुमान जयंती पर हमारे विशेष अतिथि स्वयं हनुमान जी रहते है, पुरे साल हनुमान जी मंदिर मे रहते है और हनुमान जयंती के मौके पर उनको भ्रमण के लिए निकाला जाता है स यह परम्परा काफी पुरानी है पहले जैसे भगवान भ्रमण पर निकलते थे उसी तरह हनुमान जी को भ्रमण कराया जाता है, उन्होंने बताया हनुमान जयंती के अवसर पर सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए है दिल्ली पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य निभा रही है।

### ऑटिज्म को समझने की जरूरत: डॉ. प्रियंका जैन

**नई दिल्ली।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर ब्प्। की संस्थापक डॉ. प्रियंका जैन भाभू ने कहा कि ऑटिज्म से जुड़े बच्चों को परिवार, विद्यालय और समाज से समझ, स्वीकार्यता और सही सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऑटिज्म एक न्यूरोडेवलपमेंटल अंतर है, जो बच्चे के संचार, व्यवहार और सामाजिक सहभागिता को प्रभावित करता है। यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि एक स्पेक्ट्रम है। इसका अर्थ है कि प्रत्येक बच्चा अलग होता है और उसकी क्षमताएँ, चुनौतियाँ, संवेदी आवश्यकताएँ तथा सीखने का तरीका भी अलग हो सकता है। डॉ. भाभू ने कहा कि ऑटिज्म के संकेत अक्सर शुरुआती वर्षों में पहचाने जा सकते हैं। इनमें नाम पुकारने पर कम प्रतिक्रिया देना, सीमित नेत्र संपर्क, संचार में देरी, दोहराव वाले व्यवहार तथा सामाजिक मेलजोल में कम रुचि जैसे संकेत शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान होने से परिवार सही मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

## पीली सरसो भारतीय परम्परा का हिस्सा

**नई दिल्ली।** बीएन एग्रीटेक के लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड न्यूट्रिका ने अपने कुकिंग ऑइल पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाते हुए श्न्यूट्रिका येलो मस्टर्ड ऑइलश लॉन्च किया है। इस लॉन्च के साथ ब्रांड ने अपने नेचुरल कुकिंग प्रोडक्ट्स की रेंज को और मजबूत किया है। न्यूट्रिका येलो मस्टर्ड ऑइल को बिना रिफाइन के तैयार किया गया है, ताकि इसके प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषण पूरी तरह बने रहे। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, न्यूट्रिका के डायरेक्टर और बिजनेस हेड-एफएमसीजी, स्पर्श सचर ने कहा, ष्न्यूट्रिका में हमारा मानना है कि रोजमर्रा की कुकिंग सेहतमंद होने के साथ-साथ स्वाद से भरपूर भी होना चाहिए। यह वही शुद्धता और असली स्वाद की पेशकश करता है, जिस पर भारतीय रसोई पीढ़ियों से भरोसा करती आ रही हैं।

# व्हिसपर्स ऑफ द सोल्स बुक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक साहित्यिक कार्यक्रम के दौरान युवा लेखिका सैयदा अदीना शाह की पहली पुस्तक "व्हिसपर्स ऑफ द सोल्स" का विमा. ेचन किया गया। ओखला स्थित तस्मिया ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सैयद फारूक ने की, जबकि पद्मश्री प्रोफेसर अखघ्तरुल वासे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह पुस्तक मशहूर शायर डॉ. एजाजुद्दीन शाह 'पॉपुलर मेरठी' की पुत्री सैयदा अदीना शाह की पहली साहित्यिक कृति है, जिसे उपस्थित साहित्य प्रेमियों और शिक्षाविदों ने सराहा। कार्यक्रम में प्रो. खालिद महमूद, डॉ. तस्नीम (पूर्व चेयरपर्सन, जामिया मिलिया इस्लामिया), डॉ. ख्वाजा शाहिद, प्रो. खुर्शीद अंसारी (जामिया हमदर्द) और डॉ. सज्जाद शामिल रहे। इसके



अलावा इरफान आजमी, परवीन शगफ, शायदा अनवर, मुनीर हमदम, डॉ. फरमान सरधनवी, राशिद रहमान, नीतीश कुमार, मोहम्मद अखलाक, अमजद लोधी, डॉ. मुश्ताक अंसारी, डॉ. कमरूल हक, शबाना अजीम, सरवत उस्मानी, इरम शाह और आसिफ अहमद सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण सैयदा अदीना शाह का प्रभावशाली अंग्रेजी भाषण रहा, जिसमें उन्होंने अपनी पुस्तक की पृष्ठभूमि, विचार और विषय-वस्तु को आत्मविश्वास और परिपक्वता के साथ प्रस्तुत किया। उनकी अभिव्यक्ति में भावनात्मक गहराई और बौद्धिक स्पष्टता ने श्रोताओं को प्रभावित किया।

# ओडिशा के लोगों का दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान: कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में ओडिशा दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओडिशा के प्रसिद्ध सम्बलपुरी नृत्य, रंगबती तथा पारंपरिक रास जामुडाली नृत्य की प्रस्तुति हुई। कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने ओडिशा दिवस पर दिल्ली सरकार की ओर से शुभकामनायें दीं।

कपिल मिश्रा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प की दिशा में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए यह आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सभी राज्यों के स्थापना दिवस का आयोजन हो रहा है ताकि देश की विविध सांस्कृतिक पहचान को प्रोत्साहन मिल सके। कपिल मिश्रा ने ओडिशा की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और देश निर्माण में योगदान को नमन करते हुए कहा कि ओडिशा, अपनी प्राचीन सभ्यता, मंदिर वास्तुकला, हस्तशिल्प, शास्त्रीय नृत्य और लोक परंपराओं के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है।

राज्य ने कला, साहित्य, आध्यात्मिकता और समुद्री व्यापार के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दिल्ली के विकास में भी ओडिशा के लोगों का महत्वपूर्ण स्थान है।





दिल्ली सचिवालय में ओडिशा दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते ओडिशा के कलाकार।

# वित्तीय दस्तावेज नहीं मजबूत संकल्पना, दिल्ली का बजट : राज कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली बजट 2026-27 केवल 1,03,700 करोड़ रुपये का वित्तीय दस्तावेज नहीं है। यह मजबूत संकल्पना है, मौलिक संवेदना है और समन्वयात्मक दृष्टिकोण है।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दर्शन को प्रतिबिंबित करता है, जो उन्होंने बार-बार जोर देकर कहा है: "शासन को योजनाएँ बनाने का काम नहीं, बल्कि उन योजनाओं को कार्यान्वित करके जनसामान्य का जीवन बदलने का कार्य करना चाहिए। आदर्श नगर विधानसभा से विधायक व रोटी बैंक के संस्थापक राज कुमार भाटिया के अनुसार यह दर्शन इस बजट की हर परत में समाविष्ट है और इसे व्यवहारिक रूप में जमीन पर उतार रही हैं सम्माननीय



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जिनका मानना है कि "विकास तभी सार्थक है, जब प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित और सशक्त महसूस करे। उसे शासन द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं और लाभ आसानी से प्राप्त हो सकें स राज कुमार भाटिया कहते हैं कि इस बजट की शुरुआत बालक के जन्म के समय ही सरकार द्वारा दी जाने वाली जरूरी चिकित्सीय सुविधाओं से होती है। अनमोल योजना के तहत नवजात शिशुओं के लिए 56 जाँचें केवल एक नीतिगत निर्णय नहीं हैं; ये हर माँ के लिए भरोसा हैं। कल्पना कीजिए, दिल्ली के उन लाखों माता-पिताओं की, जो अपने नवजात को अस्पताल पहुँचाते हुए चिंतित होते हैं। अब यह बजट उनकी चिंता को दूर करने का वादा करता है।

दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 12,000 करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है, जिसमें 750 आयुष्मान केंद्रों का विकास आधुनिक उपकरणों के साथ शामिल है। यह न केवल चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार है, बल्कि हर दिल्लीवासी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का संकल्प है। आयुष्मान कार्ड हर परिवार तक पहुँचेगा। सड़कें, पानी, बिजली-ये सब मजबूत होंगे।

# गुरु जी की रसोई में एक रुपये में भरपेट खाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहताश नगर विधानसभा के भगवानपुर खेड़ा मे मानवता की मिसाल पेश करते हुए गुरु जी की रसोई की शुरुआत की गयी, इस रसोई के द्वारा मात्र एक रूपये मे भरपेट खाना खिलाया जाएगा, इससे पहले नत्थू कॉलोनी चौक पर गुरु जी की रसोई द्वारा जरूरतमंद और भूखो को मात्र एक रूपये मे भरपेट खाना खिलाया जा रहा है।

इस शुभ कार्य की शुरुआत के अवसर पर सैकड़ो लोगों को भोजन कराया गया, यहां मौजूद पदम सिंह चौधरी ने बताया किसी भूखे को भोजन कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है और हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमें यह मौका मिला और हम जरूरतमंद और भूखो को खाना खिला पा रहे है





स इस मौके पर हेमंत यादव ने बताया की सड़क के किनारे या अन्य स्थानों पर जब भी मे किसी भूखे को देखता था तो मेरे जहन मे यह यही विचार आता था कि इनके लिए कुछ किया जाए, इसी विचार को साकार रूप देते हुए हमने गुरु जी की रसोई की शुरुआत की है। इस मौके पर नवीन, कीर्ति, सीताराम, पुष्पा, सुरेश बाला, प्रदीप, भगत जी, नाथूराम और नवनीत भी उपस्थित थे।

## क्रिकेटर अभिषेक शर्मा बने ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय पुरुषों को बेहतरीन ग्रूमिंग पोर्टफोलियो प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए जिलेट ने क्रिकेटर अभिषेक शर्मा की भूमिका वाले कैंपेन के साथ ऑल-न्यू जिलेट गार्ड 3-इन-1 के लॉन्च की घोषणा की। अपने विचार साझा करते हुए अभिषेक ने कहा, "आज का हर युवा अगले स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है - चाहे वह खेल में हो, करियर में हो या सामान्य जीवन में। मेरे लिए ग्रूमिंग आत्मविश्वास महसूस करने और 'मैच के लिए तैयार रहने का अहम हिस्सा है। इस अवसर पर जिलेट इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और कैटेगरी हेड (ग्रूमिंग) कपिल शर्मा ने कहा, "जिलेट गार्ड 3-इन-1 के साथ, हम उन लाखों युवा पुरुषों के लिए एक बेहतर विकल्प लेकर आए हैं।

# स्पेशल स्टाफ ने किया जुए के अड्डे का भंडाफोड़, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने त्रिलोकपुरी में जुए के अड्डे का भंडाफोड़ कर दो जुआरियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से दांव पर लगी 13,200/- रुपये की नकद राशि और जुए के लेन-देन का हिसाब रखने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला राइटिंग पैड जब्त किया हे।दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि जुए और अवैध शराब की बिक्री जैसे संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी ऑपरेशन पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक के नेतृत्व में टीम को खुफिया जानक. ारी जुटाने और अवैध गतिविधियों के मुख्य ठिकानों की पहचान करने का काम सौंपा गया था।इसी बीच 29 मार्च को रात लगभग 09:00 बजे, टीम को त्रिलोकपुरी स्थित 23-ब्लॉक के एक पार्क में चल रहे जुए के एक रैकेट के बारे में विशिष्ट सूचना मिली।इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए,टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी मनोज (34) और हिमेश (34) को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस द्वारा उनकी तलाशी के दौरान, दांव पर लगी 13, 200/- रुपये की नकद राशि और जुए के हिसाब-किताब का रिकॉर्ड रखने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक राइटिंग पैड बरामद किया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



### जिलाधिकारी ने प्रार्थियों को दी खुशियों की सौगात

# दायित्वों का निर्वहन करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने पूर्व में आए प्रार्थियों की झोली खुशियों से भर दी। उन्होंने कहा कि यदि आपको कोई पीड़ित, मजबूर, निराश्रित, बेसहाय





व्यक्ति मिलें तो उसे प्रशासन के पास भेजें, हम उसकी सहायता अवश्य करेंगे। बुधवार को रामप्रसाद सिंह जिन्होने जिलाधिकारी को अपनी पत्नी के कैंसर, पथरी व दिल की बीमारी से पीड़ित होना बताया जिनका यशोदा हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा था, पैसे की कमी/तंगी के चलते अब घर पर बीमारियों का दु:ख झेल रही है।

जिलाधिकारी ने इन्हें 40 हजार रुपए की सहायता रेड क्रास सोसाइटी से करने की स्वीकृति दी थी, जिसका चौक जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। वहीं दिव्यांगजन अनिल कुमार निवासी चन्द्रपुरी गाजियाबाद ने जिलाधिकारी महोदय से राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं व्यवसाय बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूटी दिलाने की प्रार्थना की थी, जिलाधिकारी से उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दिलवाया और आज उन्हें हमदर्द नेशनल फाउडेंशन (इंडिया) दिल्ली के सौजन्य से एक स्कूल दिलवाई।

इसके साथ ही अंकुर शर्मा निवासी महिन्द्रा इन्कलेव शास्त्री नगर, गाजियाबाद 2020 में हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से गम्भीर घायल हो गया था, जिस कारण उसके उपचार के चलते उनके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा था। जिलाधिकारी ने उनकी बड़ी बहन को एज्यूकेशन लोन व उनकी 10 व 12वीं की फीस जमा करवाते हुए उनकी शिक्षा सम्बंधित समस्या का निराकरण कराया और भविष्य में अन्य समस्या के निदान का भी आश्वासन दिया।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय मौहल्ला निवासी विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना के समय महिला का पति रोज की तरह फेरी लगाकर सब्जी बेचने गया हुआ था। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए धामपुर के एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। चिकित्सक ने महिला को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही ससुराल पक्ष में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना जैसे ही मृतका के मायके पक्ष को मिली तो वह तुरंत शेरकोट पहुंच गए। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और तनाव की स्थिति बन गई। जिससे माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया। सूत्रों के अनुसार स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई गई। काफी देर तक चली पंचायत और बातचीत के बाद अंतत: दोनों पक्ष आपसी समझौते पर सहमत हो गए। समझौता होने के कारण मामले में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और न ही पुलिस को औपचारिक तहरीर दी गई।

# सीएचसी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शासन के निर्देशानुसार एक अप्रैल से प्रारंभ हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिक. ारी डॉ. बीके स्नेही द्वारा फीता काटकर की गई। यह अभियान 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ. बीके स्नेही ने कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों को संचारी रोगों की रोकथाम की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत वेक्टर जनित एवं जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए जन जागरुकता स्वच्छता अभियान तथा हाई रिस्क गांवों में



एंटी लार्वा छिड़काव कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग है तथा कुल 12 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई, मच्छर नियंत्रण, स्वच्छ पेयजल का उपयोग तथा जलभराव रोकना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के तहत ब्लॉक क्षेत्र में आशा कार्यकत्रियों द्वारा जन जागरुकता रैलियां एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, प्रदीप रावत सहित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं आशा, संगिनी संयोगिता समेत अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में

# नवीन शैक्षणिक सत्र ( 2026–27 ) का हुआ भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में दिनांक 1 अप्रैल 2026 को नवीन शैक्षणिक सत्र (2026-27) का शुभारंभ बड़े उत्साह, उल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ किया गया। विद्यार्थियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर किया गया और विद्यार्थियों के लिए एक विशेष स्वागत सभा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नए सत्र की सकारात्मक शुरुआत करना था। यह शुरुआत उनके जीवन में नए आरंभ और मंगलमय भविष्य का प्रतीक बनी।

इसके उपरांत विद्यालय में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ईश्वर से सफल एवं उज्ज्वल शैक्षणिक वर्ष की कामना की गई। पूरे वातावरण में शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता का संचार हुआ। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के माननीय चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं ट्रस्टी अनीशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हर नया सत्र हमें नए अवसर देता है- सीखने, आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का। सफलता उन्हीं को मिलती है



जो निरंतर प्रयास करते हैं। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।" ट्रस्टी अनीशा गांधी ने कहा कि यह समय है अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि आपके व्यक्तित्व के निर्माण का आधार है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र एक कोरे कैनवास की तरह है, जिसमें आप अपने परिश्रम, ज्ञान और संस्कारों के रंग भर सकते हैं। जिज्ञासु बनें, अनुशासित रहें और सदैव सीखने के लिए तत्पर रहें। हम सभी मिलकर इस वर्ष को सफल, प्रेरणादायक और उपलब्धियों से भरपूर बनाएं। समस्त शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया, जिससे सभी के बीच सौहार्द, सहयोग एवं सकारात्मकता का संदेश प्रसारित हुआ।

# कांग्रेस कार्यालय पर किया कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत, लिया भाजपा को हराने का प्रण

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में दो मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विकासवादी इंडियन पार्टी महा मोर्चा वीआईपी ब्रह्मानंद चौटाला एवं अन्य 10 प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। सभी ने कांगेस पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। यह तय किया गया कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि सरकार ने राजनीति के तहत सभी 125 से अधिक दलों के पंजीकरण को भी निरस्त कर



दिया। दूसरा कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुनील सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास ने मनाया गया।

इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने सुनील सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित सुरेंद्र शर्मा, राज. कुमार, ममता सिंह, अश्वनी त्यागी, कोषाध्यक्ष डॉली त्यागी, महिला जिला अध्यक्ष लज्जा याद सुशील शर्मा, पूजा सिंह पाल, राजाराम भारती, हरेंद्र बाबा, महफूज अली, गिरीश शर्मा, एसपी त्यागी, हरेंद्र सिंह, सीमा, नाजमीन, मौ. इरफान, महफूज खान, रियाज अहमद सैफी आदि मौजूद रहे।

# गैस की होम डिलीवरी न होने से परेशानी

### सहसपुर में इंडेन गैस एजेंसी पर सुबह से लग रही गैस सिलेंडर के लिए कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** नगर की आवाम को रसोई गैस की किल्लत से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी के बाहर सुबह सात बजे से ही लंबी कतारें लग रही हैं। इसके बावजूद लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस प्राप्त करने के लिए कई औपचारिकताओं से गुजरना पड़ रहा है। जिससे प्रक्रिया जटिल हो गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी द्वारा उनके बुकिंग हुए सिलेंडर को डिलीवर कर दिया जाता है, जिसका मैसेज उनके पास पहुंचता है, लेकिन सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की जाती। यदि



उपभोक्ता फोन से वितरक से पूछते हैं, तो वितरक कहते हैं कि आप लाइन में लगकर गैस ले लो। अभी होम डिलीवरी नहीं कराई जाएगी। जिससे उपभोक्ताओं में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले की तरह होम डिलीवरी व्यवस्था नहीं होने से समस्या और बढ़ गई है।

वहीं दूसरी तरफ हजारों उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुक कर रहे हैं, तो कभी दो घंटे का कभी चार घंटे का, तो कभी छह घंटे का एसएमएस आ रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि कोई सही जानकारी उपलब्ध नहीं कर रहे। कभी कह रहे हैं कि आपकी किताब की केवाईसी नहीं हुई। उपभोक्ताओं का कहना है कि हम लंबे वर्षों से इस एजेंसी से जुड़े हुए हैं यह आपकी कमी है। इसे आपको स्वयं देखना चाहिए था। आपने पूर्व में भी हमारी केवाईसी की है। कई महिलाओं का कहना है कि सरासर लोगों को परेशान करने के लिए अलग-अलग बातों में उलझा रहे हैं। पहले भी तो बुक करते थे। ऐसे में तुरंत मिल जाता था लेकिन अब व्यवहार में ऐसा क्यों नहीं है। एजेंसी के पास हमारे सारे प्रमाण पत्र दस्तावेज जमा है। केवाईसी भी हुई है, परंतु गैस की उपलब्ध या गैस का एसएमएस नहीं प्राप्त हो रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि व कर्मचारी सुनने के लिए तैयार नहीं है।

# संचारी रोगों के प्रति निकली जागरूकता रैली को राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिखाई हरी झंडी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले सचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल दस्तक अभियान का संजय नगर स्थित जिला संयुक्त अस्पताल से शुभारम्भ किया गया। जागरूकता रैली को राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संचारी रोगों के प्रति इस जागरूकता रैली में नगर निगम गाजियाबाद की लगभग छोटी बड़ी 100 फॉगिंग मशीन, 10 स्त्रीकलर एवं 5 पावर स्प्रेयर मशीनों को शामिल किया गया। शुभारम्भ के समय जिला मलेरिया अधिकारी जीके मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यकम समाप्ति के उपरान्त डॉ. अमित विक्रम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा रैली में प्रतिभाग किये गये प्रतिनिधियों को पौधे देकर सम्मानित किया।

# शिक्षा संकाय द्वारा बी.एड विद्यार्थियों का राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने हेतु स्कूल आफ एजूकेशन एस०डी०जी०आई० ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा बी.एड. के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों, नवाचारों एवं आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना तथा उनके शिक्षण कौशल को सुदृढ़ बनाना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों एवं इंटरैक्टिव प्रदर्शनों का अवलोकन किया। इस अनुभव ने उन्हें जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल



एवं रोचक ढंग से समझने में सहायता प्रदान की। विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक यात्रा को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर माननीय प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त, आईजी), कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसनजीत कुमार एवं रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन द्वारा इस पहल की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे विद्यार्थियों में न केवल विषय की गहन समझ विकसित होती है, बल्कि उनमें जिज्ञासा, नवाचार एवं रचनात्मकता का भी विकास होता है।

प्राचार्य डॉ. अवधेश प्रताप. सिंह ने विद्यार्थियों को इस अनुभव का अधिकतम लाभ उठाने और इसे अपने शिक्षण जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। यह शैक्षिक भ्रमण सभी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं यादगार अनुभव सिद्ध हुआ।

# किड्जी मोदीनगर में भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का सफल आयोजन

**■ किडजी मोदीनगर की यह ग्रेजुएशन सेरेमनी न केवल बच्चों के लिए बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव रही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** किडजी मोदीनगर में आज एक गरिमामयी और हर्षोल्लास से भरी ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी पहली शैक्षणिक उपलब्धि का जश्न बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी प्रगति का सम्मान करना और शिक्षा के महत्व को समझाना था।

समारोह की शुरुआत स्वागत गीत और विशेष प्रस्तुति के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों को उनके कोर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। विद्यालय की ओर से सभी मेधावी बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए गोल्ड मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और उमंग का संचार हो गया।

कार्यक्रम में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों के प्रति विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। माता-पिता ने अपने बच्चों को मंच पर सम्मानित होते हुए देखकर भावुकता और गर्व, दोनों



का अनुभव किया। उनकी उपस्थिति ने समारोह को और भी सफल एवं यादगार बना दिया।

किडजी मोदीनगर के मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल बंसल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को उनकी उपलब्धियों का महत्व समझाना और उन्हें प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। जब बच्चे छोटी उम्र में ही सम्मान और प्रोत्साहन महसूस करते हैं, तो उनके भीतर आत्मविश्वास और सीखने की इच्छा कई गुना बढ़ जाती है। किडजी मोदीनगर का उद्देश्य हर बच्चे को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना है।

समारोह का संचालन विद्यालय की प्रिंसिपल तारिका माटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाएँ रीता वर्मा, स्नेहा, अंतिमा, फिजा जैदी, रितिका, गीता मेहरा, आशी, प्रदुलिका, जेसिका, स्वाति और राशी उपस्थित रहीं, जिनके मार्गदर्शन और स्नेह से बच्चों ने वर्ष भर नई-नई सीख हासिल की।

किडजी मोदीनगर की यह ग्रेजुएशन सेरेमनी न केवल बच्चों के लिए बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव रही। विद्यालय ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संवेदनशील सीखने का वातावरण ही बच्चों को मजबूत नींव प्रदान करता है।

# कोरोना योद्धाओं के परिवारों को सीएम ने सौंपे 1 करोड़ के चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कोविड-19 महामारी के दौरान ऑन ड्यूटी अपनी जान गंवाने वाले छह सरकारी कर्मचारियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता के चेक सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेहद भावुक शब्दों में कहा कि यह केवल सरकारी औपचारिकता नहीं है, बल्कि दिल से निकली कृतज्ञता, संवेदना और सम्मान का प्रतीक है। जब पूरी दुनिया डर और अनिश्चितता से जूझ रही थी, तब इन बहादुर योद्धाओं ने अपने कर्तव्य को सबसे ऊपर रखा और बिना अपनी जान की परवाह किए लोगों की सेवा में जुटे रहे।

मुख्यमंत्री ने कोविड योद्धाओं के परिजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को संवेदनशीलता के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। ये केवल अपने परिवारों के ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के नायक हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार इन परिवारों के साथ हमेशा एक अपने परिवार की तरह खड़ी रहेगी और हर संभव सहयोग देती रहेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खासतौर पर उन मुश्किलों के बारे में भी जाना, जिनका सामना इन परिवारों को पिछली सरकार के समय करना पड़ा।

फाइलों में देरी और अनुग्रह राशि समय पर न मिलने के कारण उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा और कई परेशानियां झेलनी पड़ीं। मुख्यमंत्री ने परिजनों से बात करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार ऐसे मामलों को अब सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आगे किसी भी योग्य परिवार को मदद पाने के लिए बेवजह इंतजार न करना पड़े। मुख्यमंत्री के इन शब्दों से वहां मौजूद परिवारों के चेहरे पर थोड़ी राहत और भरोसे की झलक साफ दिखाई दी।कार्यक्रम के दौरान छह कोविड योद्धाओं के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गई। ये सभी कर्मी सरकार के विभिन्न विभागों जैसे एमसीडी, डीटीसी, दिल्ली जल बोर्ड, इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर, एनडीएमसी एवं मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से जुड़े थे। पैरामेडिकल स्टाफ ने अस्पतालों और टेस्टिंग सेंटरों में अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं दीं। वहीं अन्य विभागों के कर्मचारियों ने यह सुनिश्चित किया कि लॉकडाउन के दौरान भी दिल्ली की बुनियादी सेवाएं पानी, सफाई और परिवहन निर्बाध रूप से चलती रहें।उन्होंने कहा कि कोविड योद्धाओं के परिवारों को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। यह आर्थिक मदद केवल एक सहारा है ताकि परिवारों को रोजमर्रा की परेशानियों में कुछ राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने कोविड के कठिन समय को याद करते हुए कहा कि उस दौर में कई लोगों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपना कर्तव्य निभाया और समाज व सरकार की सेवा की। उन्होंने ऐसे सभी कर्मवीरों को श्रद्धा के साथ नमन किया। उन्होंने दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की कि वह परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति दे। इसके अलावा, दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक यूनिट के एएसआई स्वर्गीय राधे श्याम के परिवार को भी एक करोड़ रुपये की सहायता दी गई। उन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई थी। मुख्यमंत्री ने द्वारका में एक दिवंगत बालक के परिवार को भी आर्थिक मदद दी। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी।

## सरकारी स्कूलों में छठी से नौवीं के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 6-9 के लिए गैर-योजना श्रेणी के तहत प्रवेश 2026-27 शैक्षणिक सत्र के लिए 1 अप्रैल से शुरू हो गए हैं । गैर-योजना प्रवेश केवल दिल्ली में रहने वाले उन छात्रों के लिए हैं जिनकी पढ़ाई कुछ परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुई है, जैसे कि माता-पिता की नौकरी का तबादला और वे छात्र जो अंतिम कक्षा तक निजी स्कूलों में पढ़ रहे थे। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से तीन चरणों में आयोजित की जा रही है। पहला चरण 7 अप्रैल (शाम 5 बजे) तक खुला रहेगा, इसके बाद के चरण 30 अप्रैल से 25 मई और 1 जुलाई से 25 जुलाई के बीच चलेंगे। शिक्षा निदेशालय ने बताया कि जो छात्र पिछली कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, उनका पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा। वहीं, 10 से 14 वर्ष के वे बच्चे जो स्कूल से बाहर हैं, वे अपने नजदीकी स्कूल में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं।

# शाहदरा नॉर्थ जोन में सीबीआई की छापेमारी, जेई व 1 बेलदार हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा नॉर्थ जोन में भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। सोमवार को जोन के डिप्टी कमिश्नर कर्नल अभिषेक मिश्रा और प्रशासनिक अधिकारी (एओ) दिव्यांशु गौतम की गिरफ्तारी के बाद बुधवार को भी सीबीआई की टीम जोनल कार्यालय पहुंची और कई घंटों तक गहन जांच की।

सीबीआई अधिकारियों ने अलग-अलग विभागों के कमरों की तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज, फाइलें व लैपटॉप अपने कब्जे में लिए। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान एक जूनियर इंजीनियर (जेई) शुभम रावत और एक बेलदार गिरिराज बंसल को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। मामला करावल नगर क्षेत्र की एक इमारत से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां निर्माण कार्य को लेकर शिकायत सामने आई थी। आरोप है कि मामले में कथित तौर पर अवैध रिश्वत की बात सामने आई थी। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। सीबीआई टीम के अचानक पहुंचने से कार्यालय में दिनभर हलचल और अफरातफरी का माहौल बना रहा। कर्मचारी आपस में मामले को लेकर चर्चा करते नजर आए।

## नाबालिग उम्र में सोशल मीडिया पर डाला फायरिंग का वीडियो

**नई दिल्ली।** नाबालिग उम्र में ही पिस्टल से फायरिंग करते हुए की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करके इलाके में दहशत मचाने और गैंगस्टरों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने वाले एक नाबालिग को नॉर्थ वेस्ट जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने पकड़ा है। जिसके कब्जे से पिस्टल और कारतूस बरामद किये हैं। नाबालिग से हथियारों के सॉर्स के बारे में पता करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो (रील) वायरल हुई, जिसमें एक युवक खुलेआम पिस्टल से फायरिंग करता हुआ दिखाई दे रहा था। एसीपी रणजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से नाबालिग की पहचान करके उसके ठिकाने पर छापेमारी की। एक पुख्ता जानकारी के बाद नाबालिग को अशोक विहार के वजीरपुर स्थित झुग्गी शहीद सुखदेव सिंह नगर इलाके से पकड़ा। उसकी निशानदेही पर पिस्टल और कारतूस भी बरामद किया।

# इसी सप्ताह से शुरू होगा सीयूईटी के लिए आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने 2026-27 सत्र का वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया है। इसके अनुसार,सीयूईटी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण इसी सप्ताह से शुरू होगा।

विभाग ने बताया कि स्कूलों के सही ढंग से चलने और छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए छुट्टियों और नियमों को ध्यान में रखकर यह कैलेंडर तैयार किया गया है। दिल्ली के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए जारी किए गए इस कैलेंडर में आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रवेश, परीक्षाओं, छुट्टियों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की अहम तिथियों का विवरण दिया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश 11 मई से 30 जून तक रहेगा, जबकि शरदकालीन अवकाश 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक निर्धारित है। शीतकालीन अवकाश 1 जनवरी से 15 जनवरी, 2027 तक रहेगा। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा तीसरी से बारहवीं तक की मध्यावधि परीक्षाएं 15 सितंबर से 13 अक्टूबर के बीच आयोजित की जाएंगी, जबकि कक्षा तीसरी से नौवीं और ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं 15 फरवरी से 23 मार्च, 2027 तक निर्धारित हैं। परिणाम मार्च के अंत तक घोषित किए जाएंगे।



शहीद कोरोना योद्धाओं के परिवारों को मुख्यमंत्रीएक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपते हुए।

# 3000 रुपये का लिया ब्लैक में सिलिंडर, एक ही दिन में हुआ खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे जंग से पैदा हुए हालात के बीच जहां सिलिंडर मिलना मुश्किल है वहीं इसकी कालाबजारी से जनता परेशान है। ऐसे ही एक मामले में विवेक विहार में हंगामा इस कदर बरपा कि पुलिस बुलानी पड़ी। उधर, पुलिस बेशक कालाबजारी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन अभी भी खुलेआम अवैध रूप से सिलिंडर रिफलिंग हो रही है। विवेक विहार गैस एजेंसी परिसर में तबरेज नाम के उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि सोमवार वह 3000 रुपये में ब्लैक से सिलिंडर लेकर अपने घर गया था। उसके अगले ही दिन मंगलवार उसका सिलिंडर खत्म हो गया। तबरेज के मुताबिक, गैस एजेंसी में शिकायत इसकी शिकायत करने पर वहां मौजूद कर्मी उससे झगड़ने लगे। परेशान होकर उसको पुलिस बुलानी पड़ी। तबरेज ने पुलिस के सामने एजेंसी पर गैस चोरी की शिकायत की है। दोनों पक्षों को शांत कराने के साथ पुलिस पीड़ित की शिकायत की जांच कर रही है।

दिल्ली पुलिस इस वक्त जगह-जगह छापेमारी कर कालाबजारी करने वालों को कार्रवाई कर रही है। फिर भी, चौक-चौराहों पर अवैध रिफलिंग करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला विवेक विहार थाने से कुछ दूरी पर दिखा। वहां मौजूद लोगों की शिकायत थी कि सिलिंडर की रिफिलिंग 400-500 रुपये प्रति किलो के हिसाब से की जा रही है। सुरक्षा इंतजामों का भी ख्याल न होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। एक गैस एजेंसी पर सिलिंडर भरवाने एजेंसी पर पहुंचे पिता-पुत्र का जब गैस नहीं मिली, तब वह रोने लगे। इनका कहना था कि वह काफी दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। मंगलवार को भी वह इसी आस में आए थे कि सिलिंडर मिल जाएगा। लेकिन एक बार फिर उनको सफलता नहीं मिल सकी। मासूम बेटे ने बताया कि सिलिंडर न मिल पाने के कारण ठीक से खाना भी नसीब नहीं हो रहा है। इतना बोलते-बोलते पिता-पुत्र रोने लगे।

## बसें बढ़ी यात्रियों की संख्या घटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बस यात्रियों की संख्या में कोविड के बाद से बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। कोविड से पहले राजधानी में डीटीसी और क्लस्टर बसों में रोजाना औसतन करीब 40 से 45 लाख यात्री सफर करते थे। यह संख्या दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की ताकत मानी जाती थी। लेकिन अब यह घटकर लगभग 30 से 35 लाख के बीच सिमट गई है। यानी हर दिन करीब 8 से 10 लाख यात्री बसों से गायब हो चुके हैं।

दिल्ली के आर्थिक सर्वे 2025-26 के मुताबिक ट्रांसपोर्ट सेक्टर को सबसे ज्यादा 11,964 करोड़ का बजट दिया गया है। इसके अलावा डीटीसी के घाटे को पूरा करने के लिए अलग से हजारों करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।

# ट्रैफिक पुलिस ने नकली 'नो-एंट्री परमिट' के खिलाफ एडवाइजरी जारी करने के साथ की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने नकली 'नो-एंट्री परमिट' (एनई पी) के खिलाफ एडवाइजरी जारी की है। इसके साथ साथ दिल्ली ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक, जोन-I और मुख्यालय) विजयता गोयल आर्य ने बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के संज्ञान में आया कि दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चलने वाले कमर्शियल वाहन नकली और जाली श्नो-एंट्री परमिटश का इस्तेमाल कर रहे हैं। हाल ही में, पिछले दो हफ्तों में ऐसे दो मामले सामने आए हैं - एक पूर्वी ट्रैफिक रेंज में और दूसरा मध्य रेंज में। इन मामलों में, स्टाफ ऐसे वाहनों को पकड़ा जो अनाधिकृत एजेंटों या दलालों के जरिए हासिल किए गए जाली 'नो-एंट्री परमिशन' का इस्तेमाल करके चल रहे थे।

इन मामलों का पता चलने पर, गोकुलपुरी और वजीराबाद थाने में एफआई आर दर्ज की गई हैं। इसके बाद से उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'भारतीय न्याय संहिता' के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और जाली दस्तावेजों के इस्तेमाल से जुड़ी संबंधित धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ साथ जाली परमिट और स्टिकर बनाने और उनकी सप्लाई करने वाले नेटवर्क की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए जांच भी चल रही है। उन्होंने बताया कि श्नो-एंट्री पासश केवल अधिकृत प्रक्रियाओं के जरिए ही जारी किए जाते हैं। डीपीटी तीन तरह के श्नो-एंट्री पासश जारी करती है। 'सालाना नो-एंट्री पास' एक साल के लिए वैध होता है। इसके लिए आवेदन शुल्क 200 रुपये है और मंजूरी मिलने पर पास/स्टिकर शुल्क 500 रुपये है। यह पास केवल दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल के जरिए ही जारी किया जाता है। 'अस्थायी नो-एंट्री पास' तीन महीने तक के लिए वैध होता है, इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगता, और यह भी केवल ऑनलाइन पोर्टल के जरिए ही जारी किया जाता है। तीसरा, श्अल्पकालिक पासश एक हफ्ते तक के लिए वैध होता है, इसके लिए भी कोई शुल्क नहीं लगता, और इसे संबंधित ट्रैफिक रेंज के पुलिस उपायुक्त द्वारा ऑफलाइन जारी किया जाता है। ये पास वाहन के प्रकार, ईंधन के नियमों, रास्तों, इलाकों और अनुमत समय के संबंध में कुछ खास शर्तों के अधीन होते हैं। दस साल से ज़्यादा पुरानी डीजल गाड़ियों की अनुमति नहीं है, और सीएन तथा बीएस- मानकों वाली गाड़ियों को प्राथमिकता दी जाती है। एक हफ्ते से ज़्यादा समय के लिए वैध 'नो-एंट्री पास' पाने की आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है, जो दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक पोर्टल के जरिए होती है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे सीधे आवेदन करें और सिस्टम के जरिए मंजूर हुए परमिट डाउनलोड करें।

# डॉ. प्रतिभा राय सहित 3 रचनाकारों को साहित्य अकादमी की महत्तर सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय साहित्य जगत के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। साहित्य अकादमी ने देश के तीन प्रख्यात साहित्यकारों को अपनी सर्वोच्च उपाधि 'महत्तर सदस्यता' प्रदान करने की घोषणा की है।

इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए ओड़िआ लेखिका डॉ. प्रतिभा राय, सिंधी साहित्यकार लख्मी खिलाणी और उर्दू के दिग्गज रचनाकार अब्दुस समद का चयन किया गया है। साहित्य अकादमी की यह सदस्यता भारतीय साहित्य के क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान मानी जाती है, जो केवल उन्हीं विरले साहित्यकारों को दी जाती है जिन्होंने अपने लेखन से साहित्य को नई ऊंचाइयां दी हों। अकादमी ने इसे संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया है। जल्द ही एक विशेष समारोह में इन विभूतियों को औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. प्रतिभा राय (ओड़िया): वर्ष 2011 की ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. प्रतिभा राय के नाम 20 उपन्यास और 24 कथा संग्रह दर्ज हैं।

सिंधी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर लखमी खिलाणी को उनके चर्चित कहानी-संग्रह '' गुफा जे हुन पार'' के लिए 1996 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। दो दर्जन से अधिक पुस्तकों के रचयिता खिलाणी एक प्रख्यात संपादक और विद्वान भी हैं। अब्दुस समद (उर्दू): बिहार के नालंदा से ताल्लुक रखने वाले अब्दुस समद उर्दू साहित्य के स्तंभ माने जाते हैं।

## कंपार्टमेंट परीक्षा 10 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** सरकारी स्कूलों में कंपार्टमेंट की परीक्षा 10 अप्रैल से शुरू हो रही है, जिसमें पांचवीं, आठवीं, नौवीं व ग्यारहवीं के वे छात्र शामिल होंगे जो कंपार्टमेंट की श्रेणी में आते हैं। पांचवीं, आठवीं, नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों की कंपार्टमेंट परीक्षा की तैयारी विशेष रेमेडियल कक्षाओं से होगी। शिक्षा निदेशालय ने कॉमन कम्पार्टमेंट स्कूल परीक्षा 2025-26 में शामिल होने वाले छात्रों के लिए विशेष रेमेडियल कक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इन कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित करने को कहा है। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि रेमेडियल कक्षाएं विषयवार और सुनियोजित तरीके से संचालित की जाएं जिससे छात्रों की कमजोरियों को दूर किया जा सके।

# बीसी वाहन चोर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड की टीम ने एक सक्रिय वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल और पांच चोरी की बाइक बरामद की है।आरोपी मुंडका थाने का बीसी है और पहले पंद्रह से ज्यादा अन्य मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 29 मार्च को जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड को एक गुप्त सूचना मिली कि निहाल विहार, ऋषाल गार्डन में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास एक व्यक्ति के पास अवैध हथियार है।इस विश्वसनीय सूचना पर एसआई संदीप, ए एसआई राजकुमार, हेड कांस्टेबल राकेश, संदीप, ललित और कांस्टेबल. प्रीतम की टीम तुरंत बताई गई जगह पर पहुंची और एक व्यक्ति को बाइक चलाते हुए देखा।

पुलिस को देखते ही उसने यूटर्न-टर्न लेकर भागने की कोशिश की।संदिग्ध गतिविधि भांपते हुए टीम ने तुरंत कार्रवाई कर बाइक सवार को पकड़ लिया।पुलिस द्वारा उसकी पहचान करण (23) के रूप में हुई है।उसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद की है। जांच करने पर पता चला कि बाइक चोरी की है।पुलिस पूछताछ के दौरान, उसकी निशानदेही पर टीम ने चंचल पार्क से चार और बाइक बरामद कीं।

## नशीले पदार्थों के विदेशी सप्लायर को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने नशीले पदार्थों के सप्लायर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से 1.25 करोड़ रुपये की कीमत की 109.04 ग्राम कोकीन बरामद की है। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि रोहिणी जिले के इलाकध्े में प्रतिबंधित पदार्थों पर रोक लगाने के उद्देश्य से एसीपी ऑपरेशन अजमेर सिंह की देखरेख में एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड इंस्पेक्टर पंकज कुमार के नेतृत्व वाली एक टीम नशीले पदार्थों और साइकोट्रॉपिक पदार्थों की अवैध बिक्री में शामिल अपराधियों के बारे में जानकारी जुटाने का काम कर रही थी।इसी बीच 31 मार्च को रोहिणी साउथ थाने के इलाके में नशीले पदार्थों के एक पेडलर/सप्लायर की आवाजाही के बारे में विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली थी।

# निर्मला सीतारमण के खिलाफ मानहानि शिकायत खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत अदालत ने खारिज कर दी है। यह शिकायत पूर्व आप विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा ने दर्ज कराई थी। अदालत ने मामले में आगे बढ़ने का कोई कारण नहीं पाया।अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने इस शिकायत को खारिज करने का आदेश दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सीतारमण ने 17 मई, 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मानहानिकारक और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां की थीं। इन बयानों का उद्देश्य सोमनाथ भारती की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना था। साथ ही, 2024 के आम चुनावों में उनकी चुनावी संभावनाओं को कम करना भी इसका लक्ष्य था। लिपिका मित्रा ने अपनी शिकायत में कहा था कि ये टिप्पणियां राजनीतिक लाभ के लिए की गई थीं। इनका मकसद भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को फायदा पहुंचाना था। अदालत ने इस मामले को सुनवाई के लिए अनुपयुक्त पाया। विस्तृत फैसले का इंतजार किया जा रहा है। लिपिका मित्रा ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि वित्त मंत्री के बयान दुर्भावनापूर्ण थे। इन बयानों से उनके पति सोमनाथ भारती की सार्वजनिक छवि को गहरा नुकसान पहुंचा। शिकायत में कहा गया था कि ये टिप्पणियां जानबूझकर की गई थीं।

# अतिक्रमण के चलते दिल्ली से गायब हुए तालाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तालाब शहर के लिए बढ़ते जल संकट का संकेत बनते जा रहे हैं। कभी बारिश का पानी सहेजने, तापमान संतुलित रखने और जैव विविधता को सहारा देने वाले ये जल स्रोत आज या तो सूख चुके हैं या कब्जे की भेंट चढ़ रहे हैं।

दिल्ली नमभूमि प्राधिकरण की राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दाखिल हालिया स्थिति रिपोर्ट में सामने आया है कि कई तालाबों का सीमांकन अधूरा है और उनके संरक्षण के लिए ठोस योजना का अभाव है। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो पेयजल संकट और भी गंभीर हो जाएगा। एनजीटी के 15 दिसंबर 2025 के आदेश के बाद रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसमें सभी सरकारी विभागों को अपने क्षेत्र के तालाबों की स्थिति, सीमांकन, कब्जे और संरक्षण योजना की जानकारी देने के लिए कहा गया था। इसके लिए 9 जनवरी 2026 को एक साझा ऑनलाइन फॉर्म भी भेजा गया, लेकिन कई विभागों ने अब तक पूरी जानकारी नहीं दी।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पास कुल 416 तालाब दर्ज हैं। इनमें से 124 तालाबों का सीमांकन पूरा हुआ है जबकि 292 तालाबों की सीमाएं अब तक तय नहीं की गई हैं। एक तालाब का सीमांकन लंबित है। राजस्व विभाग, नगर निगम और कुछ अन्य एजेंसियों ने आंशिक जानकारी दी है, लेकिन कई बड़े विभाग जैसे केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पूरी जानकारी साझा नहीं की। रिपोर्ट में सबसे बड़ी चिंता तालाबों पर हो रहे कब्जे को लेकर जताई गई है। डीडीए ने माना कि कई तालाब पूरी तरह या आंशिक रूप से अतिक्रमण की चपेट में हैं।

इन स्थानों पर स्कूल, पुलिस स्टेशन, पार्किंग, मकान और अन्य निर्माण हो चुके हैं। कुछ जगहों पर तो तालाब का निशान तक नहीं बचा है। राजस्व विभाग ने तीन तालाबों पर पूरी तरह कब्जा होने की बात स्वीकार की है जबकि एएसआई के दो तालाब सूख चुके हैं और कब्जे में हैं। पानी की गुणवत्ता को लेकर भी स्थिति चिंताजनक है। अधिकांश तालाबों में पानी की जांच नहीं की गई है।

# मेयर कार्यालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुधवार को मेयर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह कार्यालय सिविक सेंटर में स्थित है, जहां सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। धमकी मिलने के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई । पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीमें मौके पर पहुंचकर सघन तलाशी अभियान चलाया हालांकि अब तक कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति सामने नहीं आया। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई थी। जैसे ही इसकी सूचना मिली, दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम, बम निरोधक दस्ता और स्थानीय पुलिस तुरंत सिविक सेंटर पहुंच गई। पूरे परिसर को घेर लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया।

सिविक सेंटर और आसपास के इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान जारी है। हर कोने की जांच की जा रही है ताकि किसी भी तरह के खतरे को समय रहते टाला जा सके। फिलहाल जांच के दौरान कोई संदिग्ध गतिविधि या वस्तु नहीं मिली है, लेकिन एहतियात के तौर पर सर्च ऑपरेशन जारी है। दिल्ली पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि धमकी देने वाले की पहचान करने और उसके पीछे की मंशा का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने दिल्ली में निगरानी अभियान तेज किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर दिल्ली सरकार के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने राजधानी दिल्ली में नागरिकों के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगरानी एवं प्रवर्तन की कार्रवाई को और तेज कर दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली के प्रत्येक नागरिक के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मैंने खाद्य सुरक्षा विभाग को विशेष तौर से निर्देश दिए हैं कि त्योहारों के दौरान सख्त निगरानी बनाए रखने के साथ किसी भी उल्लंघन के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें। अब तक मिले सकारात्मक परिणाम हमारे निरंतर प्रयासों का ही नतीजा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हम खाद्य सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रवर्तन और निगरानी तंत्र को और मजबूत करते रहेंगे। दिल्ली के अलग-अलग जिलों में लगातार निरीक्षण और विशेष निगरानी अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य व्यवसाय संचालकों से कुल 98 खाद्य नमूने लिए गए हैं। इन नमूनों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली खाद्य वस्तुएं जैसे मिठाइयां, डेयरी उत्पाद, मसाले और अन्य जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थीं।खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला द्वारा अब तक 54 नमूनों की जांच रिपोर्ट जारी की जा चुकी है, जिनमें सभी नमूने निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाए गए हैं। अब तक मिली रिपोर्ट में कोई भी नमूना असुरक्षित या मानकों पर खड़ा उतरने में असफल नहीं पाया गया है। बाकी बचे नमूनों की जांच जारी है और उनकी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है। नवरात्रि के दौरान भी इस तरह के विशेष अभियान के तहत विभाग ने बड़े पैमाने विशेष तौर से लगातार निरीक्षण किए गए। जिसमें व्रत के दौरान सेवन किए जाने वाले खाद्य पदार्थों जैसे कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, साबूदाना, फल एवं डेयरी उत्पादों पर विशेष तौर पर ध्यान दिया गया।

## 'अपना घर आश्रम' को एक करोड़ रुपये की मदद

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ने सामाजिक सरोकारों को सशक्त करते हुए दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की सीएसआर पहल के अंतर्गत बुढपुर स्थित 'अपना घर आश्रम' को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक वितरित किया।

यह राशि आश्रम के संचालन व्यय के लिए प्रदान की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 'अपना घर आश्रम' जैसे संस्थान निराश्रित एवं असहाय लोगों को आश्रय, भोजन, चिकित्सा और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर समाज में सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने समाज के सक्षम वर्ग से भी ऐसे प्रयासों में सहयोग करने का आह्वान किया।

# रोहिणी इलाके में देनी थी सवा करोड़ की कॉकीन, पकड़ी गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ रोहिणी इलाके में सवा करोड़ रुपये की कॉकीन किसी को सप्लाई करने आई एक महिला नाइजीरियन पीस को रोहिणी की एंटी नॉरकोटिक्स यूनिट ने गिरफ्तार किया है। जिससे उसके अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क के बारे में पता करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इतनी बढ़ी कॉकीन की खेप जरूर रहीसजादों की पार्टी के लिये आई थी। क्योंकि कॉकीन का सेवन रहीसजादों की पार्टी में होता है और इस ड्रग्स की कीमत दूसरी डग्स से काफी ज्यादा होती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एंटी नॉरकोटिक्स यूनिट में तैनात पंकज कुमार की टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी पीस को गिरफ्तार किया। उस वक्त वह किसी का इंतजार कर रही थी। आरोपी पीस विकासपुरी इलाके में किराये के मकान पर रहती है। पहले वह किसी केस में शामिल नहीं थी। इस काम को वह कमीशन पर कर रही थी। उसको उसके साथी ने कॉकीन को किसी आगे सप्लाई करने के लिये दिया था। जिसके बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। पीस भारत में कब से रह रही है। उसका पासपोर्ट वीजा कब तक का है। इस बारे में भी पूछताछ की जा रही है। अगर वह अवैध तरीके से रह रही थी।

# टेक्नोलॉजी का महाकुंभ, 'शंखनाद 2026' में दिखी प्रतिभा की चमक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में सोमवार को वार्षिक तकनीकी उत्सव 'शंखनाद-2026' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संस्थापक चेयरमैन राकेश सिंघल ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, महा. निदेशक प्रो. डा. सुभाष गौतम, जेएमएस आईटी गाजियाबाद के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डा. एके चौहान, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक सहित अन्य गणमान्य अतिथि, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत सेमिनार हॉल में प्रातः 10:30 बजे हुई, जहां कार्यक्रम संचालिका डा. प्रीति शर्मा ने टेक फेस्ट का परिचय प्रस्तुत किया। संस्थान के संस्थापक चेयरमैन राकेश सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने 'शंखनाद-2026' के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ने बताया कि इस टेक फेस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है, ताकि वे समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकें।

उन्होंने कहा कि यह मंच छात्रों को अपनी रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर देता है। कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारियों, रजिस्ट्रार, संकाय सदस्यों और आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'शंखनाद-2026' ने न केवल विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच दिया, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्कृष्टता को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

# साइकिल से जा रहे बच्चे पर हमला, स्कूटी सवारों की दबंगई कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के फी गंज रोड पर 13 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई और स्कूटी सवार दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने इलाके में लोगों को झकझोर कर रख दिया है।



बताया जा रहा है कि पीड़ित बच्चा साइकिल से अपने काम से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से स्कूटी पर सवार दो युवक आ रहे थे। अचानक बच्चे की साइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह थोड़ी इधर-उधर हो गई। इसी बात को लेकर दोनों युवक गुस्से में आ गए और बच्चे को गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मासूम द्वारा विरोध करने पर भी आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने बीच सड़क पर ही बच्चे को पीटना जारी रखा। मौके पर मौजूद लोगों ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी उनसे भी उलझने लगे और भीड़ पर हावी होने का प्रयास किया। यह देख वहां मौजूद लोग आक्रोशित हो उठे और उन्होंने दोनों आरोपियों को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हापुड़ के 85 गांवों में टीबी जांच अभियान, 100 दिन चलेगी खास मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर घोषित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का जनपद में शुभारंभ कर दिया गया है। इस अभियान की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अटल पार्क में की गई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने व्यापक रूप से भाग लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वेदप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद के सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा चिन्हित 85 गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी, ताकि क्षय रोग के संभावित मरीजों की समय रहते पहचान हो सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेजी लाना और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनपद में तीन हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनें भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह विशेष अभियान आगामी 100 दिनों तक लगातार चलाया जाएगा,



जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव जाकर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने के साथ ही निशुल्क जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर अपनी जांच अवश्य कराएं और टीबी मुक्त समाज बनाने में सहयोग दें।

# छात्रा के सिर पर गंभीर चोट, जवाब मांगने पर पिता से अभद्रता व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/पिलखुवा।** शहर के गढ़ी परतारपुर रोड स्थित वीआईपी इंटर कॉलेज एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते सुर्खियों में है। स्कूल में एक छात्रा के सिर पर लगी गंभीर चोट के मामले में लापरवाही के आरोपों के बीच जानकारी लेने पहुंचे पिता के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।



पीड़ित पिता मोहम्मद जाहिद का आरोप है कि 31 मार्च को उनकी बेटी जैनब स्कूल परिसर में घायल हो गई थी। आरोप है कि विद्यालय प्रशासन ने न तो बच्ची का समुचित उपचार कराया और न ही परिजनों को समय पर इसकी सूचना दी। बच्ची के माथे पर केवल पट्टी बांधकर उसे घर भेज दिया गया और मामूली गिरने की बात कहकर मामला टाल दिया गया। परिजनों के अनुसार, घर पहुंचने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ती चली गई और चेहरे पर सूजन बढ़ गई। आरोप है कि जब पट्टी हटाई गई तो गहरा घाव सामने आया। अगले दिन चिकित्सक को दिखाने पर बच्ची के सिर पर तीन टांके लगाने पड़े। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि स्कूल में प्राथमिक उपचार के मानकों का पालन नहीं किया गया और न ही टिटनेस का इंजेक्शन लगाया गया, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। घटना से आक्रोशित होकर 1 अप्रैल को मोहम्मद जाहिद अपने परिजनों के साथ स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्य वीना शर्मा से मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने स्पष्ट जानकारी देने से इनकार कर दिया और बातचीत के दौरान आपा खो दिया। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान प्रधानाचार्य, उनके बेटे और कुछ शिक्षकों ने अभद्रता करते हुए उनके साथ मारपीट की। घटना के दौरान मौजूद लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो और स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को महत्वपूर्ण साक्ष्य माना जा रहा है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि स्कूल में इस प्रकार की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया गया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहम्मद जाहिद ने कोतवाली में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान का कहना है कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़कों के बीच खड़े बिजली खंभों पर चलेगा अभियान, लोगों को मिलेगी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर क्षेत्र में सड़कों के बीच खड़े बिजली के खंभों से हो रही परेशानी को लेकर प्रशासन और बिजली विभाग अब पूरी तरह सख्त हो गए हैं। आमजन की लगातार शिकायतों और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को देखते हुए 2 अप्रैल को संयुक्त सर्वे कराने का निर्णय लिया गया है, जिसके बाद प्राथमिकता के आधार पर खंभों को शिफ्ट करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि अधिशासी अभियंता के निर्देश पर ऊर्जा निगम और नगर पालिका की संयुक्त टीम पूरे नगर क्षेत्र में सर्वे करेगी। इस दौरान उन स्थानों को चिन्हित किया जाएगा, जहां बिजली के खंभे सड़कों के बीच खड़े होकर आवागमन में बाधा बन रहे हैं या निर्माण कार्यों में रुकावट पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी और प्राथमिकता तय कर चरणबद्ध तरीके से पोल शिफ्टिंग का कार्य कराया जाएगा। जिन क्षेत्रों में स्थिति अधिक गंभीर है, वहां सबसे पहले कार्रवाई की जाएगी, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता मनीष यादव ने भी स्पष्ट किया कि सर्वे के बाद चिन्हित स्थानों पर बिना किसी देरी के शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां भी खंभे यातायात या विकास कार्यों में बाधा बन रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाएगा और पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। नगर पालिका और बिजली विभाग के इस संयुक्त अभियान से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आने और विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



# मिशन शक्ति अभियान तेज, छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड से बचने का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में थाना हाफिजपुर क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल कुराना में उपनिरीक्षक पीयूषी एवं एलसी अनुराधा ने छात्रों और अध्यापकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को .ंचा फाइल प्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने या किसी के साथ ओटीपी साझा करने से गंभीर आर्थिक नुकसान हो सकता है। साथ ही छात्रों को साइबर हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। उधर, थाना हापुड़ नगर क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में भी मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पुलिस टीम ने छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें आत्मरक्षा, कानून संबंधी अधिकारों और आपातकालीन स्थितियों में सहायता प्राप्त करने के उपायों के बारे में बताया। बालि. काओं को विभिन्न हेल्पलाइन की उपयोगिता समझाई गई और उन्हें पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने सभी से अपील की कि सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें।



## एक नजर

### अपराध पर वार, चेकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, नियमित चेकिंग अभियान के दौरान टीम आरपीएफ बैरक स्थित शिव मंदिर के पास संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। इसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शहनवाज पुत्र हाजी भूरा निवासी मोहल्ला सिकंदरगेट, थाना हापुड़ नगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए इस तरह के चेकिंग अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### चोरी की वारदात का पर्दाफाश, दो टायर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में प्रतिष्ठान एग्रीकल्चर स्टोर से टायर चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दो टायर भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना और सघन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने रामपुर रोड स्थित गंदे नाले के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिवम पुत्र बेदी निवासी ग्राम उपेड़ा, थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से जे.के. कंपनी के दो टायर बरामद हुए, जो प्रतिष्ठान एग्रीकल्चर स्टोर से चोरी किए गए थे। पुलिस ने बताया कि यह बरामदगी थाना हापुड़ नगर में दर्ज मुकदमा संख्या 161/2026 धारा 305 बीएनएस से संबंधित है। थाना प्रभारी ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हवन-पूजन के साथ नवीन सत्र का किया गया शुभारंभ

**पूरनपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन सत्र शुभारंभ के उपलक्ष में हवन- पूजन कार्यक्रम श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष विद्यालय अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, डॉ रवि गुप्ता, कृष्ण कुमार गोयल, गौरव गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता व प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा व कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के द्वारा हवन- पूजन कर हुआ। हवन -पूजन का कार्यक्रम मंत्र उच्चारण के साथ पुरोहित विवेक मिश्रा के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना व हवन किया गया , जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। नवीन सत्र के शुभारंभ हेतु इस अवसर पर सभी भैया-बहिनों को अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, डॉ रवि गुप्ता, कृष्ण कुमार गोयल, गौरव गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता व प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अनिल कुमार गुप्ता, संजय पांडेय, राजीव सिंह, मोहन लाल गंगवार, राजीव मोहन अग्रवाल, अरुण विश्वकर्मा, अखिलकांत पांडेय, सूर्यवाला शर्मा, नूतन गुप्ता, चांदनी गुप्ता, सुरभि सिंह, रजनी वर्मा, वैशाली, पिंकी सिंह, सोनाली गुप्ता, तनु मिश्रा, ज्योति पांडेय, मीडिया प्रभारी ऋषि कुमार, पंकज मिश्रा, मनोज पांडेय,अशोक वर्मा, बलराम वर्मा, विवेक, मोहित पांडेय, राजेश वर्मा, संतोष मिश्र, इन्दूधर दीक्षित, चंद्रकांत विश्वकर्मा, शीशपाल वर्मा, दीपक द्विवेदी, योगेश शर्मा, राकेश शर्मा, राहुल मिश्रा आदि सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीलीभीत जिला बास्केटबॉल संघ की वार्षिक बैठक में पास हुए कई अहम प्रस्ताव

**पीलीभीत।** जिला बास्केटबॉल संघ पीलीभीत की वार्षिक सामान्य बैठक आज जनपद के बेन-हर पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ। परविंदर सिंह सैहमी ने की। बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश यूथ स्टेट अंडर-16 बास्केटबॉल प्रतियोगिता को जनपद पीलीभीत में भव्य रूप से आयोजित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। यह प्रतियोगिता जून 2026 के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों की बालक एवं बालिका टीमों के बीच मुकाबला होगा। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगे राष्ट्रीय स्तर के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता को यादगार और सफल बनाने के लिए सदस्यों द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इसके अलावा, जिले में बास्केटबॉल खेल के व्यापक विस्तार को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में स्कूल, कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज स्तर पर नियमित बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं के आयोजन, खिलाड़ियों को विभिन्न स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने, योग्य कोचों की व्यवस्था तथा जूनियर, सीनियर एवं सब-जूनियर स्तर की समय-समय पर प्रतियोगिताओं के आयोजन पर चर्चा हुई। इन सभी बिंदुओं पर एक व्यापक नीति तैयार की गई, जिससे जिले में बास्केटबॉल खेल का तेजी से विकास हो सके। बैठक के दौरान नए सदस्यों को भी संघ में शामिल किया गया। नए कार्यकारी सदस्यों के रूप में जयदीप सिंह, रमनदीप सिंह और जगजीत सिंह को शामिल किया गया। पुराने सदस्यों को महत्वपूर्ण पदों पर पदोन्नत किया गया। मनोज भास्कर एवं राजेंद्र मौर्य को संयुक्त सचिव तथा कमल खोलिया को टेक्निकल कमिटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया। मीटिंग में अध्यक्षरू डॉ। परविंदर सिंह सैहमी उपाध्यक्षरू देव सिंह, गुरस. ेवक सिंह, महिला उपाध्यक्षरू जसदीप कौर कोषाध्यक्षरू अमन सिंह सीनियर उपाध्यक्षरू नरेंद्र कुमार मौर्य, संयुक्त सचिवरू मनोज भास्कर, राजेंद्र मौर्य, टेक्निकल कमिटी चेयरमैनरू कमल खोलिया, एग्जीक्यूटिव सदस्यरू एकांत अरोडा, जयदीप सिंह, रमनदीप सिंह, नीरज गंगवार, अल्का चौधरी, सचिवरू आशीष सिंह आदि मौजूद रहे।



### झंडी पदयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने माता का लिया आशीर्वाद

**पीलीभीत।** मंगलवार को शहर के चावला चौराहा स्थित पाकड़नाथ हनुमान मंदिर से माता यशवंतरी देवी मंदिर तक भव्य झंडी पदयात्रा निक. ाली गई। श्रद्धा और उत्साह से सराबा. ेर इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। पदयात्रा की शुरुआत पाकड़नाथ हनुमान मंदिर से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आह्वान किया। इसके बाद श्रद्धालु हाथों में झंडियां लेकर जयकारों के साथ आगे बढ़े। रास्ते भर ह्जय माता दीह्व के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

माता यशवंतरी देवी मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दरबार सजाकर विधि-विधान से पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ। आस्था अग्रवाल एवं सभासद साकेत सक्सेना ने भी पदयात्रा में शामिल होकर माता का पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में अनिल जैसवार, महेंद्र वर्मा रिंकू, सोनी शर्मा, भारत राठौर, नितिन शर्मा, कृष्णा वर्मा, पीयूष राजपूत, उज्ज्वल मिश्रा, ललित लोधी, रामबा. बू वर्मा, जूली वर्मा, जय शर्मा, निक्की वास्तव, अजय सिंह, राजन गंगवार, सुमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एक अरब 15 करोड़ 54 लाख से सुधरेगी पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र के पुल पुलियों की सूरत

**पीलीभीत।** पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र के कई मार्ग एवं पुल पुलियों के दशा सुधरने वाली है। इसके लिए शासन ने एक अरब 15 करोड़ 54 लाख 4 हजार रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने यह जानकारी देते हुए बताया की विधानसभा क्षेत्र के कई मार्ग एवं पुल पुलियों के रख रखाव और एप्रोच रोड आदि के निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्ताव भेजे गए थे जिनकी स्वीकृति शासन से मिली है। उन्होनें बताया की राज्य योजना अन्तर्गत दीर्ध सेतु द्धग्रामीणत्र्ञ के अन्तर्गत पीलीभीत मझोला मार्ग से माधोपुर चौक फरीदपुर, अमखड़िया, डांग, रिछा जहानाबाद मार्ग पर एप्रोच रोड, बेलेंसिग आर0सी0सी0 बाक्स कल्वर्ट क्षतिग्रस्त रपटा, पहुच मार्ग अतिरिक्त पहुच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के लिए उक्त धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होनें बताया की मझोला मार्ग, माधोपुर चौक फरीदपुर, अमखड़िया, डांउ, रिछा जहानाबाद मार्ग के पांच किलोमीटर में सेतु पहुच मार्ग, छः किलोमीटर में बेलेंसिग, आरसीसी बाक्स कल्वर्ट, सात किलोमीटर में क्षतिग्रस्त रपटा पहुच मार्ग, अतिरिक्त पहुच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के लिए शासन ने उपरोक्त धनराशि प्रदान की हैं। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने बताया कि शासन ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 28 करोड़ 88 लाख 51 हजार की धनराशि लो0नि0वि0 के लिए अवमुक्त कर दी है। उन्होनें बताया की पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में उपरोक्त पुल पुलियों के एप्रोच रोड और क्षतिग्रस्त मार्गो के निर्माण से क्षेत्र के लोगो को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।

# डीपीआरओ के बेतुके बयान पर भारतीय किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**पीलीभीत।** जनपद में ग्राम पंचायतों की सफाई व्यवस्था को लेकर एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी कई गांवों में व्याप्त गंदगी और सफाई कर्मियों की कमी की शिकायत लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी पीलीभीत रोि. हत भारती के पास पहुंचे थे, लेकिन वहां उन्हें जो जवाब मिला, उससे वे हैरान रह गए।किसानों ने जब कहा कि कई गांवों में कोई सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है, जिसके कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है, तो इस पर डीपीआरओ ने कथित तौर पर जवाब दिया कि हमारे पास इतने सफाई कर्मी नहीं हैं कि हर पंचायत में तैनात कर सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि लोग खुद भी अपने घरों के आसपास सफाई कर सकते हैं। इस बयान को लेकर किसानों में नाराजगी फैल गई। किसान नेताओं का सवाल है कि यदि ग्रामीणों को ही नालियों और आसपास की सफाई करनी है, तो फिर सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी क्या रह जाती है। उनका कहना है कि क्या सफाई कर्मचारी सिर्फ स्कूलों तक ही सीमित रहेंगे, जबकि गांवों की नालियां और सार्वजनिक स्थान गंदगी से पटे रहें?

भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा और मंडल सचिव गंगा सिंह ने डीपीआरओ के इस बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गैर जिम्मेदाराना बताया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को जिलाधिकारी के समक्ष उठाया जाएगा और डीपीआरओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।किसान नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद की कई ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी संबंधित अधिकारी बढ़ावा दे रहे हैं।

# 14 ग्रामों में लगाए जाएंगे विशेष कैंप: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विस्तारीकरण स्टेज-2/फेज-2 एवं स्टेज-2/फेज-3 हेतु भूमि अर्जन के अंतर्गत जेवर तहसील के 14 ग्रामों की अर्जित/अधिनिर्णीत 1838.4176 हेक्टेयर भूमि के प्रतिकर वितरण के संबंध में आज जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अर्जन से प्रभावित कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिकर वितरण की कार्यवाही को पारदर्शी एवं शीघ्र संपन्न कराने तथा प्रक्रिया में गति लाने के उद्देश्य से निर्देशित किया गया कि 03 अप्रैल 2026 से अर्जन प्रभावित प्रत्येक ग्राम में प्रतिदिन चिह्नित स्थलों पर कैंप आयोजित किए जाएं। इन कैंपों के माध्यम से प्रभावित कृषकों से प्रतिकर प्रपत्र प्राप्त कर प्रतिकर पत्रावली तैयार की जाएगी तथा अन्य



समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी। इस कार्य हेतु जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक गांव के लिए राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं अमीन को नामित किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार, जेवर को समस्त कैंपों का प्रभारी नियुक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि वे संबंधित नायब तहसीलदार के साथ प्रतिदिन सभी ग्रामों का भ्रमण करेंगे तथा तैयार की गई पत्रावलियों पर अपने हस्ताक्षर करेंगे। साथ ही, प्रत्येक दिवस प्राप्त पत्रावलियों को समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभावित कृषकों की सुविधा हेतु 03 अप्रैल 2026 से ग्राम थोरा के प्राथमिक विद्यालय-1 थोरा, ग्राम बंक. ापुर के डॉ. अंबेडकर भवन बंकापुर, ग्राम नीमका शाहजहांपुर के प्राथमिक विद्यालय-1, ग्राम अहमदपुर चौरोली के पंचायत भवन, ग्राम ख्वाजपुर के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम रामनेर के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम किशोरपुर के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम बनवारीबांस के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पारोही के डॉ. अंबेडकर भवन पारोही, ग्राम रोही के डॉ. अंबेडकर भवन पारोही, ग्राम मुकीमपुर शिवारा के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम जेवर बांगर के प्राथमिक विद्यालय साबोता जाफराबाद, ग्राम साबोता मुस्तफाबाद के पंचायत भवन तथा ग्राम दयानतपुर के सर्व हितकारी इंटर कॉलेज दयानतपुर में कैंप आयोजित कर प्रभावित कृषकों के प्रतिकर प्रपत्र प्राप्त करते हुए प्रतिकर पत्रावलियां तैयार की जाएंगी तथा अन्य समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।

जिलाधिकारी ने अर्जन से प्रभावित कृषकों से अपील की कि वे दिनांक 03 अप्रैल 2026 से अपने-अपने ग्रामों में आयोजित होने वाले कैंपों में उपस्थित होकर अपनी अर्जित भूमि के प्रतिकर भुगतान से संबंधित समस्त औपचारिकताएं अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि आयोजित किए जाने वाले इन कैंपों का उद्देश्य 14 ग्रामों की अर्जित एवं अधिनिर्णीत भूमि से संबंधित प्रतिकर वितरण की कार्रवाई को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह एवं संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# चौपाल स्वच्छता पखवाड़ा आरडब्ल्यूए टीम ने मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 22 द्वारा नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल 5 के साथ सभा का आयोजन टीम आरडब्ल्यूए 22 के कार्यालय एफ ब्लॉक कम्युनिटी सेंटर में किया गया। सभी ब्लॉक प्रतिनिधि द्वारा अपनी अपनी समस्या का उदघोष प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष किया गया। और ऑथोरिटी द्वारा आश्वासन दिया गया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। प्राधिकरण से वरिष्ठ प्रबंधक कमल जी ओर अभियंता सौरव ने सभी समस्याओं का संज्ञान लिया। सेक्टर आरडब्ल्यूए से संरक्षक राधे श्याम, पंडित रवि शर्मा, अध्यक्ष मदन शर्मा, महासचिव लक्ष्मण धस्माना, रवि विश्वकर्मा, देवेंद्र रावत, ऊषा किशोर, सुरेश, कटोच,प्रदीप वोहरा, शादाब खान, पवन शर्मा, पद्मेश पाठक, राम सिंह, विजय सिंह, नवल राणा, सुशील राणा, सुदेश, हरि प्रसाद, धर्मेंद्र, टंडन, रवींद्र शेखावत, आनंद , केपी भट्ट, धन सिंह, रतूड़ी, त्रिपाठी, अन्य प्राधिकरण ओर आरडब्ल्यूए से बहुत उपस्थिति रही।

# बिजली उपकरणों की जांच के लिए समिति बनेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिजली से जुड़े विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच होगी। इसके लिए समिति बनाई जाएगी। यीडा ने जांच के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि अब बिजली परियोजनाओं में उपयोग होने वाली सभी सामग्री की तीन चरणों में जांच की जाएगी। सबसे पहले संबंधित उपकरणों की जांच फैक्टरी से निकलने से पहले की जाएगी। इसके बाद ठेकेदार के स्टोर पर सामग्री की दोबारा जांच होगी। तीसरे चरण में जहां पर उपकरणों को लगाया जाएगा, वहां साइट पर उनकी गुणवत्ता की पुष्टि की जाएगी।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि कहीं भी घटिया या बदला हुआ सामान उपयोग में न लाया जाए।अधिकारियों का कहना है कि कई बार फैक्टरी स्तर पर जांच के बाद साइट पर अलग गुणवत्ता का सामान पहुंचने की आशंका रहती है। इसे रोकने के लिए अब अंतिम चरण में मौके पर भी परीक्षण अनिवार्य किया जाएगा। इसके अलावा जो बिजली से जुड़े कार्य पहले ही पूरे हो चुके हैं, उनकी भी रेंडम जांच कराई जाएगी ताकि किसी भी तरह की लाप. रवाही या गड़बड़ी सामने लाई जा सके। इसमें बिजलीघर, ट्रांसफार्मर, स्ट्रीट लाइट और अंडरग्राउंड केबलिंग जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं। बिजली कार्यों की निगरानी के लिए एक विशेष कमेटी गठित की जाएगी, जो जांच प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करेगी।

# लूट करने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने चोरी की बाइक से मोबा. इल लूटने वाले गिरोह के दो बदमाशों को बुधवार को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की बाइक और लूट के 12 मोबाइल बरामद हुए। पुलिस ने लोगों को डराने के लिए रखे गए चाकू को भी कब्जे में ले लिया। एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-60 क्षेत्र से दो आरोपियों विनेश उर्फ राहुल और सलमानको गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से विभिन्न कंपनियों के 12 मोबाइल फोन बरामद हुए, जो नोएडा, दिल्ली और आसपास के इलाकों से स्नेचिंग कर जुटाए गए थे।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की बाइक से राह चलते लोगों के मोबाइल फोन छीन लेते थे। बरामद बाइक के बारे में खुलासा हुआ कि उसे सेक्टर-3 से चोरी किया गया था, जिसके संबंध में फेज-1 थाने में पहले से मुकदमा दर्ज है।

इसके अलावा आरोपी सलमान के पास से एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ है, जिसका उपयोग वह वारदात के दौरान डराने-धमकाने के लिए करता था। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है, जिससे और भी खुलासे होने की संभावना है।

## एक नजर

### शिक्षक-कर्मचारियों ने एनपीएस-यूपीएस का विरोध किया

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख क्षेत्र में बुधवार को अटेवा के आह्वान पर शिक्षक और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और उत्तर प्रदेश पेंशन प्रणाली के विरोध में श्काला दिवसश मनाया। इस अवसर पर प्रदेशभर के कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली की मांग दोहराई।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के पदाधिकारियों ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रविंदर सिंह ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल वह तिथि है जब कर्मचारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त की गई थी। इसी कारण हर वर्ष इस दिन को श्काला दिवसश के रूप में मनाया जाता है। जिला महामंत्री जगबीर भाटी ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और इसे हर हाल में बहाल किया जाना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नौरंगी देवी ने स्पष्ट किया कि जब तक पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं होती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने सरकार से अपनी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने की मांग की। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता का संदेश दिया।

### चोरी करते कर्मचारियों को दबोचकर पुलिस के हवाले किया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-132 स्थित कंपनी परिसर से तार चोरी कर रहे दो कर्मचारियों को सुरक्षा प्रबंधन ने पकड़ा। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी पूर्व में भी कंपनी से सामान की चोरी कर चुके हैं। पुलिस को दी शिकायत में हैबतपुर गांव निवासी नंद किशोर ने बताया कि सेक्टर 132 स्थित मायकोन्स कंपनी में वह बतौर सुरक्षा प्रबंधक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कंपनी परिसर में पावर टेक कंपनी तार डालने का काम कर रही है। परिसर के अंदर से लगातार तार व सामान चोरी हो रहा था। मामले की जब पूरी जांच की गई तो कंपनी के दो कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई।

दोनों पर निगरानी रखी जाने लगी। उनकी हर गतिविधि पर नजर रही। कंपनी में काम करने वाले कर्मी गाजियाबाद खोड़ा के रहने वाले अर्जुन और अनूप मंगलवार को कापर के दो बंडल तार चोरी कर बाहर ले जा रहे थे। नंद किशोर ने दोनों को पकड़ लिया। नंद किशोर का कहना है कि पूर्व में चोरी हुए तार व सामान को भी दोनों ने ही चुराया है। नंद ने दोनों को पुलिस के हवाले कर मामले की शिकायत की। पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज भी शिकायतकर्ता ने पुलिस को उपलब्ध कराई है। दावा है कि आरोपी फुटेज में वारदात करते हुए दिख रहे हैं।

### सोसाइटी में एक हफ्ते में दूसरी बार लगी आग, सुरक्षा पर उठे सवाल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमिक्रोन स्थित मिग्सन अल्टीमो सोसाइटी में एक हफ्ते में दूसरी बार आग लगने की घटना हो गई। निवा. सियों ने सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं। निवासियों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 बजे सोसाइटी के एक फ्लैट से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। धुआं बालकनी में बने एसी होल्स के जरिए बाहर आ रहा था। उस समय फ्लैट बंद था और उसमें रहने वाले लोग बाहर गए हुए थे। निवासियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। तब देखा बेडरूम में आग लगी हुई थी। पूरे घर का सामान जल गया। जिस घर में आग लगी उस समय मालिक नहीं थी। पड़ोसियों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया। निवासी सुशांत खंडेलवाल ने बताया कि आग काफी फैल चुकी थी और पूरे कमरे में धुआं भर गया था। उन्होंने बताया कि आग की लपटें तेजी से उठ रही थी। निवासियों ने दरवाजा तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। निवासियों का आरोप है कि फायर अलार्म सिस्टम काम नहीं कर रहा था। अगर यह सिस्टम काम कर रहा होता, तो आग की सूचना समय रहते मिल सकती थी और नुकसान को कम किया जा सकता था। निवासियों का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है जब फायर सेफ्टी सिस्टम ने जवाब दिया हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। निवासियों ने बताया कि ओपन एरिया को पार्किंग के लिए अलॉट कर दिया गया है, जबकि यह जगह आपातकालीन स्थितियों में फायर ब्रिगेड जैसी बड़ी गाड़ियों के लिए खाली रहनी चाहिए। इस अव्यवस्था के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी देरी हुई। आरोप है कि गाड़ी करीब एक घंटे तक रास्ता साफ होने का इंतजार करती रही, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

## हादसों में महिला समेत चार लोग घायल

**नोएडा।** शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। उनको अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के जिला औरंगाबाद निवासी रंजीत कुमार ने सेक्टर-24 थाना पुलिस को बताया कि पत्नी निधि कुमारी अस्पताल में भर्ती थीं। वह उन्हें देखने के लिए 26 सितंबर की रात करीब 9.30 बजे साली अंजली को बाइक पर बैठाकर जा रहे थे। सेक्टर-35 स्थित मोरना गांव के पास दिल्ली नंबर की कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसें में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार कराने के बाद मुकदमा दर्ज कराया। वहीं, फरीदाबाद के सेक्टर-91 स्थित सूर्या विहार निवासी मुकेश ने फेज-1 थाने की पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 28 मार्च को नोएडा से घर लौट रही थी।

# यमुना सिटी में बढ़ी आवंटन दर लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सभी प्रकार की संपत्तियों की आवंटन दरों में 3.58 फीसदी तक की बढ़ोतरी आज से लागू हो गई। इससे यहां मकान और दुकान खरीदना महंगा गया। नई दरें औद्योगिक श्रेणी पर भी लागू होंगी। ऐसे में प्रॉपर्टी को खरीदने के लिए आपको ज्यादा जेब ढीली करनी होगी।

यीडा ने मिक्स लैंड यूज श्रेणी में औद्योगिक, संस्थागत और रिक्रियशनल में 75 फीसद, आवासीय में 12 फीसद, वाणिज्यक में आठ और संस्थागत में पांच फीसद तक की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा यीडा ने आवासीय टाउनशिप में आवंटन दर को 39,258 से बढ़ाकर 40,670 रुपये प्रति वर्गमीटर, जबकि कॉरपोरेट ऑफिस के लिए आवंटन दर को 52,500 से बढ़ाकर 54,380 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दिया है।

**बोर्ड में लिया गया था फैसला:** यमुना सिटी में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट संचालन के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को ही इसका उद्घाटन किया था। अब अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण शुरू हो जाएगा। यीडा ने एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले ही बोर्ड बैठक में शहर में सभी प्रकार की संपत्तियों की दरों में 3.58 फीसदी के इजाफा करने का निर्णय लिया था, जो आज से लागू हो जाएगा।

**तीन सालों में बढ़ी 40 फीसद दर:** यीडा क्षेत्र में पिछले तीन सालों में संपत्ति की दरें 40 फीसद तक बढ़ी हैं। आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की दरें साल 2025-2026 की तुलना में बढ़कर अब 36,000 से 87,000 रुपये प्रति वर्गमीटर हो गईं। ग्रुप हाउसिंग की दर में करीब 68 फीसदी तक उछाल आया।

# नोएडा एयरपोर्ट उद्घाटन के बाद क्यों फंसा पेंच? हवाई यात्रा के लिए अभी और करना होगा इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हवाई यात्रा की तैयारी कर रहे लोगों का इंतजार बढ़ सकता है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने अभी तक एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम को स्वीकृति नहीं दी है।

एयरपोर्ट की विकासकर्ता एवं संचालक कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. (यापल) के सीईओ का विदेशी नागरिक होना नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के नियम के आड़े आ रहा है। दरअसल, एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम के लिए संचालक कंपनी का सीईओ भारतीय नागरिक होना अनिवार्य शर्त है। एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम के स्वीकृति होने के एक से डेढ़ माह बाद ही एयरपोर्ट से विमान उड़ान भर सकेंगे।

नागर विमानन महानिदेशालय ने छह मार्च को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एयरो ड्रम लाइसेंस जारी किया था। इसके बाद एयरपोर्ट से विमान सेवा जल्द शुरू होने की संभावनाएं जताई जा रही थीं। 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एयरपोर्ट का लोकार्पण भी कर चुके हैं, एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने के लिए जरूरी एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम को अभी तक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो से स्वीकृति नहीं मिली है। एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की भारतीय एसपीवी (स्पेशल परपज व्हीकल) है। इसका गठन नोएडा इंटरनेशनल के निर्माण एवं संचालन के लिए किया गया है। यह सौ प्रतिशत एफडीआइ वाली परियोजना है। यापल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन स्विस नागरिक हैं।

**कब से शुरू हो सकती है विमान सेवा?:** बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम के लिए संच. ालक कंपनी का सीईओ भारतीय नागरिक होना अनिवार्य शर्त है। यापल ने आठ मार्च को एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम के लिए आवेदन किया था, लेकिन नियम आड़े आने की वजह से अभी तक इसे स्वीकृति नहीं मिली है। एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम जारी होने के एक से डेढ़ माह बाद ही विमान सेवा शुरू हो पाएगी। अधिकारियों का दावा है कि एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम की स्वीकृति के लिए समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम जारी होने के बाद एयरलाइंस समेत एयरपोर्ट के ऑपरेशन से जुड़ी सभी एजेंसियों को अपने कर्मचारियों के लिए एयरपोर्ट एंट्री पास जारी कराना होता है। इसके लिए उन्हें नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो में आवेदन करना होता है।

# 10 लेन की बनाई जाए 23 किमी पुश्ता एलिवेटेड

## नोएडा डीएनडी से प्रस्तावित एलिवेटेड से जुड़ेगी, यमुना एक्सप्रेस पर बनेगी रोटरी, एयरपोर्ट को मिलेगी कनेक्टिविटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के डीएनडी से सीधे सेक्टर-150 तक एलिवेटेड बननी है। इसमें पुश्ता रोड पर 23 किमी लंबी एलिवेटेड यूपीडा बनाएगा। जिसका ड्राइंग तैयार हो गया है। ये रोड छह लेन की है। हालांकि प्राधिकरण का कहना है भविष्य में बढ़ते यातायात को देखते हुए इस रोड को कम से कम 10 लेन का बनाया जाए।

इतना स्पेस दिया जाए कि इसे बाद एक्सटेंड कर 8 से 10 लेन कका किया जा सके। इसी के अनुसार ड्राइंग भी तैयार की जाए। शासन से अप्रूवल के बाद इस रोड का निर्माण शुरू किया जा सकता है। इससे नोएडा एक्सप्रेस वे पर भार कम होगा साथ ही दिल्ली से एयरपोर्ट को सीधे कनेक्टिविटी



मिल जाएगी।

सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि ये रोड यूपीडा ही बनाएगा। प्राधिकरण बोर्ड से इससे पहले ही अप्रूवल मिल चुका है। यूपीडा ही सिचाईं विभाग से एनओसी भी लेगा। तीनो प्राधिकरण इसमें आने वाली लागत का खर्चा वहन करेंगी। इस ट्रैक के बनने से एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक भार कम होगा।

ये एलिवेटेड रोड छह लेन की बनाई जाएगी। हालांकि प्राधिकरण ने कहा कि इसे 10 लेन का बनाया जाए। इसकी एक वजह दिल्ली का ट्रैफिक है जिसे लखनऊ और आगरा जाना है वो भी इस पर आएगा। इस ट्रैक में सबसे ज्यादा हिस्सा नोएडा प्राधिकरण का ही होगा। इसलिए खर्चा भी प्राधिकरण का ज्यादा होगा।

**डीएनडी से सीधे यमुना एक्सप्रेस वे तक:** पुश्ता एलिवेटेड को 1.5 किमी की प्रस्तावित डीएनडी से सेक्टर-94 की एलिवेटेड से जोड़ा जाएगा और पुश्ता एलिवेटेड को यमुना एक्सप्रेस वे से एक रोटरी के जरिए जोड़ा जाएगा। जिससे लोग सीधे यमुना एक्सप्रेस वे जा सकेंगे। वो ही एयरपोर्ट से सीधे जुड़ा है।

**इस पूरी एलिवेटेड पर पांच लूप होंगे:** इस एलिवेटेड पर पांच लूप बनाए जाएंगे। इस लूप के जरिए वाहन चालक नोएडा के अलग-अलग सेक्टर से उतर और चढ़ भी सकेंगे। एलिवेटेड के दोनों अंतिम छोर पर रोटरी बनाई जाएगी। लेन बढ़ने से इसका बजट भी करीब 200 से 300 करोड़ बढ़ सकता है। लेकिन ये भविष्य के लिए फायदेमंद होगा।

# कंपनी प्रबंधक लाखों रुपये की हेराफेरी कर भागा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-4 स्थित प्लाई कंपनी के प्रबंधक पर लाखों रुपये की हेराफेरी कर फरार होने का आरोप लगा है। कंपनी मालिक की शिकायत पर फेज-1 थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेनो वेस्ट निवासी मोहित स्वामी ने पुलिस को बताया कि उनकी सेक्टर-4 में परफैक्ट प्लाई डेकोर नाम से कंपनी है। कंपनी में राजस्थान अलवर निवासी अरविंद सिरोहीवाल पिछले करीब सात साल से प्रबंधक था।

हाल ही में कंपनी के खातों और स्टाफ का ऑडिट कराया गया, जिसमें गड़बड़ी सामने आई। जांच में पता चला कि प्रबंधक कुछ ग्राहकों से कंपनी के ट्रेडिंग के रुपये सीधे अपने निजी खाते में मंगवा रहा था।

आरोप है कि प्रबंधक ने कुछ ग्राहकों से नगद भी लिया और जिसे कंपनी के खाते में जमा नहीं किया। जब कंपनी मालिक ने इस बारे में अरविंद सिरोहीवाल से पूछताछ की, तो उसने गलती स्वीकार कर ली। इसका उनके पास वीडियो भी है।कंपनी मालिक का कहना है कि पूछताछ के अगले दिन आरोपी फरार हो गया।

वह कंपनी का सिम कार्ड भी ले गया। वह दो लाख सात हजार 850 रुपये और पहले से लिए एक लाख 46 हजार 500 रुपये एडवांस ले गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी के दूसरे भाई की ओर से फोन पर धमकी दी जा रही है। आरोपी अपना पुराना मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया है।

# महिला से छेड़छाड़ का आरोपी सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने सेक्टर-78 स्थित सोसाइटी में रहने वाली महिला से छेड़छाड़ करने के आरोपी सुरक्षाकर्मी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय ने पेश कर जेल भेज दिया। शिकायत के मुताबिक बिहार निवासी महिला वर्तमान में सेक्टर-78 स्थित एक सोसाइटी में रहती है और एक कंपनी में काम करती है। सोसाइटी में ही आगरा निवासी चंद्रपाल सुरक्षाकर्मी है। उसकी उम्र 60 साल के आसपास है। महिला का आरोप है कि वह सोमवार को रात करीब आठ बजे दफ्तर से सोसाइटी आई। वह लिफ्ट से अपने फ्लैट में जा रही थी, तभी वहां चंद्रपाल आ गया।

उसने लिफ्ट के अंदर ही महिला को अचानक गले लगाने का प्रयास किया और छेड़खानी करनी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मी की हरकत से महिला सहम गई और उसने किसी तरह खुद को आरोपी के चंगुल से छुटाया। लिफ्ट से बाहर निकलते ही महिला ने परिवार के सदस्यों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सोसाइटी प्रबंधन को इसके बारे में सूचित किया गया। फिर मामला पुलिस के पास पहुंचा। सोसाइटी के लोग थाने भी पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लियाया। मामले की जांच करने वाले पुलिसकर्मियों का कहना है कि लिफ्ट में लगे कैमरे इस समय खराब हैं। अन्य माध्यमों से घटना की सत्यता पता की जा रही है।

## बेकाबू ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**नोएडा।** लुहारली टोल प्लाजा के समीप मंगलवार की सुबह बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। इस मामले में युवक के भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। दादरी कोतवाली पुलिस के मुताबिक मूलरूप से अलीगढ़ के नगला बाग गांव का रहने वाला रिंकू मंगलवार की सुबह बाइक पर सवार होकर नोएडा आ रहा था। वह लुहारली टोल प्लाजा के समीप पहुंचा तो एक बेकाबू ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रिंकू को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में रिंकू के भाई दिनेश ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

# नोएडा में दो मेट्रो रूट के लिए जारी होंगे टेंडर

## क्लॉज बनाने के लिए टेक्निकल सलाहकार का होगा चयन, तीसरे रूट की दोबारा बनेगी डीपीआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में तीन मेट्रो प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। जिसमें से दो रूट सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन और ग्रेटर नोएडा डिपो से जुनपत तक को को शहरी आवास विकास मंत्रालय (महुआ) से अनुमति मिल गई है। सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि दोनों रूट बनाने के लिए एक टेक्निकल सलाहकार नियुक्त किया जा रहा है। ये टेंडर क्लाज बनाएगा। जिसे मध्य अप्रैल तक जारी किया जाएगा। टेंडर ग्लोबली हो सकता है।

तीसरा रूट सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक है। इसके लिए दोबारा से डीपीआर बनाकर इसे मंत्रालय भेजा जा रहा है। वहां से अप्रूवल के बाद इस रूट के लिए स्वाइल टेस्टिंग की जाएगी। तीसरा रूट ही गाजियाबाद से आने वाली आरआरटीएस को जोड़ेगा जोकि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक जाएगी। इस



तरह दिल्ली मेट्रो और नोएडा मेट्रो एयरपोर्ट तक एक लिंक रूट बना देंगी।

**पहले जानते है वो दो रूट जिनके लिए चयनित होगा टेक्निकल सलाहकार:** नोएडा से बॉटेनिकल गार्डन तक बॉटेनिकल गार्डन सेक्टर-142 तक बढ़ाने मेट्रो कॉरिडोर को बनाया जाएगा। 11.56 किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड कॉरिडोर को स्वीकृति मिल चुकी है। इसे चार साल में पूरा किया जाएगा।

परियोजना पर 2,254.35 करोड़ रुपये की लागत से 8 स्टेशनों वाला कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसमें बॉटनिकल गार्डन,नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस,नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108 नोएडा सेक्टर-93, पंचशील बालक इंटर कॉलेज है।

**ग्रेनो डीपो से बोडाकी:** एक्वा मेट्रो की मौजूदा लाइन को डिपो स्टेशन से 2.6 किलोमीटर आगे बोड़ाकी तक बढ़ाने की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। मेट्रो रूट के इस विस्तार पर करीब 416 करोड़ 34 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसमें 2 नए मेट्रो स्टेशन जुनपत गांव और बोड़ाकी बनेंगे। डिपो स्टेशन पहले से मौजूद है।

**इस रूट की दोबारा से बनेगी डीपीआर:** सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-4 तक जाएगा। ये रूट करीब 7.5 किमी लंबा होगा। इसमें चार स्टेशन पहला सेक्टर-61, सेक्टर-70, सेक्टर-122-123 और ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 होगी। इस प्रोजेक्ट को बनाने में करीब 1 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसे महुआ को भेजा गया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर


9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# 15 हजार रूपये की रिश्वत के साथ मुख्य गन्ना अधिकारी गिरफ्तार

## गन्ना तौल लिपिक से गन्ना क्रय केंद्र पर डयूटी लगाने के नाम पर मांगी थी रिश्वत, एंटीकरप्शन टीम ने की कार्रवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एंटी करप्शन टीम ने मुख्य गन्ना अधिकारी को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उनके कार्यालय से की गई। उन पर गन्ना तौल लिपिक से गन्ना क्रिया केंद्र पर डयूटी लगाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप है।

लिपिक विशेष कुमार ने इस संबंध में एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। शिकायत के बाद टीम ने जाल बिछाया और मुख्य गन्ना अधिकारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान मुख्य गन्ना अधिकारी राजदीप बालियान के रूप में हुई है। एंटी करप्शन टीम उन्हें कोतवाली ले गई है, जहां उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लिपिक विशेष कुमार ने बताया कि उन्हें रिश्वत देने में काफी परेशानी हो रही थी और उनका परिवार भ्रष्टाचार के खिलाफ है। इसी कारण उन्होंने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। उन्होंने इस मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# ससुराल वालों पर लगाया दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौली गांव की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 3 साल पहले मुजफ्फरनगर में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे थे। पीड़िता की एक 2 साल की बेटी भी है, जिसका और उसका लगातार उत्पीड़न किया जा रहा था। आरोप है कि उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

जब पीड़िता ने मारपीट की शिकायत अपने पिता से की, तो वे उसे लेने के लिए मुजफ्फरनगर पहुंचे। वहां ससुराल वालों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने इस घटना का एक वीडियो भी पुलिस को सौंपा है। बडौली गांव की रहने वाली वर्षा ने पुलिस से ससुराल वालों पर सख्त कार्रवाई करने और अपनी बेटी को वापस दिलाए जाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# दीवार निर्माण को लेकर परिवार पर हमला, कई सदस्य घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे में दीवार निर्माण को लेकर हुए विवाद में एक परिवार पर हमला किया गया। इस घटना में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

पीड़ित परिवार के सदस्य राधेश्याम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले समीर ने चाकू लेकर उनके एक बच्चे पर हमला किया। इसके बाद समीर के साथ करीब 30-35 लोग उनके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। राधेश्याम के अनुसार, हमलावर अपने हाथों में अवैध हथियार लिए हुए थे। इस मारपीट में उनके परिवार के कई लोग घायल हुए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने समीर, जावेद, फरदीन, आबिद, इस्लाम, सावेज, शहजाद, आरिफ, बानू, शाहिद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि मारपीट के इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निकाली गई रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नंबर-2 लूम्ब के अध्यापकों एवं बच्चों के द्वारा नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई, यह रैली गांव की विभिन्न मार्गो एवं चौराहा से होती हुई पूरे गांव में निकाली गई, इसके अंतर्गत स्कूली बच्चे स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विभिन्न नारे लग रहे थे। शिक्षक देव आर्य ने बताया कि जिसका बच्चा 6 वर्ष का हो गया है वो विद्यालय में प्रवेश करा ले, कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे, घर-घर जाकर प्रत्येक अभिभावक से संपर्क किया जाएगा और प्रेरित किया जाएगा कि किसी भी दशा में कोई भी बच्चा स्कूल जाने से ना छूटे इस रैली में डीएलएड प्रशिक्षण अनु कुमारी, ग्रामीण सुनील पहलवान, उदयवीर सिंह, अशोक बबला आदि उपस्थित थे एवं इस रैली में भाग लेने वाले स्कूली बच्चे सक्षम, देव, उवेश, सना इशा, आयशा, मानवी, वंश आदि मौजूद रहे।




## एक नजर

### पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ घर-घर जाकर बच्चों का सर्वे करें और उन्हें विद्यालय से जोड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ घर-घर जाकर बच्चों का सर्वे करें और उन्हें विद्यालय से जोड़ें। साथ ही, अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि वे अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता दें। अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसमें रैलियां, प्रभात फेरियां, दीवार लेखन, पोस्टर और ग्राम सभाओं के माध्यम से शिक्षा का संदेश फैलाया जाएगा। आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, यूथ क्लबों और स्वयंसेवी संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है, ताकि समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचे। विशेष रूप से ऐसे बच्चों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ चुके हैं। आर्थिक तंगी, जागरूकता की कमी या पारिवारिक परिस्थितियों के चलते स्कूल से दूर हुए बच्चों को दोबारा मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई जाएगी, जिससे वे पढ़ाई में रुचि लें और नियमित रूप से विद्यालय आएं। सभी ने एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बागपत को एक आदर्श जनपद बनाया जाएगा।

### भाजपा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**बड़ौत।** छपरौली रोड स्थित गायत्री देवी कॉलेज में बुधवार को बड़ौत विधानसभा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की विचारधारा, गौरवशाली इतिहास, सोशल मीडिया और बूथ प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य मंत्री केपी मलिक ने सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं के बारे में बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने भाजपा के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व जिलाध्यक्ष डा.कुलप्रकाश और जिला उपाध्यक्ष राकेश जैन ने बूथ प्रबंधन के बारे में बताया। जिला महामंत्री व कार्यक्रम जिला संयोजिका सरिता चौधरी ने कार्य विस्तार की हमारी कार्य पद्धति के बारे में बताया। पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने इतिहास विकास के बारे में बताया। जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा और पूर्व नपाध्यक्ष अमित राणा ने वैचारिक अधिष्ठान के बारे में बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष सुदेश चौहान और जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर ने कार्य विस्तार योजना के विषय में अपनी बात रखी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव तोमर और जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप और सरल ऐप के बारे में जानकारी दी।

# कलेक्ट्रेट लोकमंच से हुआ स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में शिक्षा की अलख जगाने और हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ कलेक्ट्रेट लोकमंच से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन छपरौली से विधायक डा.अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर शिक्षा के प्रति उत्साह और जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। बच्चों की मुस्कान, अभिभावकों की उम्मीद और प्रशासन का संकल्प-इन सबने मिलकर इस अभियान को एक जनआंदोलन का रूप देने की शुरुआत कर दी।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति गीतों, नाटकों और समूह नृत्य के माध्यम से बच्चों ने शिक्षा के महत्व को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज के विकास की आधारशिला है।

अपने संबोधन में विधायक डा.अजय कुमार ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा के अधिकार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज का हर बच्चा शिक्षित नहीं होगा, तब तक सच्चे अर्थों में विकास संभव नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करें। इस अभियान के तहत जिले भर में विशेष नामांकन अभियान चलाया जाएगा, जिसमें शिक्षक गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर सर्वे करेंगे। इस दौरान ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी जो अभी तक स्कूल से बाहर हैं या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। शिक्षकों द्वारा उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित कर बच्चों को पुन: विद्यालय में दाखिला दिलाया जाएगा।

प्रशासन का स्पष्ट लक्ष्य है कि जनपद में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गईं, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और बढ़ा। घर-घर विद्यादीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ का संदेश पूरे कार्यक्रम में गूंजता रहा। यह नारा अब जनपद के प्रत्येक गांव और घर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता और मजबूत हो सके। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'स्कूल चलो अभियान' शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधारों की श्रृंखला का हिस्सा है। राज्य में पिछले वर्षों में परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, स्वच्छ शौचालय, पेयजल व्यवस्था, पुस्तकालय और खेल सामग्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही बच्चों को निशुल्क यूनिफॉर्म, किताबें, जूते-मोजे और मध्या भोजन जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चे भी आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जय किशोर, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संस्कृति पब्लिक स्कूल में नए सत्रा के शुभारंभ पर किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में नये सत्र के शुभारंभ पर हवन का आयोजन किया गया। हवन में चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा ने यजमान की भूमिका का निर्वहन किया। हवन में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं एवं विधार्थियों ने आहूति दी और नये सत्र में स्कूल को सफलता की ऊंचाई पर ले जाने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति और वैदिक परम्परा रही है कि हम कोई भी शुभ कार्य यज्ञ से शुरू करते हैं। उन्होंने सभी विधार्थियों और अध्यापकों के साथ मिलकर आने वाले सत्र में स्कूल को शिखर पर ले जाने का संकल्प लिया। यज्ञ में अनेक अभिभावकों ने भी उपस्थित रहकर आहुति दी। इस अवसर माधवी शर्मा, संगीता, शानू कौशिक, नीतू चौधरी, सरिता रानी, अंजू शर्मा, संजय शर्मा, राजीव चौधरी,सचिन पंवार, महिमा चौधरी, शालिनी, अंशु तथा प्रीति दहिया आदि उपस्थित रहे।



# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के करावल नगर निवासी कविता ने बताया कि उन्होंने करीब छह महीने पहले अपनी बेटी आशु की शादी खेकड़ा निवासी एक युवक से की थी। यह आशु की दूसरी शादी थी, क्योंकि उसके पहले पति का निधन हो चुका था। कविता के अनुसार, उन्हें आज 1 अप्रैल को सूचना मिली 28 मार्च को



मृतका का फाइल फोटो

उनकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है। पहले तो परिजनों को लगा कि कोई मजाक कर रहा है लेकिन जब वे खेकड़ा पहुंचे तो देखा ससुराल पक्ष के मकान में ताला लगा था, और आसपास के लोगों से जानकारी ली, तो उन्हें घटना की सच्चाई का पता चला। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने बिना किसी सूचना के आशु का अंतिम संस्कार कर दिया और घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मृत्यु स्वाभाविक थी, तो उन्हें समय पर सूचना क्यों नहीं दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, आशु के परिजन खेकड़ा थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी है। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां ससुराल पक्ष का मकान बंद मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ में महिला की मृत्यु 28 मार्च को होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने ये भी बताया कि आस पास पूछताछ में पता चला है कि आशु के ससुराल वाले दिल्ली के किसी अस्पताल में मृतका के देवर का इलाज करा रहे है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार सामाजिक न्याय की लड़ाई को कर रही कमजोर: बिल्लू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांव बुढसैनी मतानतनगर में कश्यप समाज द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। पीडीए पंचायत में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बिल्लू प्रधान रहे।

इस मौके पर पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए सपा नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर कर रही है और पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के विरुद्ध सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं में पीड़ीए समाज के लोगों की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार पक्षपात के पक्षपातपूर्ण रवैये से पिछड़ों, दलितों और अल्पंस्खयक समाज में में भारी रोष है जब समाज के बड़े हिस्से के हितों की अनदेखी की होगी तो उसे योजन आक्रोश उभर रहा है। वह समाजवादी पार्टी की 2027 में सरकार बनने का मार्ग प्रशांत होगा और लोगों के कल्याण के लिए पूर्व की भांति पूर्व की समाजवादी सरकार की भर्ती जनहित के कार्य संपन्न होंगे। इस मौके पर जितेंद्र प्रधान, रामनिवास यादव, सत्तू कश्यप, पीतम कश्यप, मोहरू कश्यप, श्रवण कश्यप, नरेश आढती, अशोक, राकेश गुर्जर, राजवीर गुर्जर आदि मौजूद रहे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | फेरे | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03257 | दानापुर | आनंद विहार टं. | साप्ताहिक (रविवार) | 29.03.26 | 05.04.26 से 12.07.26 (24.05.26 छोड़कर) | 14 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03258 | आनंद विहार टं. | दानापुर | साप्ताहिक (सोमवार) | 30.03.26 | 06.04.26 से 13.07.26 (25.05.26 छोड़कर) | 14 | |
| 03309 | धनबाद जं. | दिल्ली जं. | सप्ताह में 2 दिन (मंगल, शनि) | 28.03.26 | 04.04.26 से 11.07.26 (23.05.26 छोड़कर) | 28 | 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03310 | दिल्ली जं. | धनबाद जं. | सप्ताह में 2 दिन (बुध, रवि) | 29.03.26 | 05.04.26 से 12.07.26 (24.05.26 छोड़कर) | 28 | |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | आनंद विहार टं. | साप्ताहिक (शुक्रवार) | 27.03.26 | 03.04.26 से 10.07.26 (22.05.26 छोड़कर) | 14 | 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. (इकॉनोमी) |
| 05220 | आनंद विहार टं. | मुजफ्फरपुर जं. | साप्ताहिक (शनिवार) | 28.03.26 | 04.04.26 से 11.07.26 (23.05.26 छोड़कर) | 14 | |
| 03293 | पटना जं. | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 30.03.26 | 15.07.26 तक (21.05.26 से 24.05.26 छोड़कर) | 102 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03294 | नई दिल्ली | पटना जं. | प्रतिदिन | 31.03.26 | 02.04.26 से 16.07.26 (22.05.26 से 25.05.26 छोड़कर) | 102 | |
| 03639 | धनबाद जं. | शकूरबस्ती | सप्ताह में 2 दिन (सोम, शुक्र) | 30.03.26 | 03.04.26 से 13.07.26 (22.05.26 छोड़कर) | 29 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03640 | शकूरबस्ती | धनबाद जं. | सप्ताह में 2 दिन (मंगल, शनि) | 31.03.26 | 04.04.26 से 14.07.26 (23.05.26 छोड़कर) | 29 | |
| 02397 | शेखपुरा जं. | आनंद विहार टं. | साप्ताहिक (रविवार) | 29.03.26 | 05.04.26 से 12.07.26 (24.05.26 छोड़कर) | 14 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 02398 | आनंद विहार टं. | शेखपुरा जं. | साप्ताहिक (सोमवार) | 30.03.26 | 06.04.26 से 13.07.26 (25.05.26 छोड़कर) | 14 | |
| 03697 | शेखपुरा जं. | आनंद विहार टं. | सप्ताह में 4 दिन (सोम, मंगल, शुक्र, शनि) | 30.03.26 | 03.04.26 से 14.07.26 (22.05.26 एवं 23.05.26 छोड़कर) | 58 | 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 03698 | आनंद विहार टं. | शेखपुरा जं. | सप्ताह में 4 दिन (मंगल, बुध, शनि, रवि) | 31.03.26 | 04.04.26 से 15.07.26 (23.05.26 एवं 24.05.26 छोड़कर) | 58 | |

नोटः- शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# छात्रों को उपहार और प्रमाण पत्र के साथ देकर किया गया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के रॉयल पब्लिक स्कूल आजाद नगर बड़ौत के 23 वे वार्षिक कार्यक्रम में कल्याण भारती सेवा संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्थान के प्रबंध निदेशक गोपी चन्द सैनी व संस्थान की प्रशिक्षण प्रभारी कामता राजपूत और कार्यक्रम प्रभारी चंचल शर्मा ने प्रतिभावान छात्रों को उपहार और प्रमाण पत्र के साथ अपना शुभ आशीष देकर सम्मानित किया।

विद्यालय संस्थापक और निद.ेशक संजीव कुमार को उनके उत्कर्ष कार्य और कुशल संचल हेतु बधाई और शुभ कामनाएं दी, जिसमें उन्होंने अपने व्यक्तिगत फंड से प्रतिभावान छात्र कल्याण हेतु प्रतिवर्ष प्रतियोगिता का संचालन कर उत्तीर्ण छात्रों पुरुस्कार कर प्रोत्साहन एवं अभिभावक गणों को विद्यालय शिक्षा शुल्क में भरी छूट जैसी व्यवस्था विकल्प दिया है जिसके लिए वह बारम्बार बधाई और शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक गोपी चन्द सैनी ने विद्यायल परिवार को आसवन दिया कि छात्र कल्याण और अभिभावक गणों की अन्य सामाजिक समस्याओं के निवारण हेतु भी कल्याण भारती सेवा संस्थान का संगठन परिवार विधायक और अभिभावकों की सहायता और सहयोग हेतु तत्पर रहेगा और समय व्यवस्थानुसार संस्थान या विद्यालय द्वारा आयोजित बाल कल्याण व अधिकार जन जागृति कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार के साथ सामूहिक रूप से संलित रहेगा। प्रशिक्ष प्रभारी श्रीमती कामता राजपूत और कार्यक्रम प्रभारी चंचल ने बच्चों में सेवा सहायता का भाव व उत्तम संस्कार गढ़ने व नारी सम्मान को लेकर संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यायल परिवार का सहयोगी बने रहने का आश्वासन दिया।

# स्कूल चलो अभियान को लेकर हुआ भव्य कार्यक्रम

## थानाभवन विधायक अशरफ अली, जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, शामली के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, थानाभवन विधायक अशरफ अली, जिलाधिक. ारी अरविन्द कुमार चौहान, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक और क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। सरकार द्वारा बच्चों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को विद्यालय भेजने के प्रति जागरूक बनें और शिक्षा के महत्व को समझें। वहीं, थानाभवन विधायक अशरफ अली ने कहा कि सरकार प्राथमिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों का योगदान सबसे अहम होता है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु का स्थान समाज में सर्वोपरि होता है। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सराहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आंध्र प्रदेश स्थित श्री हरिकोटा के सतीश धवन प्रक्षेपण केंद्र एवं अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के शैक्षिक भ्रमण पर गए छात्र-छात्राओं अक्षय और तरन्नुम तथा उनकी शिक्षिकाओं प्रतिमा और पूजा को सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर ने जानकारी दी कि प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से स्कूल चलो अभियानह्व के अंतर्गत शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रथम चरण में घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन कराया जाएगा, जिसके लिए शिक्षक अभिभावकों से लगातार संपर्क में रहेंगे। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, शामली एवं कैराना की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, प्राथमिक विद्यालय हैदरपुर, सिक्का तथा कंपोजिट विद्यालय सिंभालका के बच्चों ने शिक्षा पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। इस दौरान जनपद के पांचों विकास खंडों से सर्वाधिक नामांकन कराने वाले पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षण सहायक सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। नए शैक्षिक सत्र के लिए बच्चों को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने एलईडी प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जनपद में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएगी। मंच संचालन एसआरजी सचिन कुमार, प्रवीण कुमार और शिक्षिका पूनम तोमर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षा अधिकारियों, शिक्षक मौजूद रहे।

# झांड़ फूंक के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आस्था और विश्वास का फायदा उठाकर लोगों को उनके गहनों से हाथ धोने को मजबूर करने वाले एक शातिर गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। शामली शहर की कोतवाली पुलिस ने झाड़-फूंक और पितृ दोष का डर दिखाकर लोगों के सोने के आभूषणों को अदला-बदली कर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ठगी की राशि से अर्जित 8 लाख 20 हजार रुपये नकद और ज्योतिष से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किए हैं।

यह पूरा मामला 20 मार्च का है, जब शहर के मोहल्ला नया बाजार निवासी अशोक कुमार ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि कुछ लोगों ने उन्हें झाड़-फूंक और पूजा-पाठ का झांसा देकर उनके घर से करीब 125 से 130 ग्राम सोने के आभूषणों को ठग लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने इस गिरोह के सफल भंडाफोड़ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में राजेश उर्फ गंगाशरण निवासी चन्द्रलोक काला. ेनी, थाना कोतवाली हापुड़, श्रीनिवास उर्फ गोपाल शरण निवासी कस्बा व थाना चण्डौस, जनपद अलीगढ़, भवानी शंकर पुत्र नन्नू लाल निवासी चन्द्रलोक कालोनी, हापुड़, और जतन पुत्र जयपाल निवासी चन्द्रलोक कालोनी, हापुड़ शामिल हैं। एसपी ने



बताया कि पूछताछ के दौरान आरो. पियों ने अपनी ठगी की पूरी वारदात का खुलासा किया। गैंग के सदस्य खुद को उच्च कोटि का ज्योतिषी बताकर लोगों का विश्वास जीतते थे। पहले वे हाथ देखकर सही बातें बताकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे, फिर पितृ दोष या ग्रह दशा का डर दिखाकर पूजा-पाठ के नाम पर घर के सभी आभूषण एक कलश या पोटली में रखवा लेते थे। पूजा के दौरान जैसे ही मौका मिलता, वे असली आभूषणों वाली पोटली को पहले से तैयार नकली पोटली से बदलकर फरार हो जाते थे। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 6 मार्च को अशोक कुमार के घर इसी तरह से घटना को अंजाम दिया था। आभूषणों को हरिद्वार में बेचकर उन्होंने सारी रकम आपस में बांट ली। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि यह गिरोह पहले भी कई अन्य शहरों में इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी के आभूषण बेचकर प्राप्त 8 लाख 20 हजार रुपये नकद के अलावा दो ज्योतिष की डिग्री, एक ज्योतिष पत्रिका और एक ड्राइविंग लाइसेंस भी बरामद किया है। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है और उनके अन्य अपराधों में संलिप्तता की जांच जारी है।

### पुलिस ने किए 4 वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना कैराना क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर हटिया में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस प्रकरण में अब तक कुल नौ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरो. पियों में इरफान पुत्र हनीफ, बाबर पुत्र वैसर, अकदस पुत्र हारुन और इस्लाम पुत्र स्व. शकूर निवासी ग्राम बीबीपुर हटिया थाना कैराना जनपद शामली शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर हमले में चार नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मोहल्ला शाहमुबारिक में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार नामजद समेत 2-3 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तहरीर के अनुसार 31 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे नदीम, रिजवान और शहजाद अपने घर पर बैठे हुए थे। इसी दौरान अतीक, अकील, बिलाल व खलील पुत्र लहीक अपने साथियों के साथ घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट की, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। थाना पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### नई पेंशन को लेकर मनाया काला दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नई पेंशन स्कीम (एनपीएस/यूपीएस) के विरोध में बुधवार को जनपद शामली में सरकारी कर्मचारियों ने काला दिवस मनाया। इस दौरान कर्मचारियों ने हाथों पर काली पटी बांधकर विरोध दर्ज कराया और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। शहर के आरके इंटर कॉलेज में बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्रित हुए, जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए नई पेंशन स्कीम के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर सरकार से पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने की मांग की। ऑल टीचर्स इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के जिला संयोजक नवनीत गहमरी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी एक अप्रैल को काला दिवस मनाया गया है। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त किए जाने से कर्मचारियों में असंतोष है, क्योंकि यह योजना उन्हें भविष्य की आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती थी। जिला महामंत्री प्रताप सिंह ने कहा कि नई पेंशन स्कीम शेयर बाजार पर आधारित है, जिसमें निश्चित पेंशन की कोई गारंटी नहीं है। इससे कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित हो गया है। प्रदर्शन में प्रदीप मलिक, रमेश. चंद, अनुराग प्रकाश यादव, संजय यादव, बीना, अरुण सैनी, विकास वर्मा, राजीव कुमार, रामफूल, विनय त्यागी, अनीता, शोभा जैन, नीरू शर्मा, रूमा गर्ग, रीना, धर्म सिंह, आशाराम, विनोद, अनुज, इन्द्रभान यादव सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# कारनामा:टेंडर बाद में, निर्माण कार्य पहले

## 5 महीने पहले बनी इमारत ने खड़े किए बड़े सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत एक बार फिर विवादों के घेरे में है। इस बार मामला ऐसा है जिसने प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कस्बे में स्थित पुलिस चौकी परिसर में बने सार्वजनिक शौचालय की इमारत का सच सामने आने के बाद नगर पंचायत की कार्यशैली कटघरे में नजर आ रही है।

हैरानी की बात यह है कि जिस शौचालय निर्माण का टेंडर जनवरी 2025 को जारी किया गया उसी इमारत पर लगे शिलापट के अनुसार निर्माण कार्य जुलाई 2024 में ही पूर्ण दिखाया गया है। यानी टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से करीब 5 महीने पहले ही निर्माण कार्य पूरा हो चुका था।अब सवाल यह उठता है कि बिना प्रस्ताव बिना बोर्ड मीटिंग और बिना टेंडर प्रक्रिया के आखिर यह निर्माण कार्य कैसे पूरा हो गया स नियम को ताक पर रखकर पहले काम और बाद में कागजी खानापूर्ति की गई है। जब इस पूरे मामले पर नगर पंचायत के




अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा से बात की गई तो उन्होंने साफ कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है और फाइल देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ दिया कि कई बार ठेकेदार पहले से सामग्री या पत्थर बनवा लेते हैं जिससे इस तरह की स्थिति बन सकती है। लेकिन यह सफाई अपने आप में कई सवाल छोड़ जाती है। क्या एक सरकारी निर्माण कार्य में इतनी बड़ी लापरवाही या मनमानी संभव है? क्या बिना किसी आधिका. रिक प्रक्रिया के सार्वजनिक धन का उपयोग किया गया? मामले को और गंभीर बनाता है वह तथ्य कि इस कार्य के लिए जारी टेंडर में लगभग 9 लाख 26 हजार 12 रुपये की धनराशि दर्शाई गई है। ऐसे में यह आशंका और गहरी हो जाती है कि कहीं यह पूरा खेल सरकारी धन के दुरुपयोग और मिलीभगत का उदाहरण तो नहीं? ज्ञात हो कि थाना भवन नगर पंचायत पहले भी कई मामलों में विवादों में रह चुकी है। लगातार सामने आ रहे ऐसे प्रकरण यह संकेत देते हैं कि कहीं न कहीं सिस्टम में गड़बड़ी है स जिसका फायदा ठेकेदारों और कुछ जिम्मेदार लोगों द्वारा उठाया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत अध्यक्ष और जिम्मेदार अधिकारी इस तरह के मामलों पर चुप क्यों हैं क्यों ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट नहीं किया जाता और क्यों बार-बार उन्हीं लोगों को काम सौंपा जाता है? अब देखना यह होगा कि यह मामला केवल चर्चा तक सीमित रहता है या फिर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई भी होती है। फिलहाल यह पूरा प्रकरण थाना भवन नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो गया है।

# नरेश उत्तम पटेल का जनपद में दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं फतेहपुर से लोकसभा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने बुधवार को शामली जनपद का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। दौरे की शुरुआत कांधला बस अड्डे से हुई, जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसके बाद वह शामली शहर के मोहल्ला काजीवाड़ा स्थित तौफीक कुरैशी के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल एजेंट से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता को मतदाता सूची पर विशेष नजर रखनी चाहिए और पूरी ईमानदारी के साथ संगठनात्मक कार्य करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी दिलाया। इसके उपरांत सांसद भैंसवाल स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। भैंसवाल के बाद उन्होंने थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के गांव बुंटा, पलठेड़ी, अहाता गौंसगढ़ और थानाभवन में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों से मुलाकात की। हर स्थान पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रो. सुधीर पंवार, जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा, तहसील मंस. ूरी, रामफल उपाध्याय, वासिद चौधरी, तौफीक कुरैशी, मुफ्ति जुलफक्कार, सलेक चंद, भूपेंद्र सैनी, शेर सिंह राणा, योगेंद्र गोगर, अनिल कोरी, गोपाल कश्यप, सलीम कुरैशी, धीरज चौधरी आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव कसेरवा निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय पांचाल पुत्र कृष्णपाल के रूप में हुई है, जो कंडेला स्थित एक फैक्ट्री में कार्य करता था। बताया जा रहा है कि बुधवार को विजय पांचाल फैक्ट्री से काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस व राजस्व टीम ने सुलझाया विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी अनीश और साबिर दोनों खेत के पड़ोसी हैं। दोनों की कृषि भूमि सलेमपुर मार्ग पर स्थित है।बीते दिनों दोनों के बीच जमीन की सीमांकन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। दोनों पक्षों ने उप जिलाधिकारी कैराना से शिकायत करते हुए एक-दूसरे पर आरोप लगाया था कि सामने वाले ने उनकी भूमि को अपने चक में शामिल कर लिया है। साथ ही एक-दूसरे पर खेत में खड़े पेड़ों को काटने के भी आरोप लगाए गए थे।मामले मे उप जिला. धिकारी कैराना ने राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच और पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे। बुधवार को नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव के नेतृत्व में कानूनगो अरविंद कुमार, व विनोद कुमार हल्का लेखपाल मिंटू तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचा। टीम ने दोनों किसानों को मौके पर बुलाकर उनकी मौजूदगी में जमीन की पैमाइश कराई।पैमाइश के बाद जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाया, जिसके बाद दोनों के बीच आपसी सहमति बन गई। इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर ही विवाद का समाधान कराते हुए भूमि का निपटारा करा दिया।प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद दोनों पक्ष संतुष्ट दिखाई दिए और उन्होंने भविष्य में विवाद न करने का आश्वासन दिया। आसपास के किसानों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

# लखनऊ में संपंन हुआ अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती साहित्य समिति के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 29 मार्च को लखनऊ में बहुत अच्छे से संपन्न हुआ। कार्यक्रम संस्था की संस्थापक /अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आरती दुबे शुक्ला एवं अंतराष्ट्रीय सचिव डॉ प्रिया ठाकुर द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि जनपद देवरिया से उपस्थित आदरणीय सौदागर सिंह ,रामधारी सिंह दिनकर सहित अनेकों सम्मानितों द्वारा की गईं।

उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता पाठक बतौर मुख्य अतिथी



उपस्तिथि रही। अन्य मुख्य अतिथियों में भारत की एकमात्र व सर्वश्रेष्ठ संस्था एकल अभियान के संस्थापक एवं इंटरनेशनल राइफल शूटर दुर्गेश त्रिपाठी , अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर महादेव बाबा महाराज, लंदन से उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय संत बलदेवआनंद महाराज, छत्तीसगढ़ से उपस्तिथ आदरणीय इंजीनियर हरी प्रकाश गुप्ता (वरिष्ठ साहित्यकार), भोपाल के पूर्व डीएसपी एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति आदरणीय श्री डॉ एपीजे अब्दुल कलाम से सम्मानित उमाशंकर दुबे मनमौजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि जम्मू कश्मीर से उपस्थित सब इंस्पेक्टर, साहित्यिक क्षेत्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक संजीव कुमार, सुप्रसि कवि एवं संगीतकार आदरणीय डॉ ओम शर्मा, सुप्रसिद्ध गीतकार आदरणीय वंदना विशेष , मेरठ से उपस्थित महिला काव्य मंच की मेरठ अध्यक्ष सरोज दुबे, एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रांत अध्यक्ष सुषमा सवेरा उपस्थित रही। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पंजाब, हरियाणा सहित देश भर से वरिष्ठ कवि कवयित्रीयों सहित अनेक बालकवि बालकवयित्री भी उपस्तिथ रही। दीप प्रज्जवलन उपरांत माँ सरस्वती की आराधना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन आदरणीय अंकुर पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तीन पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। सभी कवि कवयित्रीयों ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुतियाँ दी। सभी वरिष्ठ कवि कवयित्रीयों एवं मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम एवं संस्थापक /अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आरती दुबे (शुक्ला) एवं अंतर्राष्ट्रीय सचिव डॉ प्रिया ठाकुर की मेहनत व सफल आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में सफल रही कवियों की प्रस्तुति आयोजित कार्यक्रम में सभी कवियों द्वारा दी गई प्रस्तुति शानदार रही।

प्रस्तुति देने वाले कवियों में प्रमुख रूप से झारखण्ड से वरिष्ठ कवि तेज नारायण राय, मेरठ से वरिष्ठ कवयित्री एडवोकेट आशा त्यागी, नीलम किशोर श्रीवास्तव, सतीश सहज़, संगीता शर्मा, अंजुला अरोड़ा, अशोक प्रयासी, सोनिया नायडू, मेघा अग्रवाल, मिंहू अग्रवाल और स्वयं प्रभा भारद्वाज आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## एक नजर

### अवैध शराब सहित तस्कर दबोचा

**थानाभवन (शाह टाइम्स)।** पुलिस निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम थाना भवन से कदरगढ़ की ओर गश्त पर थी। जैसे ही पुलिस टीम ख्यावड़ी अंडरपास पुल के पास पहुंची तभी कादरगढ़ की ओर से एक युवक कंधे पर प्लास्टिक का कटा लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया जिससे उसकी गतिविधियां और संदिग्ध हो गईं। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कटे से अवैध शराब के 22 पव्वे बरामद हुए जिन पर महबूबा मार्का टेट्रा पैक पर अंकित था। पूछताछ में आरोपी ने अपनी नाम राहुल उर्फ विजय पुत्र मामचंद निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी बताया ।

### संचारी रोग नियंत्रण को चलाया अभियान

**कांधला (शाह टाइम्स)।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र की नई बस्ती सलेमपुर मार्ग पर जन-जागरूकता अभियान चलाया। टीम के सदस्यों ने बस्ती के लोगों के घरों पर दस्तक दी, व एक विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को भी स्वच्छता और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। टीम ने स्पष्ट किया कि जागरूकता ही इन रोगों से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है। विद्यालय में बच्चों को सलाह दी कि वे अपने घर और आसपास जलभराव न होने दें, पूरी बाजू के कपड़े पहनें और सफाई का विशेष ध्यान रखें।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम में अनीता, नजमा, सौम्या, रेखा और नसीम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### माता रानी के मंदिर पर भंडारा आयोजित

**चौसाना (शाह टाइम्स)।** चौसाना में आज श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां जिला पंचायत सदस्य वार्ड से ठाकुर कर्ण सिंह जी के आवास के सामने स्थित मंदिर में माता रानी की चौदस उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई थी, जहां सभी ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

### जलभराव को लेकर जनता परेशान

**कांधला।** कस्बा क्षेत्र के एलम मार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। यही रास्ता गांव कनियान के ग्रामीणों के साथ-साथ एलम और आसपास के कई गांवों में आने-जाने के लिए भी मुख्य मार्ग के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मंदिर के ठीक सामने सड़क पर लंबे समय से जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गली में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। हल्की बारिश या नालियों का पानी भी सड़क पर जमा हो जाता है और कई दिनों तक वहीं पड़ा रहता है। इसके कारण रास्ते से गुजरना मुश्किल हो जाता है तथा गंदगी और बदबू से भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

### पंचायत विवाद ने पकड़ा हिंसक रूप

**कैराना।** क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी स्थित बंजारन बस्ती में पंचायत के दौरान हुआ विवाद बाद में हिंसक झड़प में बदल गया। रंजिश के चलते कुछ लोगों पर युवक के घर में घुसकर मारपीट करने, गाड़ियों में तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। घटना के करीब दस दिन बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का कहना है कि घटना का वीडियो भी उसके पास सुरक्षित है, जिसे वह साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंपेगा। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस अधीक्षक के आद. ेश पर कैराना कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अंतरा सब क्यूटेनस इंजेक्शन का शुभारंभ

**कैराना।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत अंतराल विधियों को बढ़ावा देने की दिशा में बुधवार को एक नई पहल की गई। 1 अप्रैल 2026 को अंतरा इंजेक्शन के नए वर्जन 'अंतरा सब-क्यूटेनियस' का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान तीन लाभार्थी महिलाओं को अंतरा सब-क्यूटेनियस इंजेक्शन की पहली डोज प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह नई तकनीक महिलाओं के लिए अधिक सुविधाजनक और प्रभावी मानी जा रही है, जिससे परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता बढ़ने की उम्मीद है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र चौरसिया, डॉ. विजय राणा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव, बीसीपीएम आरिश खान सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस नई विधि के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित और आसान अंतराल विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

### देवी मंदिरों में उमड़ी चौदस पर भीड़

शामली। जनपद में दुर्गा चतुर्दशी के पावन अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से लेकर रात तक भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसरों में मेले जैसा रौनक देखने को मिला। राजो मोहल्ला स्थित श्री देवी मंदिर चौदसवाला में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। दिनभर महिलाओं एवं पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने माता को हलवा-पूरी एवं श्रृंगार का सामान अर्पित किया और मंदिर की परिक्रमा कर विधिवत पूजा की। 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। शाम को पंडित विनोद शर्मा द्वारा कराई गई मंगल आरती में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिर के बाहर लगे मेले में भी खूब रौनक रही। बच्चों और महिलाओं ने मेले में लगी दुकानों से जमकर खरीदारी की। मेले ने आस्था के इस अवसर पर उत्सव का रंग और भी गहरा कर दिया। इसके अलावा हनुमान धाम स्थित माता मंदिर, वैष्णो देवी माता मंदिर, गुलजारीवाला मंदिर एवं मां आठे वाला मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी मंदिर परिसरों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे आस्था का यह पावन पर्व किसी भी अप्रिय घटना के बिना संपन्न हुआ। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार, विपिन नेताजी, सुशील कुमार, शिवम, गौरव गर्ग, मुकेश गोयल, अन्नु सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूरे दिन मंदिरों में आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना रहा। वही **थानाभवन में** सर्वप्रथम सुबह हवन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन के उपरांत मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कादरगढ़ दुर्गा मंदिर पर चौत्र माह की चौदस के अवसर पर मेले का आयोजन पिछले 76 वर्षों से लगातार होता आ रहा है। पीढ़ी दर पीढ़ी यह परंपरा निभाई जा रही है और आज भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ गांववासी इसे आगे बढ़ा रहे हैं।मेले में लगे झूले खिलौनों और मिठाइयों की दुकानों ने बच्चों को खूब आकर्षित किया वहीं महिलाओं ने श्रृंगार सामग्री और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की। मेले का माहौल बेहद आकर्षक रहा जहां हर उम्र के लोग आनंद और उमंग से सराबोर दिखाई दिए। ग्रामीणों के अनुसार यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि सामाजिक मेलजोल का भी बड़ा अवसर होता है, जहां लोग एक-दूसरे से मिलते हैं और आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं। स्थानीय मान्यता है कि चौत्र माह की चौदस के दिन दुर्गा मंदिर में प्रसाद चढ़ाने और मेले में शामिल होने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी बि्वास के चलते कादरगढ़ ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह परंपरा आने वाले वर्षों में भी इसी आस्था और श्रद्धा के साथ लगातार चलती रहेगी। इस दौरान प्रमोद राणा, धीरज सिंह, मास्टर कर्णपाल, वीर बहादुर, परमजीत राणा आदि मौजूद रहे।

### 42 साल में जमा 369 मुकदमों के हथियार किए नष्ट

**शामली।** पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कैराना के मालखाने में वर्षों से जमा शस्त्र अधिनियम से जुड़े मुकदमों के हथियारों का विनिष्टीकरण कराया। इस दौरान वर्ष 1983 से 2025 तक के कुल 369 अभियोगों से संबंधित हथियार और उपकरण नष्ट किए गए। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर और न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। विनिष्टीकरण के लिए गठित समिति के आदेश पर बुधवार को थाना परिसर में प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यवाही के दौरान क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी शैली भारद्वाज, प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री और न्यायालय लिपिक हरिनंदन सिंह मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान 315 बोर व 12 बोर के 199 शस्त्र, 14 बंदूक/रायफल, 15 रिवॉल्वर/पिस्टल, 2 शस्त्र निर्माण उपकरण, 148 चाकू, 5 कुल्हाड़ी, 4 गोकशी उपकरण तथा बड़ी संख्या में कारतूस आदि को नष्ट किया गया।

# लखनऊ ने दिल्ली को 142 का टारगेट दिया

### अब्दुल समद ने 36, मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए, नटराजन-एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल के पांचवें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में डीसी ने बालिंग चुनी। होम टीम एलएसजी 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए। दिल्ली के लिए लुंगी एनगिडी और थंगारसु नटराज ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। लखनऊ से पहली बार ओपनिंग करने उतरे ऋषभ पंत 7 रन बनाकर रन आउट हो गए। 19वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 2 गेंद पर 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर एनरिक नार्त्या और चौथी गेंद पर मोहसिन खान को कैच करा दिया। इसी के साथ लखनऊ 141 रन पर सिमट गई। शाहबाज अहमद 15 रन बनाकर नाटआउट रह गए।



थंगारसु नटराजन ने 18वें ओवर में 2 विकेट लिए। ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने अब्दुल समद को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। समद ने 36 रन बनाए। आखिरी गेंद पर उन्होंने मोहम्मद शमी को भी कैच करा दिया। नटराजन ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। 16 ओवर के बाद लखनऊ ने 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बना लिए। कुलदीप ने 2 विकेट लेकर अपना स्पेल खत्म किया। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में 6 रन दिए। 14वें ओवर लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल कुलदीप यादव ने गुड लेंथ पर फेंकी। मुकुल चौधरी डिफेंड करने गए, लेकिन कुलदीप को ही कैच दे बैठे। मुकुल ने डेब्यू मैच में 14 रन बनाए। कुलदीप ने मिचेल मार्श को भी पवेलियन भेजा था। 10वें ओवर में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल कुलदीप यादव ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। मिचेल मार्श लान्ग आफ पर कैच हो गए। उन्होंने 35 रन बनाए।

### 21 भाषाओं में खेल वर्णमाला का एक साथ लोकार्पण

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक अभूतपूर्व आयोजन में एक ही स्थान पर, एक ही समय पर, एक ही विषय पर, एक साथ 21 भाषाओं में किसी पुस्तक का विमोचन सम्पन्न हुआ। स्पोर्ट्स ए वे ऑफ लाइफ संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान एवं हिमाचल के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने की। इस अवसर पर विख्यात हॉकी खिलाड़ी, ओलम्पियन एवं अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचन्द, संस्था के उपाध्यक्ष डॉ- मिलिन्द पाण्डेय सहित भारत के विभिन्न प्रान्तों के माननीय सांसदगण उपस्थित हुए और उन्होंने एक साथ 21 भाषाओं में तैयार खेल वर्णमाला का एक साथ अपने कर कमलों से लोकार्पण किया। संस्था के अध्यक्ष एवं विख्यात खेल शोधकर्ता डॉ- कनिष्क पाण्डेय की यह संकल्पना भारत में खेल संस्कृति विकसित करने के लिए पिछले एक दशक से लगातार जारी शोध एवं प्रयोगों का परिणाम है।

# मर्फी, डॉगेट 2026-27 के लिए ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में सबसे आगे

**मेलबर्न, वार्ता।** भारतीय धरती पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने 2026-27 के लिए 21-सदस्ईय सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी को शामिल किया है और मैथ्यू कुहनेमैन को बरकरार रखा गया है। चयनकर्ताओं ने स्पिन विभाग को मजबूत करने पर जोर दिया है, क्योंकि 38 वर्षीय नाथन लियोन पिछले साल घरेलू एशेज के दौरान हुई हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबरकर वापसी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट को अपना पहला पूर्ण कॉन्ट्रैक्ट मिला,

जबकि सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड ने पिछले गर्मियों में मिली अपनी अपग्रेडेड डील को बरकरार रखा। घरेलू गर्मियों में शानदार प्रदर्शन के बाद माइकल नेसर भी इस लिस्ट में वापस आ गए हैं। पिछले चक्र से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में उस्मान ख्वाजा (रिटायर्ड), सैम कोन्स्टास, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन और मैट शॉर्ट शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट 2026-27: जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिस, ब्रेंडन डॉगेट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग. लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, बो वेबस्टर, एडम जम्पा। आगे का शेड्यूल काफी व्यस्त है। ऑस्ट्रेलिया अगले साल 15 टेस्ट मैच खेलने वाला है: दो घरेलू मैच बांग्लादेश के खिलाफ, तीन दक्षिण अफ्रीका में, चार घरेलू मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ, और भारत का पांच टेस्ट मैचों का दौरा, साथ ही एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ का एक विशेष मैच। इसके बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हो सकता है, और फिर 2027 के मध्य में पांच टेस्ट मैचों का एशेज दौरा होगा। पुरुषों के राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट का उद्देश्य समय के साथ किए गए प्रदर्शनों को पुरस्कृत करने और आने वाले शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए संतुलन बनाना है। अगले 12 महीनों में अलग-अलग तरह के हालात और चुनौतियों के बीच टेस्ट मैचों का एक व्यस्त शेड्यूल है - इसमें दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के साथ-साथ 'टॉप एंड' और गर्मियों में होने वाले घरेलू टेस्ट मैच शामिल हैं। इस बात की झलक कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में भी दिखती है, जिसमें इस साइकल के लिए टेस्ट और मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों को ज्यादा अहमियत दी गई है। आने वाली सीरीज के शेड्यूल को देखते हुए, हम जानते हैं कि हमें कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर के खिलाड़ियों की भी जरूरत पड़ती रहेगी और हम उनका इस्तेमाल करते रहेंगे।

**खेल विशेष**

### विश्वनाथ सुरेश और सचिन एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटार/वार्ता।** भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने (50 किग्रा) भार वर्ग और सचिन 60 किग्रा भार वर्ग के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए बुधवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां हुए मुकाबले में विश्वनाथ सुरेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के बेकजात एर्गेशोव पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा, जो इस वर्ग के मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इस बीच, सचिन ने मंगोलिया के बुयांदलाई बायारखू पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत दर्ज की और अब अपने क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चेंग-वेई ली का सामना करेंगे। महिला वर्ग में भारत की प्रिया (महिलाओं का 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिलाओं का 54किग्रा) और दीपक (पुरुषों का 70किग्रा) ने भी अपने-अपने पहले दौर के मुकाबले जीते, जबकि जादुमणि सिंह (पुरुषों का 55किग्रा) टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना मैच हार गए थे। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपने-अपने शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दे दिया गया था। आदित्य प्रताप सिंह गुरुवार को पुरुषों के 65किग्रा वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव का सामना करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया, साथ ही ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की टीम का हिस्सा हैं और वे बाद में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

### जुलाई में तीन टी-20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

**हरारे, वार्ता।** जुलाई में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे, भारत की मेबानी करेगा, जिसकी घोषणा बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने की। यह दौरा जुलाई 2024 के बाद भारत का पहला जिम्बाब्वे दौरा होगा, जब उन्होंने पांच टी-20 मैच वहां खेले थे। यह घोषणा जिम्बाब्वे के भारत दौरे के घोषणा के बाद आई है, जहां वे जनवरी 2027 में तीन वनडे खेलेंगे। यह 2002 के बाद भारत में उनकी पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारत और जिम्बाब्वे की हालिया भिड़ंत टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण में हुई थी, जहां भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी। सीरीज का कार्यक्रम पहला टी-20 - 23 जुलाई, दूसरा टी-20 - 25 जुलाई, तीसरा टी-20 - 26 जुलाई सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे। जेडसी के मैनेजिग डायरेक्टर गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज, जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए बड़ा मौका है।

# श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 4 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।



# KKR को घरेलू मैदान से फायदे की उम्मीद

### ईडन गार्डन्स में मुकाबला आज, एसआरएच को अपनी जबर्दस्त बल्लेबाजी पर भरोसा

**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में होने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के गुरुवार को होने वाले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जहां अपने घरेलू मैदान से परिचित होने का फायदा मिलने की उम्मीद है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद एसआरएच को अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी की ताकत पर भरोसा है।




अब सवाल यह उठता है कि क्या हैदराबाद की जबरदस्त बल्लेबाजी कोलकाता के स्पिन-प्रधान गेंदबाजी पर भारी पड़ पाएगी, या कोलकाता का संतुलन और घरेलू फायदा एक बार फिर अपना असर दिखाएगा। पिच की बात की जाए तो ईडन गार्डन्स में, एक ऐसा मैदान जहां रनों की बौछार और अचानक विकेट गिरने, दोनों तरह के नजारे देखे गए हैं, पिच शायद ही कभी एक मूक दर्शक की तरह रहती है। हां, यह रन बनाने का मौका देती है, लेकिन यह सब्र का इनाम भी देती है और बेसब्र होने पर सजा भी देती है। रात में, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है, जिससे बल्लेबाजो को शॉट खेलने का प्रोत्साहन मिलता है, हालांकि स्पिनरों को भी पिच से इतनी मदद मिलती है कि बीच के ओवरों में बल्लेबाजो की तकनीक के साथ-साथ उनके सब्र की भी परीक्षा होती है। कोलकाता की बात करें तो, उनकी टीम नियंत्रित आक्रामकता का एक बेहतरीन उदाहरण है। अजिक्य रहाणे पारी की शुरुआत में स्थिरता लाते हैं। वह एक ऐसे बल्लेबाज जो रनों के साथ-साथ क्रीज पर टिकने को भी उतना ही महत्व देते हैं। जबकि फिन एलन और अंगकृष रघुवंशी अपनी युवा ऊर्जा से टीम में तेजी लाते हैं। कैमरन ग्रीन एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को मजबूती देते हैं, और रिकू सिंह एक ऐसे फिनिशर हैं जो कुछ ही गेंदों में मैच का रुख बदल सकते हैं। कोलकाता की ताकत जितनी उनकी बल्लेबाजी में है, उतनी ही उनकी गेंदबाजी में भी है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी अपनी गेंदबाजी में बारीक बदलावों के दम पर बल्लेबाजों को परेशान करती है, इस जोड़ी को वैभव अरोड़ा और कार्तिक त्यागी का साथ मिलता है, जिनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी की शुरुआत में कसी हुई गेंदबाजी करेंगे और अंत के ओवरों में मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद की टीम से अधिक विस्फोटक प्रदर्शन की उम्मीद है। पारी की शुरुआत करने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा कुछ ही ओवरों में एक सधी हुई शुरुआत को एक जोरदार और रोमांचक प्रदर्शन में बदल सकते हैं, जबकि ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन मध्यक्रम को ताकत और आक्रामकता दोनों देते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी और अनिकेत वर्मा इस आक्रामकता को पारी के अंत तक बनाए रखते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि टीम की रनों की रफ्तार कभी धीमी न पड़े। हैदराबाद टीम की कप्तानी हर्षल पटेल कर रहे हैं, जो डेथ ओवर्स में वेरिएशन लाते हैं। डेविड पेन और जयदेव उनादकट नई गेंद से सीम मूवमेंट देते हैं, जबकि ईशान मलिगा और हर्ष दुबे पेस और स्पिन के विकल्प जोड़ते हैं। यह अटैक काबिल है।

# बेथलीन माकरी ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता कांस्य पदक

**जगदलपुर, वार्ता।** जनवरी 2026 में रेस-वॉक शुरू करने वाली शिलांग की युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने स्वयं पर यकीन रखते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कांस्य पदक जीता। पिछले साल 29 दिसम्बर 2025 को शिलांग के साई के स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में बेथलीन ग्रेस माकरी के कोच ने अचानक इस युवा एथलीट में एक रेस-वॉक एथलीट बनने की काबिलियत देखी। हालांकि बेथलीन खुद इस स्पर्धा के बारे में लगभग कुछ भी नहीं जानती थी और इसकी तकनीकी बारीकियों की तो बात ही छोड़ दें।



पिछले साल तक, मेघालय की यह युवा एथलीट एक मिडिल और लॉन्ग-डिस्टेंस रनर के तौर पर मुकाबला कर रही थीं। लेकिन 2026 की शुरुआत में, उसे अपना खेल बदलने के लिए कहा गया जिसने उसकी शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह की ताकत की परीक्षा ली। खासी ट्राइब से आने वाली बेथलीन के लिए यह बदलाव बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। उनके लिए शुरुआती कुछ सप्ताह बहुत कठिन थे, जब वह रेस-वॉक की अनजान तकनीक के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश कर रही थीं और शरीर में तेज दर्द से जूझ रही थीं। इसके चलते कई रातें बिना नींद के बीतीं और मन में आत्म-संदेह भी पैदा होने लगा। हालांकि, उनके कोच और परिवार के सहयोग ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बेटी होने के नाते, बेथलीन ने इस चुनौती को स्वीकार किया और खेल की तकनीकी बारीकियों को सीखने में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले एडिशन में भाग लेने के लिए जगदलपुर का रुख किया। उन्होंने साई मीडिया से कहा कि पहले दो हफ्ते वाकई बहुत मुश्किल थे, खासकर मेरे शरीर के लिए। रेस-वॉक की तकनीकी बारीकियां मध्यम या लंबी दूरी की दौड़ से बिल्कुल अलग होती हैं, इसलिए मुझे इसे समझने में समय लगा। इसके बाद कई रातों तक नींद नहीं आई।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराया

**वेलिंग्टन, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (नाबाद 179) की शतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को दो गेंदें शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। 347 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड शुरुआत अच्छी नहीं हुई उसने 21 के स्कोर पर सुजी बेट्स (आठ) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने जॉर्जिया प्लिमर के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। 16वें ओवर में कायला रेनेके ने जॉर्जिया प्लिमर (23) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने मैडी ग्रीन (13) और ब्रूक हेलिडे (14) के विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। ऐसे संकट के समय इसाबेला गेज ने अमेलिया केर के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे।

दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान अमेलिया केर ने अपना शतक पूरा किया। वहीं इसाबेला ने अर्धशतक बनाया। 38वें ओवर में एम क्लास ने इसाबेला गेज को आउट कर साझेदारी का अंत किया। इसाबेला गेज ने 48 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 68 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (11), जेस केर (14) और रोजमेरी मेयर (दो) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड ने 49-2 ओवरों में आठ विकेट पर 350 रन बनाकर मुकाबला दो विकेट से अपने नाम कर लिया। अमेलिया केर ने 139 गेंदों में 23 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 179 रनों की मैच विजई पारी खेली। एम क्लास और कायला रेनेके को दो-दो विकेट मिले। सुने लूस ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 आवरों में छह विकेट पर 346 रनों का स्कोर बनाया। तेजमिन ब्रिट्स (नौ) का विकेट जल्द गिरने के बाद कप्तान लॉरा वुलफार्ट और अन्नेका बोश की जोड़ी ने पारी को संभाला तथा दूसरे विकेट लिए 132 रन जोड़ कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 28वें ओवर में ब्री इलिग ने लॉरा वुलफार्ट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वुलफार्ट ने 74 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए 69 रन बनाए। 37वें ओवर में केली नाइट ने अन्नेका बोश को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। अन्नेका बोश ने 90 गेंद में 12 चौके लगाते हुए 91 रनों की पारी खेली। सुने लूस (40), सिनालो जाफ्टा (37) और नडीन डी क्लर्क (18) रन बनाकर आउट हुई।

# जुलाई में तीन टी-20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

**हरारे, वार्ता।** जुलाई में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे, भारत की मेबानी करेगा, जिसकी घोषणा बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने की। यह दौरा जुलाई 2024 के बाद भारत का पहला जिम्बाब्वे दौरा होगा,

जब उन्होंने पांच टी-20 मैच वहां खेले थे। यह घोषणा जिम्बाब्वे के भारत दौरे के घोषणा के बाद आई है, जहां वे जनवरी 2027 में तीन वनडे खेलेंगे। यह 2002 के बाद भारत में उनकी पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारत और जिम्बाब्वे की हालिया भिड़ंत टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण में हुई थी, जहां भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी। सीरीज का कार्यक्रम पहला टी-20 - 23 जुलाई, दूसरा टी-20 - 25 जुलाई, तीसरा टी-20 - 26 जुलाई सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे। जेडसी के मैनेजिग डायरेक्टर गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज, जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए बड़ा मौका है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच हमेशा काफी उत्साह पैदा करते हैं और यह हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व चैंपियन टीम के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर खुद को परखने का शानदार अवसर है। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हमारे अच्छे प्रदर्शन के बाद यह सीरी हमें आगे बढ़ने और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में मजबूत टीम बनने का मौघ देती है।

### गांवों में स्पोर्ट्स क्लब बनाने, खिलाड़ियों को गोद लेने को बढ़ावा देने का प्रयास

**रायपुर, वार्ता।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को कहा कि खेलों की संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए, खेल मंत्रालय ग्रामीण इलाकों में गांव के स्पोर्ट्स क्लब खोलने को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। आज यहां 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' में पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती खडसे ने कहा कि खेल मंत्रालय का लक्ष्य हर गांव में स्पोर्ट्स क्लब बनाना है, ष्ताकि जमीनी स्तर पर खेलों का विकास हो सके। खेल मंत्रालय प्रत्येक गांव में स्पोर्ट्स क्लब शुरू करने की कोशिश कर रहा है और केंद्र सरकार इसमें आर्थिक मदद देगी। उन्होंने कहा कि देश में खेलों की संस्कृति की अभी भी कमी है। उन्होंने कहा कि मैदान तो हैं, खासकर स्कूलों और कॉलेजों में गांवों में भी जगह की कोई कमी नहीं है, लेकिन बहुत कम लोग खेलते हैं।

# इटली की टीम तीसरी बार विश्वकप के लिए नहीं कर पाई क्वालीफाई

**बर्लिन, वार्ता।** चार बार की चैंपियन इटली, बोस्निया और हर्जेगोविना से रोमांचक प्लेऑफ मैच में हारने के बाद लगातार तीसरी बार फीफा विश्वकप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही। यह मैच पेनल्टी शूटआउट से तय हुआ।

जेनिका में मंगलवार को खेला गया मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद मैच 1-1 से बराबरी पर छूटा। इसके बाद बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्वकप में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनजोला ने कहा कि हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा है। यह सबके लिए बहुत दुख की बात है। इटली की टीम के मुख्य कोच गेनारो गटुसो ने मैच के



बाद माफी मांगते हुए कहा कि टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। जेनिका में मैच की शुरुआत में इटली का पलड़ा भारी लग रहा था, जब मोइज कीन ने बोस्निया के गोलकीपर निकोला वासिलज की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए 15वें मिनट में मेहमान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन हाफटाइम से ठीक पहले मैच का रुख अचानक बदल गया। जब इटली के सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बास्टोनी को 'लास्ट-मैन फाउल' (गोल रोकने की आखिरी कोशिश में किया गया फाउल) के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया, जिससे मेहमान टीम को लंबे समय तक बचाव की मुद्रा में खेलना पड़ा।

10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बाद, इटली की टीम पीछे हट गई और अपनी बढ़त बचाने की कोशिश करने लगी। लेकिन बोस्निया ने लगातार दबाव बनाए रखा और आखरिकार 79वें मिनट में उसे सफलता मिल ही गई, जब हारिस तबाकोविच ने गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अतिरिक्त समय में भी कोई भी टीम निर्णायक गोल नहीं कर पाई, जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। इसी शूटआउट ने आखिरकार इटली का भविष्य तय कर दिया। सैंड्रो टोनाली इटली के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जो पेनल्टी स्पॉट से गोल करने में सफल रहे।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## युद्ध से बाहर जाता अमेरिका

मध्य-पूर्व में चल रहे ईरान के साथ संघर्ष में अमेरिका बाहर निकलने के संकेत दे रहा है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की बातों पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह अपनी बातों पर ज्यादा नहीं टिकते और युद्ध पर दिए गए उनके बयान बेहद हास्यास्पद स्थिति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को गंभीरता से लेना बंद कर दिया है, क्योंकि वह कभी जंग से बाहर निकलने की बात करते हैं तो दूसरे पल वह कह डालते हैं कि अमेरिकी सेना कभी भी ईरान के खर्गदीप पर धावा बोल सकती है। खबर आ रही है कि ट्रम्प भारतीय समय के अनुसार गुरुवार की सुबह 6:30 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। दुनिया की नजर इस बात पर लगी है कि ट्रम्प अपने संबोधन में किस तरह की घोषणा करते हैं, इसके पीछे खबर भी आ रही है कि ट्रम्प कभी भी युद्ध से हट सकते हैं। इस तरह की बातों पर ट्रम्प के सहयोगी इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की तरफ से कोई प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है और न ही युद्ध में किसी तरह की तब्दीली देखने में आ रही है। हालात नित नए प्रयोग करते दिखाई दे रहे हैं। अब तक हर अच्छे बुरे काम में अमेरिका का साथ देने वाले नाटो देश अमेरिका से बराबर दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। पहले स्पेन और अब इटली ने भी अमेरिका के वायु यानों की आवा. जाही अपने यहां से बंद कर दी है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री भी सार्वजनिक रूप से घोषणा कर चुके हैं कि वह ईरान युद्ध में कोई हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं, क्योंकि उनके देश के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही उनके ऊपर कितना भी दबाव पड़े, वह इस संघर्ष में नहीं कूदेंगे। निश्चित रूप से ये तमाम बातें अमेरिका के लिए किसी झटके से कम नहीं हैं। यह अलग बात है कि जैसेकि आदत है कि ट्रम्प साफ कह रहे हैं कि हमें किसी की जरूरत नहीं है और इंग्लैंड के पास तो अपनी नैवी भी नहीं है। जाहिर है इस तरह की बातें एक खीज से ज्यादा कुछ नहीं हैं। हकीकत यह है कि ट्रम्प ईरान पर हमले के फैसले को लेकर दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैं। शायद यही कारण है कि वह अब इस युद्ध से निकलने के लिए सोच रहे हैं। वैसे भी जिस तरह अमेरिका में ही उनका विरोध हो रहा है, वह भी उनके सामने बड़ी चुनौती पेश कर रहा है। हम तो यही चाहेंगे कि कुछ भी हो यह युद्ध किसी भी तरह बंद होना चाहिए, क्योंकि इस युद्ध का असर संघर्ष में लिप्त देशों पर ही नहीं बल्कि दुनिया पर पड़ रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि ट्रम्प को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति की तरफ लौटेंगे, क्योंकि उनका फैसला ही इस समय शांति का रास्ता हो सकता है।

### प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी



फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा, कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी, फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसके तहत कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को इस रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को एक ही पहचान के आधार पर विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

-योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उप्र

## हिन्दू पहचान बनाम क्षेत्रीय विकास से मुकाबला, किसकी होगी जीत





शाहिद नकवी

पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल 2026 को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।ग्राउंड जीरो पर टीएमसी और बीजेपी कैडरों में हो-हल्ला शुरू हो गया है।बीजेपी यहां हिंदू पहचान और आदिवासी सम्मान के मिश्रण के साथ मैदान में है,जबकि टीएमसी क्षेत्रीय विकास और बंगाल की बेटी के नारे पर टिकी है। चुनावी आंकड़ों से इतर देखा जाए तो यह चुनाव ममता बनर्जी के लिए बिल्कुल आसान नहीं है।

उनको एक साथ कई मोर्चों पर भिड़ना पड़ रहा है। भाजपा की आक्रामक चुनावी रणनीति, पीएम मोदी की छवि, उनके सबसे भरोसेमंद मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव की आशंका, जनता उनको फिर क्यों मौका दे ए समझाने के लिए नए दावे, नए वादे और नए नारे गढ़ने पड़ रहे हैं।इसी लिए ममता बनर्जी ने इस बार अपनी चुनावी रणनीति एमएमवाई यानी मुस्लिम, महिला और युवा को ध्यान में रख कर बनाया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में 34 साल लंबे चले वामपंथी शासन को सत्ता से बेदखल किया था। साल 2011 में जब उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला तो न केवल उनके विरोधियों, बल्कि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने भी उनके शासन चलाने की क्षमता को लेकर शंका जाहिर की थी। उनकी राजनीतिक परिपक्वता को लेकर भी संशय जताया गया, लेकिन बीते पंद्रह सालों में इन शंकाओं और सवालों का जवाब खुद बंगाल की राजनीति ने ही दे दिया।ममता बनर्जी एक नहीं लगातार तीन बार राज्य की मुख्यमंत्री चुनी गई और अब जब पश्चिम बंगाल एक बार फिर विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा है, ममता बनर्जी चौथी बार तृणमूल कांग्रेस का चेहरा बनकर चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। ऐसे में ममता अगर अपनी पार्टी को फिर से जीत दिलाती हैं, तो वह पश्चिम बंगाल की पहली ऐसी मुख्यमंत्री बन सकती हैं, जिन्होंने लगातार चार बार विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास बनाया हो, लेकिन क्या इतिहास रचना उनके लिए इतना आसान होगा? 2026 का यह चुनाव कई मायनों में ममता बनर्जी के लिए अब तक की सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा भी साबित हो सकता है।ऐसे में सवाल उठता है कि इस चुनाव में उनके सामने कौन-कौन सी राजनी. तिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी हैं और क्या वह इनसे पार पा पाएंगी? साल 2021 में पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव जहां आठ चरणों में करवाया गया था, वहीं इस बार चुनाव आयोग चुनाव केवल दो चरणों में करा रहा है। ममता बनर्जी सरकार ने 2026 चुनाव से पहले जनता को लुभाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार योजना, युवाओं के लिए भत्ता योजना, बुजुर्गों के लिए घर तक चिकित्सा सेवाएं, और किसानों के लिए विशेष बजट शामिल हैं। ममता की तत्परता, चुनाव की तारीखों की घोषणा से ठीक पहले तक हुई घोषणाएं यह दर्शाती है कि ममता बनर्जी इस बार के मुकाबले को आसान नहीं मानतीं और वह लोगों की नाराजगी को दूर करने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

असल में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मदद करने वाली श्लक्ष्मी भंडार स्कीमश में चुनाव से पहले भी वृद्धि की गई थी। उन्होंने इस बार मुसलमानों के साथ बहुसंख्यकों को भी साधने की कोशिश की है,तभी मुअज्जिनों के साथ पुरोहितों के मानदेय में बढ़ोतरी का फैसला किया।इन योजनाओं का मकसद सीधे तौर पर आम जनता को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देना है। इस लिए राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि ममता बनर्जी के लिए 2011 का चुनाव जहां वामपंथी शासन को हटाने का चुनाव था, वहीं 2026 का चुनाव बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को आने से रोकने की लड़ाई है। तभी उन्होंने भाजपा से पहले ही ध्रुवीकरण की कोशिश शुरू कर दी है,वह अपने भाषणों में कहती हैं कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह जीवनशैली, खान-पान और मौलिक अधिकारों में भी हस्तक्षेप कर सकती है। फिर भी कागजों पर ए चुनाव जितना सहज लगता है वह ग्राउंड जीरो पर उतना ही मुश्किल है। क्यों कि इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प है। तृणमूल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, और एआईएमआईएम-जनता उन्नयन पार्टी गठबंधन के बीच त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन रही है। वह इस लड़ाई के बीच आने वाली चुनौतियों की ओर भी इशारा करती हैं।जाहिर है कि ममता बनर्जी के सामने सबसे बड़ी चुनौती एंटी-इनकम्बेंसी यानी सत्ता विरोधी लहर है।यही नहीं कघनून-व्यवस्था, बेरोजगारी और विकास से जुड़े सवाल हैं, जिनका जवाब उन्हें देना पड़ेगा। एक और चुनौती एफआईआर की भी दिख रही है। यह ममता बनर्जी के लिए नकारात्मक और सकारात्मक, दोनों तरह से असर डाल सकता है। ममता ने इसके खिलाफ सड़क से लेकर संसद और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी है, जिससे उनकी एक मजबूत नेता की छवि बनती है और उनके समर्थकों को एकजुट होने का संदेश भी जाता है, लेकिन इसके उलट बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटने की आशंका अपने आप में ममता के लिए एक बड़ी चुनौती है। यह आम चर्चा है कि वोटर लिस्ट में बदलाव साल 2026 के चुनावों का सबसे ज्यादा विवादित पहलू बन गया है। इसके पीछे एतिहासिक तथ्य ए है कि आजादी के बाद यह पहला मौका है जब पश्चिम बंगाल में कुल वोटरों की संख्या पिछले चुनावों के मुकाबले कम हुई है। राज्य में एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख 66 हजार वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। साल 2021 के विधानसभा चुनावों में, राज्य में सात करोड़ 30 लाख 40 हजार रजिस्टर्ड वोटर थे और कोविड के दौर में भी 82.3 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। यह भारत में वोटिंग के सबसे ऊंचे आंकड़ों में से एक है। ऐसे में इस साल भी लोग इतना ही बढ़-चढ़कर वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे, यह देखने वाली बात होगी। वहीं बीते सालों में भ्रष्टाचार के अलग-अलग आरोप भी ममता बनर्जी के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी तृणमूल कांग्रेस के विरोध में पीडीएस स्कैम,कैटल स्कैम, टीचर रिक्रूटमेंट स्कैम, मंत्रियों, नौकरशाहों की गिरफ्तारी आदि मुद्दों की गूंज सुनाई दी थी।ममता के दावे या यूं कहें कि बड़बोलापन भी उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है, क्योंकि ममता बनर्जी ने कहा था कि वह एसआईआर के कारण वोटर लिस्ट से किसी का नाम नहीं कटने देंगी, उन्होंने ए भी कहा था कि वक्फ कानून को वह राज्य में लागू नहीं होने देंगी लेकिन यह दोनों ही वादे वह पूरा नहीं कर पाईं, तो इन दोनों ही चीजों को लेकर भी एक तबके में नाराजगी महसूस की जा सकती है। दरअसल, पश्चिम बंगाल में वकघ्फ संशोधन विधेयक का बड़े पैमाने पर विरा. ेध हुआ था। खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी स्थिति में राज्य में इसे लागू नहीं करने की बात कही थी। इस कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद जिले में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक हिंसा भी हुई थी, लेकिन राज्य में एसआईआर के शोर के बीच ही ममता बनर्जी सरकार ने चुपके से इस कानून को लागू करने का फैसला कर लिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी यौन शोषण का कारण

**बहरहाल आखिरकार उस स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु व स्वयंभू शिवावतार के पाप का घड़ा फूट ही गया। एक महिला ने पिछले दिनों उसकी पुलिस में शिकायत की कि तीन साल से भी अधिक समय तक उसने अपने इसी कुचक्र में उसे उलझाए रखा। जबकि अनेक महिलाएं या तो डर के मारे या अपनी बदनामी के भय से खामोश रहीं। इसी महिला की शिकायत पर नासिक क्राइम ब्रांच ने पिछले दिनों उसके फार्म हाउस पर छापा मारा।**



निर्मल रानी

महिलाओं को देवियां कहकर संबोधित करने व देवियों की पूजा करने वाले हमारे देश में आए दिन महिलाओं के यौन शोषण की नई से नई व घिनौनी से घिनौनी खबरें सामने आती रहती हैं। वैसे तो राजनीति,निजी व सरकारी सेवा क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थान आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यौन शोषण की खबरें सुनाई देती हैं परन्तु बड़े ही दु:ख व शर्म की बात यह है कि महिलाओं का सबसे अधिक शोषण उनके अन्धविश्वास के चलते या उनकी धर्मान्धता के कारण होता है। देश के अनेक बड़े से बड़े स्वयंभू धर्मगुरु जो ईश्वरीय अवतार होने तक का दावा किया करते थे, महिलाओं के यौन शोषण यहां तक कि बलात्कार व हत्या जैसे मामलों में जेल की सजा काट चुके हैं और कई अब भी जेलों में हैं परन्तु आश्चर्य यह है कि उनके काले कारनामों से पर्दा हटने के बावजूद ऐसे दुराचारी स्वयंभू धर्मगुरुओं के अनुयायियों खासकर महिला अनुयायियों में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बल्कि उनके प्रति अंधआस्था रखने वाले लोग यह कहते सुने जाते हैं कि उनके गुरु जी को श्जबरन फंसायाश गया है। शायद यही वजह है कि हमारे देश में आए दिन इस तरह के नित नए मामले सामने आते रहते हैं। पिछले दिनों ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया। यहां कैप्टन अशोक खरात उर्फ अशोक कुमार उर्फ एकनाथ खरात नाम से प्रसिद्ध एक ज्योतिषी की हैरान कर देने वाली काली करतूत उजागर हुई। इस व्यक्ति का नासिक के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स नाम से एक कार्यालय था जो ज्योतिष के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था। उसके करीब ही सिन्नर में उसका एक विशाल फार्म हाउस था जिसमें उसने ईशान्एश्वर मंदिर बना रखा था। वह एक ट्रस्ट बनाकर इस व्यवस्था को स्वयं संचालित करता था। वह खुद ही ट्रस्ट का प्रमुख था। उसके पास और भी अनेक संपत्तियां थीं। खरात के नेताओं, अधिकारियों, सेलिब्रिटी और व्यापारियों से भी गहरे संबंध थे। इस 67 वर्षीय पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी जो कि स्वयं को कैप्टन बताता था उसने ज्योतिष और आध्यात्मिक शक्तियों के नाम पर अनेक महिलाओं को अपने जाल में फंसाया हुआ था। वह स्वयं को रसूखदार व शक्तिशाली ज्योतिषी व आध्यात्मिक गुरु बताता था। यहां तक कि भगवान शिव का अवतार होने का दावा भी किया करता था। यह व्यक्ति संपन्न ऊंचे रसूख वाली उच्च पदों पर आसीन महिलाओं व उच्च पदों पर विराजमान लोगों की पत्नियों को उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक, वैवाहिक या फिर भविष्य व कैरियर संबंधी समस्याओं का समाधान बताने के बहाने से अपने कार्यालय या अपने फार्म हाउस पर बुलाया करता था। इसके बाद वह उन महिलाओं की कुंडली देखता था। फिर किसी महिला को उसके श्पति की मौत का खतरा बताता तो किसी को कोई और परिवा. रिक संकट बता देता। किसी को उसका भविष्य खराब होने की भविष्यवाणी कर देता तो किसी को गंभीर बीमारी का भय बता देता और इसी की आड़ में वह पूजा-पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने की बातें किया करता था। यह स्वयंभू ज्योतिषी अपने कार्यालय या फार्म हाउस के एक प्राइवेट केबिन में शुद्धिकरण या रीतियों के नाम पर अपना शिकार बनाने वाली महिलाओं को किसी पेय के माध्यम से ऐसा नशीला पदार्थ पिलाता जिससे वे बेहोश हो जातीं या फिर सम्मोहित हो जातीं। उसके बाद वह अपने कार्यालय में ही उन महिलाओं का यौन शोषण किया करता था और वहां गुप्त रूप से लगे सी सी टी वी कैमरों से उनकी वीडियो रिकॉर्ड करता। बाद में इसी वीडियो के माध्यम से शिकार की गई महिलाओं को डराता धमकाता। वह यह धमकी भी देता कि यदि उन्होंने किसी से इस श्घटना श का जिक्र किया तो उनके पति की जान जा सकती है और उसका पूरा परिवार बर्बाद हो सकता है। वह उन महिलाओं को वीडियो वायरल करने की धमकी भी देता। और इसी के बहाने वह न केवल इन महिलाओं का बार-बार शारीरिक शोषण करता बल्कि उनसे पैसे भी ऐंठता रहता था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## लंका से लेकर मन तक, हर अंधकार पर विजय के प्रतीक



प्रो. आर.के. जैन

चैत्र पूर्णिमा की दिव्य चांदनी जैसे ही धरा पर बिखरती है, चारों ओर जय बजरंगबली का गगनभेदी जयघोष गूंज उठता है। मंदिरों की घंटियां, शंखनाद और भक्ति-स्वर यह अनुभूति कराते हैं कि पवनपुत्र का पावन जन्मोत्सव आ पहुंचा है। हनुमान जन्मोत्सव केवल पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और निस्वार्थ समर्पण के उस अमर आदर्श का उत्सव है, जिसने युगों से असंख्य लोगों को हर संकट से जूझने की प्रेरणा दी है। कलियुग के भय, अंधकार और अस्थिरता के बीच हनुमान जी का अवतरण यह विश्वास जगाता है कि सच्ची श्रद्धा, राम-नाम और अडिग साहस से कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। यही कारण है कि इस दिन भक्त उनके चरणों में शीश नवाकर अपने जीवन में शक्ति, निर्भयता और अटूट आस्था का वरदान मांगते हैं।

जब धर्म और शक्ति को नए प्रकाश की आवश्यकता थी, तब चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को माता अंजना और पिता केसरी के घर हनुमान जी का अवतरण हुआ। मान्यता है कि माता अंजना की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपने अंश से तेजस्वी पुत्र का वरदान दिया। उसी समय पवन देव ने अपना दिव्य तेज अंजना के गर्भ में स्थापित किया, इसलिए वे पवनपुत्र कहलाए। बाल्यकाल में उनकी अलौकिक शक्ति तब प्रकट हुई, जब उन्होंने सूर्य को लाल फल समझकर निगल लिया। तीनों लोकों में हाहाकार मच गया और इंद्र के वज्र प्रहार से उनका जबड़ा घायल हो गया। तभी से वे हनुमान कहलाए। यह कथा केवल चमत्कार नहीं, बल्कि इस सत्य का प्रमाण है कि तप, ईश्वर-कृपा और समर्पण साधारण जीवन को असाधारण बना देते हैं।

रामायण में हनुमान जी का व्यक्तित्व जितना विराट है, उतना ही प्रेरक भी। जब माता सीता की खोज असंभव लग रही थी, तब उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुंचने का अद्वितीय साहस दिखाया। अशोक वाटिका में प्रभु राम का संदेश देकर उन्होंने निराशा में आशा जगा दी। रावण की सभा में वे निर्भीक होकर धर्म के पक्ष में खड़े रहे और अत्याचार बढ़ने पर लंका को अग्नि में जला दिया। लक्ष्मण के मूर्छित होने पर वे हिमालय पहुंचे और संजीवनी न पहचान पाने पर पूरा पर्वत उठा लाए। उनके हर पराक्रम में बल के साथ बुद्धि, निष्ठा, साहस और रामभक्ति की अमिट छाप दिखाई देती है। वे सिद्ध करते हैं कि सच्चा भक्त असंभव को भी संभव बना देता है। जहां अपार शक्ति अक्सर अहंकार को जन्म देती है, वहीं हनुमान जी उसका सबसे उज्ज्वल अपवाद हैं। वे केवल बल के प्रतीक नहीं, बल्कि विनम्रता, संयम और सेवा के सर्वोच्च आदर्श भी हैं। लंका दहन जैसे महान पराक्रम के बाद भी उन्हें अपने सामर्थ्य का कभी अभिमान नहीं हुआ। उन्होंने स्वयं को सदैव राम का दास माना। आज का युग सफलता और शक्ति को ही सबसे बड़ा मानता है, पर हनुमान जी सिखाते हैं कि भक्ति, अनुशासन और विनम्रता के बिना हर सामर्थ्य अधूरा है। वे बताते हैं कि अहंकार पतन की ओर ले जाता है, जबकि सेवा और समर्पण मनुष्य को महान बनाते हैं। इसी कारण हनुमान जी केवल देवता नहीं, बल्कि जीवन की ऐसी प्रेरणा हैं, जो युवाओं को साहस, विद्यार्थियों को एकाग्रता और समाज को सच्चे चरित्र का मार्ग दिखाती है। जब जीवन संकट, भय, निराशा और असफलता से घिर जाता है, तब हनुमान जी की भक्ति भीतर नई शक्ति जगा देती है। हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड केवल पाठ नहीं, आत्मबल जगाने वाले दिव्य मंत्र हैं। संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा केवल चौपाई नहीं, करोड़ों भक्तों का अनुभव है। मान्यता है कि इनके पाठ से भय, ग्रह-पीड़ा और नकारात्मकता दूर होती है। हनुमान जी का स्मरण मन को स्थिर, विचारों को सकारात्मक और कठिन समय में आत्मविश्वास से भर देता है। इसी कारण कलियुग में उन्हें शीघ्र कृपा करने वाले और संकट हरने वाले देवता माना गया है। उनके नाम का स्मरण मात्र ही हृदय में साहस और अटूट विश्वास जगा देता है। हनुमान जन्मोत्सव का आगमन होते ही पूरा भारत भक्ति और उल्लास में डूब जाता है। मंदिरों में विशेष पूजा, हवन, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन की गूंज फैल जाती है। अयोध्या, वाराणसी, दिल्ली और मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जैसे तीर्थों में लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़ते हैं। भक्त व्रत रखते हैं, सिंदूर चढ़ाते हैं और लड्डू-बूरा का भोग अर्पित करते हैं। अनेक स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं निकलती हैं, जिनमें हनुमान जी की विशाल प्रतिमाएं, गदा और राम-नाम की पताकाएं वातावरण को दिव्य बना देती हैं। युवा जय राम और जय बजरंगबली के जयघोष के साथ उत्साह से शामिल होते हैं। यह पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक आस्था का विराट रूप बन जाता है। आज के अशांत और प्रतिस्पर्धी समय में हनुमान जी की शिक्षाएं पहले से अधिक आवश्यक हो गई हैं। भागदौड़, तनाव और असफलताओं के बीच मनुष्य स्वयं को कमजोर और अकेला महसूस करता है। ऐसे में हनुमान जी धैर्य, साहस और विश्वास का मार्ग दिखाते हैं। वे सिखाते हैं कि कठिनाइयों से डरना नहीं, उनका सामना करना ही सच्चा पराक्रम है। विद्यार्थी उनसे एकाग्रता और परिश्रम सीखते हैं, युवा आत्मविश्वास और नैतिक बल पाते हैं, जबकि समाज उनसे निष्ठा और कर्तव्य का पाठ लेता है। हनुमान जन्मोत्सव के सत्संग और प्रवचन यह समझाते हैं कि जीवन की सबसे बड़ी विजय दूसरों पर नहीं, बल्कि अपने भीतर के भय, क्रोध, लोभ और अहंकार पर होती है। जब मनुष्य अपने भीतर की शक्ति को पहचान लेता है, तभी जीवन का सच्चा अर्थ प्रकट होता है। हनुमान जन्मोत्सव यही संदेश देता है कि वास्तविक बल शरीर में नहीं, आत्मा में होता है। यह पर्व केवल हनुमान जी के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और धर्म के अमर आदर्श का स्मरण है। मंगल मूरति मारुति नंदन का जाप करते ही मन में राम-प्रेम, साहस और विश्वास जाग उठता है। इस पावन अवसर पर भय, नकारात्मकता और अहंकार को त्यागकर सेवा और समर्पण अपनाएं। संकटमोचन के चरणों में श्रद्धा अर्पित करें, क्योंकि जब तक जय राम की ध्वनि गूंजेगी, तब तक जय बजरंगबली का प्रकाश भी अमर रहेगा।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)



लेबनान। बेरूत में हवाई अड्डे के पास इजरायली हवाई हमले के बाद सड़क पर एक इमारत से धुआं उठता दिखाई दिया।

## बेरूत में आवासीय इमारत पर हुए हमले में पांच लोगों की मौत

बेरूत। बेरूत के जनाह इलाके में एक आवासीय इमारत पर हुए इजरायली हवाई हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और करीब 10 अन्य घायल हो गए है। घटनास्थल पर मौजूद एक बचावकर्मी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि कम से कम पांच लोगों के शव एम्बुलेंस से ले जाए जा चुके हैं। करीब दस घायलों को भी अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें से ज्यादातर को छर्रे लगने से चोटें आई हैं, अभी उनकी चोटों की गंभीरता का अंदाजा लगाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि जिस सड़क पर इजरायली सेना ने तीन बार हमला किया, वहां कम से कम आठ पूरी तरह से जली हुई कारें और टूटी हुई खिड़कियां मिलीं। बेरूत के जनाह जिले में आज हुए सिलसिलेवार हुए तीन हमलों से हड़कंप मच गया।

# ईरान-इजरायल जंग में शामिल हो सकता है यूएई

### होर्मुज को जबरन खोलने में अमेरिका की मदद करेगा, यूएन में सिक्योरिटी फोर्स के लिए प्रस्ताव

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) यूएस-ईरान जंग में सीधे तौर पर शामिल होने की तैयारी कर रहा है। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक प्रस्ताव लाने की कोशिश कर रहा है।

इस प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को जबरन खोलने के लिए सभी तरीकों का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी जा रही है। इसके तहत हार्मुज सिक्योरिटी फोर्स बनाई जाएगी, जो जहाजों की सुरक्षा तय करेगी। होर्मुज एक महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। ईरान ने इसे बंद कर रखा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। यूएई पहला खाड़ी देश बन सकता है जो इस जंग में सीधे हिस्सा लेगा। हाल में ईरान ने यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमले तेज किए हैं। अब तक करीब 2500 हमले हुए हैं, जिनमें एयरपोर्ट, रिहायशी इमारत और आयल फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा है। यूएई अमेरिका, यूरोप और एशिया से



■ होर्मुज एक महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है

अपील कर रहा है कि वे गठबंधन बनाकर स्ट्रेट को सुरक्षित करें। ईरान अपनी जान बचाने के लिए लड़ रहा है, इसलिए वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने को तैयार है। यूएई का मानना है कि अगर यूएनैब से प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाए तो वर्तमान में झिझक रहे एशियाई और यूरोपीय देश भी हार्मुज को खुलवाने में मदद करने के लिए आगे आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस और चीन इस प्रस्ताव को वीटो (रोक) कर सकते हैं। रिपोर्ट में खाड़ी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भले ही प्रस्ताव पास न हो, यूएई फिर भी सैन्य प्रयासों में समर्थन देने के लिए तैयार है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से यूएई की तेल आपूर्ति, शिपिंग और खाद्य आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह इसे अपनी अर्थव्यवस्था की लाइफलाइन मानता है। यूएई माइंस हटाने, लाजिस्टिक सपोर्ट देने और अमेरिकी नेतृत्व वाले ऑपरेशन में सक्रिय भूमिका निभाने पर विचार कर रहा है। उसके पास जेबेल अली पोर्ट, एयरबेस और आधुनिक फाइटर जेट जैसे संसाधन मौजूद हैं। यूएई ने अमेरिका से यह सुझाव भी दिया है कि वह हार्मुज में स्थित द्वीपों, खासकर अबू मूसा द्वीप पर कब्जा कर ले। ईरान पिछले लगभग पांच दशकों से इस द्वीप पर कब्जा किए हुए है, लेकिन यूएई इसे अपना बताता है। फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पास 3 द्वीप हैं जिन्हें लेकर विवाद है। ये तीनों द्वीप रणनीतिक रूप से बेहद अहम माने जाते हैं। इन्हें लेकर ईरान और यूएई के बीच विवाद है।

## ईरानी नागरिकों के यूएई में प्रवेश पर प्रतिबंध

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अब केवल उन्हीं ईरानी नागरिकों के प्रवेश करने की अनुमति है जिनके पास यूएई गोल्डन वीजा है। एमिरेट्स एयरलाइंस ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि ईरानी नागरिकों के प्रवेश और पारगमन पर प्रतिबंध है। एमिरेट्स और एतिहाद के साथ-साथ कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाई दुबई ने भी अपनी वेबसाइटों पर यह घोषणाएं की हैं। फ्लाईदुबई ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध गोल्डन वीजा वाले ईरानी नागरिकों पर लागू नहीं होता है। अपने पासपोर्ट और वीजा अनुभाग में, एयरलाइन ने उल्लेख किया कि नागरिकता पर प्रतिबंध। ईरानी नागरिकों को प्रवेश या पारगमन की अनुमति नहीं है। अपवाद स्वरूप वहीं ईरानी नागरिक प्रवेश और पारगमन कर सकते हैं, जिनके पास गोल्डन वीजा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लास वेगास में एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका में लास वेगास के उत्तर में एक एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। अमरीकी वायु सेना की एक प्रवक्ता ने रिया नवोस्ती को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि मंगलवार को नेलिस एएफबी का एक एफ-35 विमान लास वेगास के उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना नेवादा के इंडियन स्प्रिंग्स से लगभग 25 मील उत्तर-पूर्व में, नेवादा टेस्ट एंड ट्रेनिग रेंज के नियंत्रित हवाई क्षेत्र और प्रतिबंधित संघीय संपत्ति के भीतर हुई।

### रूसी वायु रक्षा ने मार्च में 11211 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने मार्च में अपने क्षेत्र के ऊपर कम से कम 11211 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों पर आधारित गणनाओं के अनुसार दी गई है। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा ड्रोन दो और नौ मार्च को मार गिराए गए जिनमें क्रमशः 679 और 754 यूनिट है। हमलों का सबसे बड़ा हिस्सा रूस के यूरोपीय हिस्से को निशाना बना रहा था। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने फरवरी में कम से कम 5989 यूक्रेनी ड्रोन को रोका था।

### रूस में विमान दुर्घटना में चालक दल समेत 29 की मौत

**मॉस्को।** रूस के एएन-26 विमान दुर्घटना में चालक दल के छह सदस्यों और 23 यात्रियों की मौत हो गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया था कि सैन्य परिवहन विमान एएन-26 क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था, जब उससे संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि खोज और बचाव दल ने एएन-26 के दुर्घटनाग्रस्त होने के स्थान का पता लगा लिया है। घटनास्थल से मिली रिपोर्टों के अनुसार, चालक दल के छह सदस्यों और सवार 23 यात्रियों की मृत्यु हो गई है।

# अराघची ने किया यूएस से बातचीत से इन्कार

### ईरानी विदेश मंत्री ने कहा: तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसे का स्तर शून्य है। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में अराघची ने साफ किया कि तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है। अराघची ने बताया कि पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्षों पहले एक समझौता हुआ था, लेकिन अमेरिका बिना किसी ठोस वजह के उससे पीछे हट गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले साल और इस साल भी अमेरिका के साथ बातचीत हुई, लेकिन उसका नतीजा केवल अमेरिकी हमले के रूप में सामने आया। मौजूदा तनाव के बीच विदेश मंत्री ने सैन्य तैयारियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना किसी भी संभावित अमेरिकी जमीनी हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जमीनी हमला करना उसकी एक बड़ी गलती होगी। अराघची ने कहा कि हम उनका इंतजार कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि वे ऐसी हिम्मत करेंगे। वहां उनका सामना करने के लिए बहुत बड़ी ताकत तैयार बैठी है। ईरानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि अमेरिकी सेना को पहले ही काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के रडार, विमान और ईंधन ले जाने वाले टैंकरों को नुकसान पहुंचा है। अराघची के अनुसार, ईरान अपनी रक्षा करना अच्छी तरह जानता है। जमीनी जंग में वह और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान ने युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन उसने पूरी ताकत से अपना बचाव किया है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलमार्ग के बारे में उन्होंने स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि यह रास्ता फिलहाल केवल उन लोगों के लिए बंद है जो ईरान के साथ युद्ध कर रहे हैं। अराघची ने तर्क दिया कि यह जलमार्ग ईरान और ओमान की समुद्री सीमा में आता है। इसलिए इसका प्रबंधन करना इन दोनों देशों के लिए सामान्य बात है। उन्होंने कहा युद्ध के समय यह सामान्य है कि दुश्मन को व्यापार के लिए अपने समुद्री रास्तों का इस्तेमाल न करने दिया जाए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित रास्ता मिल रहा है। कुछ अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने सुरक्षा और ऊंचे बीमा की वजह से इस रास्ते से दूरी बनाई है, लेकिन तेहरान अपने दोस्तों का ख्याल रख रहा है। अराघची ने दोहराया कि युद्ध के बाद इस जलमार्ग की स्थिति क्या होगी, इसका फैसला ईरान और ओमान ही करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में यह फिर से शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए एक सुरक्षित रास्ता बन सकता है। फिलहाल, ईरान को अमेरिका पर भरोसा करने या भविष्य की बातचीत से किसी अच्छे नतीजे की कोई उम्मीद नहीं है।



■ अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है

■ पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं

## हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार जमशेद इशाकी की मौत

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मेजर जनरल जमशिद इशाकी अमेरिका-इजरायल हमले में मारे गए है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर अहमद वाहिदी ने मंगलवार को आईआरईबी ब्रॉडकास्टर द्वारा प्रकाशित एक बयान में कहा कि जमशेद इशाकी एक आपराधिक अमेरिकी-इजरायली हमले के परिणामस्वरूप अपने परिवार के कई सदस्यों के साथ मारे गए। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए थे। अमेरिका और इजरायल ने शुरू में दावा किया था कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए उनका हमला आवश्यक था लेकिन जल्द ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं।

## अर्जेंटीना ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय सरकार ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। बयान में यह याद दिलाया गया कि देश ने 1990 के दशक में दो आतंकवादी हमलों का सामना किया था। पहला हमला इजरायली दूतावास पर और दूसरा ब्यूनस आयर्स में एक यहूदी सांस्कृतिक केंद्र पर हुआ था। इन हमलों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे और सैकड़ों अन्य घायल हुए थे।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान ने फिर शुरू की बातचीत

■ दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की कोशिशों में जुटा चीन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने एक बार फिर वार्ता शुरू की है। चीन दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर रहा है और संघर्षविराम कराने की कोशिश में जुटा है। एक महीने से जारी संघर्ष को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चीन की मध्यस्थता की जानकारी रखने वाले एक तीसरे व्यक्ति ने बताया कि इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य मौजूदा संघर्ष को खत्म करना है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों देशों के प्रतिनिधि उत्तरी चीन के उरुमकी शहर में बैठक कर रहे हैं।

अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि उन्हें मीडिया से बातचीत की अनुमति नहीं दी। हालांकि, चीन की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस घटनाक्रम की नतो पुष्टि की है और न ही इससे इन्कार किया है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में हमलों की संख्या में भारी इजाफा हुआ। इसके कारण दोनों देशों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान आतंकियों को पनाह देता है, खासकर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को। यह संगठन अफगान तालिबान से जुड़ा माना जाता है, जिसने 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता संभाली थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान इन आरोपों से इन्कार करता है। कई महीनों से दोनों देशों के बीच जारी गहमागहमी के बाद फरवरी से दोनों देशों के बीच लड़ाई तेज हुई है, जो दशकों में सबसे गंभीर मानी जा रही है। इस दौरान दोनों देशों की ओर से कई बार सीमा पार हमले और हवाई हमले हुए हैं। अफगानिस्तान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने काबुल में हवाई हमले किए, जिसमें सैकड़ों आम लोग मारे गए। हालांकि, पाकिस्तान ने इस दावे को खारिज किया। दूसरी ओर, पिछले महीने पाकिस्तान ने इसे 'खुला युद्ध' जैसा बताया। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है, क्योंकि इस क्षेत्र में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे आतंकी संगठन सक्रिय हैं। हाल ही में सऊदी अरब, तुर्की और कतर की मध्यस्थता से ईद-उल-फितर से पहले एक अस्थायी युद्ध विराम हुआ था। लेकिन वह टूट गया। फिर से लड़ाई शुरू हुई।

## यूरोप के दस देशों ने लेबनान में संघर्ष रोकने का आह्वान किया

**लंदन।** दस देशों के विदेश मंत्रियों के साथ-साथ यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने लेबनान में युद्धविराम का आह्वान किया और देश की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति समर्थन व्यक्त किया। एक संयुक्त बयान में यह आह्वान किया गया, जिस पर बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, फ्रांस, ग्रीस, इटली, माल्टा, नीदरलैंड, पुर्तगाल और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी इस बयान में कहा गया कि हम सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और शत्रुता की समाप्ति के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 (2006) पर लौटने का आह्वान करते हैं। हम इजरायल से लेबनानी क्षेत्र पर जमीनी अभियान सहित संघर्ष के और अधिक विस्तार से बचने का आह्वान करते हैं। हम दृढ़ता से पुष्टि करते हैं कि लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। इन दस देशों ने संघर्ष के कारण 10 लाख से अधिक लोगों के जबरन विस्थापन पर भी चिंता व्यक्त की और नागरिकों, मानवीय कर्मियों, शांति सैनिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा का आह्वान किया। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव दो मार्च को शुरू हुआ, जब क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हिजबुल्लाह ने इजरायली क्षेत्र पर रॉकेट हमले फिर से शुरू कर दिए थे।

## अमेरिका के ह्यूस्टन में धूमधान से मनाया गया बिहार दिवस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन स्थित इंडिया हाउस में बिहार दिवस 2026 का आयोजन किया गया। भारतीय वाणिज्य दूतावास की महत्वपूर्ण भागीदारी में बिहार के लोगों ने स्थापना दिवस में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और इसे धूमधाम से मनाया। बिहार फाउंडेशन (टेक्सास चैप्टर), बीएएनए, बीएएएनए और एएमबीयूजे की ओर से आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी जुड़ाव, बिहार की पहचान को बढ़ावा देना और नए अवसरों को प्रोत्साहित करना था।

# बगदाद में बीच सड़क से अमेरिकी पत्रकार का अपहरण

### जबरन गाड़ी में खींचकर ले गए अज्ञात हमलावर, अमेरिकी दूतावास ने इराक न जाने की दी थी सलाह

**बगदाद।** अमेरिका की फ्रीलांस पत्रकार शैली किटल्सन का इराक की राजधानी बगदाद में अपहरण कर लिया गया। अज्ञात हमलावरों ने शैली को अल-सादून स्ट्रीट पर स्थित बगदाद होटल के पास से अगवा किया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें अपराधी, पत्रकार को जबरन गाड़ी में खींचकर ले जाते नजर आ रहे हैं। इराक के गृह मंत्रालय ने भी घटना की पुष्टि की है, हालांकि उसने पत्रकार की पहचान सार्वजनिक नहीं की। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया, जिसके बाद सुरक्षा बलों को तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा गया। कुछ समय से वह न्यूज वेबसाइट अल-मानिटर के लिए रिपोर्टिंग कर रही थी। इसी वेबसाइट के मुताबिक अमेरिकी सरकार ने पत्रकार को सुरक्षा वजहों से इराक की यात्रा न करने की सलाह भी दी थी। शैली किटल्सन युद्ध क्षेत्रों में रिपोर्टिंग के लिए जानी जाती हैं और उन्हें 2017 में प्रेमियो कारावेला अवार्ड मिल चुका है। वह मुख्य रूप से मिडिल ईस्ट, खासकर इराक और सीरिया से जुड़ी रिपोर्टिंग करती रही हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर अपहरणकर्ताओं का पीछा किया। इस दौरान अपहरण में इस्तेमाल हो रही एक गाड़ी पलट गई, जिससे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और कुछ वाहन भी जब्त किए गए। हालांकि पत्रकार को ले जा रही दूसरी गाड़ी मौके से फरार हो गई और वह बगदाद के दक्षिण की ओर निकल गई। दो इराकी सुरक्षा अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि अपहरण की शिकार पत्रकार एक अमेरिकी महिला हैं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हथियारबंद लोग उनकी गाड़ी रोककर उन्हें जबरन बाहर निकालते दिख रहे हैं। सउदी अरब के चौनल अल-अरबिया ने इस कथित अपहरण का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फलहाल यह साफ नहीं है कि यह घटना मिडिल ईस्ट में चल रही जंग से जुड़ी है या नहीं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों द्वारा पहले भी विदेशी नागरिकों और अमेरिकी हितों को निशाना बनाया जाता रहा है।



# पश्चिम एशिया की स्थिति पर सरकार की नजर

■ ईंधन सहित बीज और उर्वरक की देश में पर्याप्त मात्रा

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया क्षेत्र की बदलती स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है और देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं तथा लोगों को घबराहट में खरीदारी से बचना चाहिए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग तथा विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर ईंधन की उपलब्धता, समुद्री संचालन, क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को प्रदान की जा रही सहायता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे उपायों पर जानकारी साझा की। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस संदर्भ में मीडिया को जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ 2026 के लिए देश में पर्याप्त बीज उपलब्ध हैं और किसी भी चरण में कृषि इनपुट और रसायनों की कोई कमी नहीं। उन्होंने कहा कि इन चीजों की उपलब्धता को और बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि जिंसों की कीमतें स्थिर हैं और उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है सरकार ने वैश्विक विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम किया है।







